

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित
जन जन की आवाज़



लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 157 | रविवार, 19 जुलाई 2026 | आषाढ़ माह, शुक्ल पक्ष, पंचम, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 14 | मूल्य : 05 रूपया


## भारत के अंतरिक्ष अभियान को नई उड़ान, निजी रॉकेट 'विक्रम-1' ने रचा इतिहास

» स्काईरूट एयरोस्पेस का पूरी तरह स्वदेशी रॉकेट 'विक्रम-1' सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचा
» प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम से बात कर दी बधाई, कहा- यह 'मिशन आगमन' है

### श्रीहरिकोटा से सफल प्रक्षेपण के बाद पीएम मोदी बोले- युवाओं पर भरोसा किया, उन्होंने करके दिखाया



नई दिल्ली

भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में शुक्रवार को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर दुनिया के सामने अपनी तकनीकी क्षमता का प्रदर्शन किया। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से निजी क्षेत्र की कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस द्वारा विकसित रॉकेट ह्यविक्रम-1ह्ल का सफल प्रक्षेपण किया गया। इस सफलता के साथ ही भारत के निजी अंतरिक्ष उद्योग ने एक नए दौर में प्रवेश कर लिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर स्काईरूट एयरोस्पेस की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने टीम से फोन पर बातचीत करते हुए कहा कि यह केवल एक प्रक्षेपण नहीं, बल्कि देश के युवाओं की क्षमता पर विश्वास का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का फैसला किया था, तब कई आशंकाएं जताई गई थीं, लेकिन युवाओं ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से इस फैसले को सही साबित कर दिया।

श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से दोपहर 12 बजकर 5 मिनट पर 'विक्रम-1' ने उड़ान भरी। करीब 23 मीटर ऊंचे इस प्रक्षेपण यान ने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उड़ान पूरी की और अपने पेलोड को लगभग 450 किलोमीटर की निम्न पृथ्वी कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया। यह मिशन भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह देश का पहला ऐसा निजी तौर पर विकसित कक्षीय प्रक्षेपण यान है, जिसे पूरी तरह भारतीय इंजीनियरों और वैज्ञानिकों ने तैयार किया है। इससे पहले अंतरिक्ष क्षेत्र में मुख्य भूमिका भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की रही है, लेकिन अब निजी कंपनियां भी इस क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। स्काईरूट एयरोस्पेस की यह सफलता भारत में निजी अंतरिक्ष उद्योग के विस्तार, रोजगार के नए अवसरों और अंतरिक्ष तकनीक के विकास के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मिशन को 'मिशन आगमन' बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल शुरूआत है और भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में अभी बहुत आगे जाना है।

'विक्रम-1' मिशन का उद्देश्य भारत की निजी अंतरिक्ष क्षमता को प्रदर्शित करना था। इस प्रक्षेपण के माध्यम से यह साबित हुआ कि भारत की निजी कंपनियां भी अत्याधुनिक रॉकेट तकनीक विकसित करने और अंतरिक्ष अभियानों को सफलतापूर्वक पूरा करने में सक्षम हैं। इस मिशन के सफल होने से छोटे उपग्रहों के प्रक्षेपण के क्षेत्र में भारत की भूमिका और मजबूत होगी। आने वाले समय में दुनिया भर की कंपनियां भारत से अपने छोटे उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने के लिए संपर्क कर सकती हैं। स्काईरूट एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पवन कुमार चंदाना ने कहा कि 'विक्रम-1' पूरी तरह भारत में डिजाइन और तैयार किया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश और समर्थन को टीम के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता केवल स्काईरूट या भारत के लिए नहीं, बल्कि पूरे वैश्विक अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। भारतीय इंजीनियरों ने जिस तकनीक और मेहनत से इस रॉकेट को तैयार किया है, वह देश की बढ़ती वैज्ञानिक क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा भेजे गए वंदे मातरम लिखे पोस्टकार्ड का भी उल्लेख किया। यह पोस्टकार्ड रॉकेट के साथ अंतरिक्ष तक पहुंचा। उन्होंने कहा कि यह भारत की भावना और गौरव का प्रतीक है। 'विक्रम-1' एक अत्याधुनिक प्रक्षेपण यान है, जिसे छोटे उपग्रहों को अंतरिक्ष में पहुंचाने के लिए तैयार किया गया है। यह तीन चरणों वाला ठोस ईंधन आधारित रॉकेट है। इसमें उन्नत कार्बन मिश्रित ढांचे का इस्तेमाल किया गया है, जिससे इसका वजन कम और मजबूती अधिक होती है। रॉकेट में कक्षा को नियंत्रित करने के लिए विशेष तकनीक भी लगाई गई है, जिससे उपग्रहों को निर्धारित स्थान पर पहुंचाने में मदद मिलती है। विक्रम-1 को निम्न पृथ्वी कक्षा में लगभग 350 किलोग्राम तक वजन पहुंचाने की क्षमता के अनुसार तैयार किया गया है।

### युवाओं ने भरोसा कायम रखा : पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्काईरूट एयरोस्पेस की टीम से बातचीत करते हुए कहा कि वह इस सफलता से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि जब वह कार्यक्रम देख रहे थे तो उन्हें टीम में बड़ी संख्या में युवा दिखाई दे रहे थे, जिसने उन्हें और अधिक उत्साहित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि शुरूआत में टीम के चेहरों पर चिंता दिखाई दे रही थी, लेकिन सफलता के बाद वही चेहरे खुशी और आत्मविश्वास से भरे नजर आए। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं पर भरोसा करना चाहिए और उन्हें अवसर देना चाहिए, क्योंकि वे अपनी मेहनत से बड़े से बड़े लक्ष्य हासिल करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का फैसला आसान नहीं था। कई लोगों को आशंका थी कि निजी क्षेत्र इतनी बड़ी जिम्मेदारी संभाल पाएगा या नहीं, लेकिन स्काईरूट जैसी कंपनियों ने साबित कर दिया कि भारत के युवा नई तकनीक और बड़े सपनों को पूरा करने में सक्षम हैं।

## जंतर-मंतर से उठाए गए सोनम वांगचुक

### पत्नी बोलीं- नहीं रुकेगा आंदोलन, मैं संभालूंगी मार्च की कमान

#### जंतर-मंतर से अस्पताल ले जाए गए सोनम वांगचुक

सोनम वांगचुक पिछले कई दिनों से जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल कर रहे थे। शनिवार सुबह पुलिस ने उन्हें वहां से हटाकर सफदरजंग अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान जंतर-मंतर पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। वांगचुक की भूख हड़ताल नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों और परीक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर चल रही है। आंदोलन के दौरान लगातार उनकी स्वास्थ्य जांच की जा रही थी। उनके समर्थकों का कहना है कि वांगचुक शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे और उन्हें इस तरह हटाया जाना उचित नहीं है।



नई दिल्ली

नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की तबीयत बिगड़ने के बाद शनिवार तड़के उन्हें जंतर-मंतर से हटाकर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। वांगचुक पिछले 21 दिनों से भूख हड़ताल पर थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

इस कार्रवाई के बाद उनकी पत्नी गीतांजलि जे अंगमो ने कहा कि उन्हें और परिवार को बिना जानकारी दिए सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि आंदोलन अपनी जगह जारी रहेगा और यदि सोनम वांगचुक मार्च में शामिल नहीं हो पाए तो वह खुद इसकी अगुवाई करेंगी। सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो ने अस्पताल पहुंचकर कहा कि उनकी जानकारी और सहमति के बिना कोई भी इलाज नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि सोनम को कोई दवा या तरल पदार्थ देने से पहले परिवार और उन डॉक्टरों से सलाह ली जानी चाहिए, जो पिछले 20 दिनों से उनकी सेहत पर नजर रख रहे हैं। गीतांजलि ने कहा कि वह अस्पताल में मौजूद हैं और चाहती हैं कि सोनम की चिकित्सा प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ हो। गीतांजलि ने मीडिया से बातचीत में बताया कि डॉक्टरों के अनुसार सोनम वांगचुक के शरीर में पोटैशियम का स्तर काफी कम हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले पोटैशियम का स्तर 4.3 था, जो अब घटकर 2.9 रह गया है। डॉक्टरों ने इसे गंभीर स्थिति बताते हुए स्वास्थ्य पर खतरे की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि कम पोटैशियम स्तर से शरीर के महत्वपूर्ण अंगों पर असर पड़ सकता है और ऐसे में चिकित्सकीय निगरानी जरूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### आंध्र प्रदेश में कोरोना के 12 मामले आए सामने

अमरावती। आंध्र प्रदेश में 26 जून से 16 जुलाई तक 12 कोविड-19 संक्रमण के मामले सामने आए हैं। इन मामलों की पुष्टि स्वास्थ्य अधिकारियों ने की है। राज्य सरकार ने मरीजों में फैल रहे वायरस के खास वैरिएंट की पहचान करने के लिए पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी को पांच सैंपल भेजे हैं। अधिकारियों ने बताया कि ये मामले कडापा, गुंटूर, विशाखापट्टनम और काकीनाडा सहित अलग-अलग जिलों में फैले हुए हैं। किसी खास इलाके में इनके एक साथ फैलने का कोई सबूत नहीं मिला है। केजीएच अस्पताल की सुपरिटेंडेंट डॉ. वाणी ने बताया कि विशाखापट्टनम में कोविड-19 का एक पॉजिटिव मामला दर्ज किया गया है। मरीज ने कुछ दिन पहले इलाज के लिए एक जनरल फिजिशियन से सलाह ली थी।

### अपने नाम से डॉक्टर शब्द हटा दो: शीर्ष न्यायालय

नई दिल्ली। शीर्ष न्यायालय ने शुक्रवार को गाजियाबाद के दो निजी अस्पतालों और उनके डॉक्टरों पर एक 4 वर्षीय बलात्कार पीड़िता को समय पर इलाज न देने के मामले में कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि अस्पतालों ने बच्ची की गरीबी को कारण उसकी जान बचाने की कोशिश नहीं की। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान गुस्से में कहा कि आपने उसकी गरीबी के कारण उसकी उपेक्षा की। यह घटना 16 मार्च को गाजियाबाद की है। एक पड़ोसी चॉकलेट दिलाने के बहाने 4 साल की बच्ची को घर से बहला-फुसलाकर ले गया था। बच्ची जब देर तक घर नहीं लौटी तो परिवार ने तलाश शुरू की। बाद में वह पास में ही बेहोश और खून से लथपथ परिजन उसे दो निजी अस्पतालों में ले गए, लेकिन दोनों ने कथित तौर पर भर्ती करने से इनकार कर दिया। इसके बाद परिवार बच्ची को गाजियाबाद के जिला अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली।

### एप्पल फिर बनी दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी

वॉशिंगटन। एप्पल ने एक बार फिर दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी का स्थान हासिल कर लिया है। कंपनी ने एआई चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनी एनवीडिया को पीछे छोड़ दिया है। निवेशकों का मानना है कि एप्पल की दीर्घकालिक एआई रणनीति भविष्य में एनवीडिया की तेज वृद्धि की तुलना में अधिक स्थिर और टिकाऊ लाभ दे सकती है। एप्पल के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार कंपनी का बाजार पूंजीकरण 4.88 ट्रिलियन डॉलर तक हो गया है।

### अदन की खाड़ी में टैंकर पर हमलावरों का कब्जा

सना। अदन की खाड़ी में शुक्रवार को रासायनिक टैंकर जहाज असाना पर हथियारबंद हमलावरों द्वारा कब्जा किए जाने की आशंका जताई गई है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने समुद्री सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि हमलावरों ने जहाज पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है। इस घटना के बाद ब्रिटेन की नौसैनिक एजेंसी यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने चेतावनी जारी की। जहाज किस देश के झंडे (फ्लैग) के तहत पंजीकृत था, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

### वेंस की यात्रा से जुड़ी मांगों से सीक्रेट सर्विस नाराज

वॉशिंगटन। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनके परिवार की सुरक्षा में तैनात अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के एजेंट अंतिम समय में किए जाने वाले बार - बार के यात्रा अनुरोधों से परेशान हो गए हैं। एमएस नाउ की रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान और पूर्व अधिकारियों ने इन अनुरोधों को कई बार 'अनुचित' और अंतिम समय में किए जाने वाला बताया है। शिकायतों के केंद्र में हाल ही में किया गया एक ऐसा अनुरोध था, जिसमें वेंस और उनके बेटे को मरीन टू हेलीकॉप्टर से जॉइंट बेस एंड्रयूज ले जाकर गोल्फ सिखाने की योजना बनाई गई थी।

### सिलीगुड़ी कोरीडोर की सुरक्षा पर सरकार का फोकस

## गृह मंत्री शाह बीएसएफ की चौकी का करेंगे दौरा

नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार से तीन दिन के लिए पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहेंगे। इस दौरे के तहत भारत-बांग्लादेश सीमा के पास सिलीगुड़ी में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 18वीं बटालियन बॉर्डर आउटपोस्ट (बीओपी) का दौरा करेंगे।

सुबह 11 बजे शुरू होने वाली इस यात्रा के दौरान, गृह मंत्री शाह बीएसएफ कर्मियों के साथ बातचीत करेंगे। एक 'प्रहरी सम्मेलन' को संबोधित करेंगे, वृक्षारोपण अभियान में भाग लेंगे और कई बीएसएफ अवसंरचना और विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखेंगे। इसके बाद शाम 4:15 बजे, गृह मंत्री शाह राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा करेंगे। इसके बाद वे शाम 5:45 बजे पश्चिम बंगाल में जन्म और मृत्यु पंजीकरण से संबंधित मुद्दों की समीक्षा के लिए एक और बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सिलीगुड़ी में अपने कार्यक्रम समाप्त करने के बाद गृह मंत्री शाम को कोलकाता के लिए रवाना होंगे। रविवार को गृह मंत्री शाह पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। वे दक्षिण बंगाल के सभी सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) और जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम) के साथ सुरक्षा और प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक भी करेंगे। कोलकाता दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री राष्ट्रीय पुस्तकालय में नवनिर्मित विश्व संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे।



#### एक उच्च स्तरीय बैठक में होंगे शामिल

जुमागाछ में कार्यक्रम के बाद, केंद्रीय गृह मंत्री दोपहर 1:30 बजे सिलीगुड़ी के उत्तरकन्या सभागार में पश्चिम बंगाल में सीमा प्रबंधन और सुरक्षा संबंधी मुद्दों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में उत्तर बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों, जिनमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर (जिसे लोकप्रिय रूप से 'चिकन नेक' के नाम से जाना जाता है) भी शामिल है। इसमें सुरक्षा को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है।

## मुख्यमंत्री ने अमरोहा को दी 207 करोड़ रुपये की 43 विकास परियोजनाओं की सौगात

» मधुमक्खी पालन के लिए 10-10 लाख रुपये के ऋण प्रमाण पत्र दिए

जागरण मोर्चा कार्यालय

गजरौला/अमरोहा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, गजरौला, अमरोहा में जनपद की धनौरा एवं अमरोहा विधानसभा क्षेत्रों के लिए 207 करोड़ रुपये की लागत से 43 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास एवं जनकल्याण योजनाओं के स्टॉलों का अवलोकन किया तथा बच्चों को अन्नप्राशन कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह एवं मंडलायुक्त मुरादाबाद आन्जेय कुमार सिंह एवं जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने मुख्यमंत्री जी को अमरोहा के एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत चयनित ढोलक भेंट कर सम्मानित किया।





मंच पर मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भाजपाई

जनसभा को संबोधित करने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई विकास प्रदर्शनी का बारीकी से अवलोकन किया।कृषि, शिक्षा, एनआरएलएम, वन, उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग और पशुपालन विभाग के स्टॉलों पर जाकर एफपीओ, प्राकृतिक जैविक उत्पादों व ओडीओपी के तहत सजे अमरोहा के ढोलक की सराहना की।इस दौरान मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और वात्सल्य का एक अनूठा रूप बाल एवं पुष्टाहार विभाग के स्टॉल पर देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने यहाँ एक गर्भवती महिला को पोषण की टोकरी भेंट कर उसकी गोद भराई की रस्म पूरी की और मातृशक्ति के प्रति अपना गहरा सम्मान प्रकट किया।इसके साथ ही, उन्होंने अपनी गोद में कान्हा के स्वरूप में सजे एक छोटे बच्चे को बेहद स्नेह से दुलारते हुए उसे अपने हाथों से खीर खिलाकर उसका अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र, स्वीकृति पत्र एवं ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के 10 लाभार्थियों को मंच पर सम्मानित किया। कांकाठेर की संगीता को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास की चाबी, जब्दा की कंचन को सीएम युवा उद्यमी योजना में ट्रैक्टर-ट्रॉली के लिए ऋण, तथा जाजरू की बेबी को 144 स्वयं सहायता समूहों के लिए 2.16 करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया गया। बस्तापुर के रिकू चिकारा को दुग्ध उत्पादन और चौकनी के दीपक कुमार को मधुमक्खी पालन के लिए 10-10 लाख रुपये के ऋण प्रमाण पत्र दिए गए। माकनपुर शुमाली के सत्यम गोला को प्रिंटिंग मशीन के लिए 10 लाख, नरैना कला के सचिन चौधरी को रेस्टोरेंट के लिए 5 लाख रुपये का ऋण, करनपुर माफी के राजपाल सिंह को मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना में 11.80 लाख रुपये का अनुदान, गढ़ी की जीविका अग्रवाल को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत लैपटॉप तथा प्रगतिशील किसान उत्पादक संगठन के डायरेक्टर प्रेम सिंह आर्य को किसान ड्रोन के लिए 4.75 लाख रुपये का अनुदान प्रमाण पत्र सौंपा गया।

### लोहे के कारखाने में भीषण विस्फोट, पांच मजदूर घायल

बर्दवान। पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्दवान जिले के जामुड़िया स्थित एक स्पंज आयरन फैक्ट्री में में हुए भीषण विस्फोट के बाद आग लग गई। हादसे में कम से कम पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाका फैक्ट्री की भट्टी में हुआ। धमाका इतना तेज था कि एक किलोमीटर दूर तक उसकी आवाज सुनी गई। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा शुक्रवार देर रात हुआ। विस्फोट के बाद फैक्ट्री में आग लग गई, जिसके बाद पुलिस और दमकल विभाग ने बड़े पैमाने पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। जामुड़िया थाना के प्रभारी ने बताया, 'अब तक पांच मजदूरों को सुरक्षित निकालकर विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## ईडी जांच में खुला राज, विदेशी फंडिंग से चल रहा था घुसपैठ नेटवर्क!

लखनऊ

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में देश में अवैध घुसपैठ कराने वाले एक बड़े नेटवर्क को लेकर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। जांच एजेंसी को पता चला है कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों को भारत में प्रवेश कराने, उनके फर्जी पहचान पत्र तैयार करने और उन्हें बसाने वाले कथित सिंडिकेट को विदेशी फंडिंग के माध्यम से आर्थिक मदद मिल रही थी।

जांच में सामने आया है कि इस नेटवर्क से जुड़े कुछ संस्थानों और संदिग्ध संगठनों ने विदेशों से आने वाले धन को अलग-अलग खातों में भेजकर उसकी असली पहचान छिपाने की कोशिश की। ईडी अब इन लेनदेन की पूरी कड़ी जोड़ने में जुटी है। ईडी अब यह पता लगाने में जुटी है कि विदेशी धन किस माध्यम से आया, किन खातों में भेजा गया और उसका इस्तेमाल कहां-कहां किया गया। जांच एजेंसियों के अनुसार, इस नेटवर्क का एक बड़ा काम भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले लोगों के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करना था। इनमें पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज शामिल बताए जा रहे हैं। इन दस्तावेजों के आधार पर कई लोगों को सरकारी योजनाओं और अन्य सुविधाओं तक पहुंच दिलाने की कोशिश की गई।





#### छापेमारी में मिले अहम दस्तावेज, कई संस्थाएं जांच के दायरे में

प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में कई स्थानों पर छापेमारी की थी। इस कार्रवाई में करीब १७ से अधिक ठिकानों की जांच की गई, जिनमें कुछ गैर सरकारी संगठन भी शामिल थे। छापेमारी के दौरान मिले दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि कुछ संस्थाओं को विदेशों से लगातार धन प्राप्त हो रहा था। जांच एजेंसी को संदेह है कि इस धन का इस्तेमाल अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने और घुसपैठियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में किया गया हो सकता है।

### अमेरिकी हमले से भारत की रणनीतिक परियोजना प्रभावित

## चाबहार तक पहुंची जंग की आंच, ईरान का पलटवार

तेहरान/वॉशिंगटन/तेल

अमेरिका और ईरान के बीच जारी सैन्य टकराव अब ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है, जहां इसकी आंच भारत के रणनीतिक हितों तक भी महसूस की जाने लगी है। लगातार छठी रात अमेरिकी सेना ने ईरान के विभिन्न सैन्य और सामरिक ठिकानों पर व्यापक हवाई हमले किए। इन हमलों में भारत के निवेश वाले चाबहार बंदरगाह के कंट्रोल टावर को भी निशाना बनाया गया, जिससे उसे नुकसान पहुंचा। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने क्षतिग्रस्त कंट्रोल टावर की तस्वीर साझा की, जबकि ईरानी समाचार एजेंसी ने भी हमले की पुष्टि की है। पिछले एक सप्ताह में इस टावर पर यह तीसरा हमला बताया जा रहा है।



अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार लड़ाकू विमानों, ड्रोन और युद्धपोतों की मदद से ईरान के तटीय निगरानी केंद्रों, वायु रक्षा प्रणालियों, सैन्य रसद ठिकानों और नौसैनिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया। अमेरिका का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास ईरान की सामरिक क्षमता को कमजोर करना बताया जा रहा है।

चाबहार बंदरगाह भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। भारत ने इसके विकास में बड़ा निवेश किया है और इसका संचालन इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड कर रही है। यह बंदरगाह भारत को पाकिस्तान को दरकिनार करते हुए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक व्यापारिक पहुंच उपलब्ध कराता है। ऐसे में इस परियोजना पर हमले ने नई सामरिक चिंताएं पैदा कर दी हैं। उधर, ईरान ने भी अमेरिका और उसके सहयोगी ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई का दावा किया है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स का कहना है कि उसने जॉर्डन में अमेरिकी लड़ाकू विमानों और ईंधन टैंकरों को बैलिस्टिक मिसाइलों तथा ड्रोन से निशाना बनाया, जिससे कई सैन्य संसाधन नष्ट हुए। हालांकि अमेरिका ने इन दावों की पुष्टि नहीं की है। ईरान ने कुवैत, कतर, उत्तरी इराक और सीरिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भी हमलों का दावा किया है। दूसरी ओर, अमेरिका ने ईरान के पुलों और बिजली संबंधी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर दबाव बढ़ा दिया है। ईरान के ऊर्जा मंत्रालय ने भी पहली बार स्वीकार किया कि बिजली ढांचे पर हमले हुए हैं और लोगों से बिजली की खपत कम करने की अपील की है।

## हाथ से छूटकर जमीन पर गिरी कुल्फी, मुख्यमंत्री तक पहुंच गई शिकायत

फिरोजाबाद

फिरोजाबाद के टूंडला में कुल्फी की डंडी (स्टिक) छोटी होने पर हाथ से छूट गई। पीड़ित युवक ने कुल्फी में डंडी छोटी होने की बात दुकानदार से पूछी तो दुकान पर मौजूद कर्मचारियों ने उससे अभद्रता कर दी। पीड़ित युवक ने अपने आप को ठगा सा महसूस होने पर दुकान और कर्मचारियों की आईजीआरएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री से शिकायत की है।

तहसील क्षेत्र के गांव मरसेना निवासी धर्मवीर सिंह का आरोप है कि उसने सुभाष चौराहा स्थित बस स्टैंड में हीरा लाल कुल्फी की दुकान से खाने के लिए कुल्फी ली थी। कुल्फी लेने के बाद उसने जैसे ही खाना शुरू किया, तो कुल्फी की डंडी छोटी होने पर हाथ से छूट कर नीचे गिर गई। पीड़ित युवक ने जब दुकानदार से कुल्फी में डंडी छोटी होने की बात कही तो, दुकान पर मौजूद कर्मचारियों ने उससे अभद्रता कर दी। युवक ने अपने आप को ठगा सा महसूस करते हुए मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर उच्चाधिकारियों से जांच कराए जाने की मांग की है।











## जमीन की पैमाइश में देरी पर धरने पर बैठीं जिला पंचायत सदस्य, प्रशासन ने कराया समाधान

जागरण मोर्चा कार्यालय

- एसडीएम के निर्देश के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के ग्राम टिटौली में जमीन विवाद को लेकर शनिवार को जिला पंचायत सदस्य ममता गंगवार विवादित भूमि पर धरने पर बैठ गईं। उनका आरोप था कि उपजिलाधिकारी (एसडीएम) मीरगंज के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद राजस्व विभाग ने समय पर जमीन की पैमाइश नहीं कराई। धरने की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। मौके पर तहसीलदार आशीष कुमार, फतेहगंज पश्चिमी थाना पुलिस और राजस्व विभाग की टीम पहुंची। तहसीलदार के नेतृत्व में आठ लेखपालों ने गाटा संख्या 232 की विधिवत पैमाइश की। नापजोख पूरी होने के बाद दोनों पक्षों को स्थिति समझाई गई, जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। तहसीलदार आशीष कुमार ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा नियमानुसार पैमाइश की कार्रवाई पूरी करा दी गई है। दोनों पक्षों की सहमति के बाद विवाद शांत हो गया और जिला पंचायत सदस्य ने अपना धरना समाप्त कर दिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम टिटौली निवासी कान्ता प्रसाद पुत्र छेदा लाल और जिला पंचायत सदस्य ममता गंगवार के बीच खेत की सीमा को लेकर विवाद चल रहा था। मामले की शिकायत एसडीएम मीरगंज से की गई थी। एसडीएम ने थाना प्रभारी, राजस्व निरीक्षक और संबंधित लेखपाल को संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर समस्या का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए थे। आरोप है कि आदेश के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं हुई, जिसके विरोध में ममता गंगवार धरने पर बैठ गईं। बाद में प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर पैमाइश कराई और विवाद का समाधान करा दिया।

# दफन के सात दिन बाद कब्र से निकाला गया शव मौत की गुत्थी सुलझाएगी पोस्टमार्टम रिपोर्ट

### मायके पक्ष ने लगाया जहर देकर हत्या का आरोप, प्रशासन की मौजूदगी में हुई कब्र की खुदाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बहेड़ी थाना क्षेत्र में 50 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत का मामला अब जांच के नए चरण में पहुंच गया है। मायके पक्ष की शिकायत पर प्रशासन ने दफनाए गए शव को सात दिन बाद कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अब रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि महिला की मौत स्वाभाविक थी या इसके पीछे कोई साजिश थी।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला बाजार निवासी मोहम्मद ताहिर की पत्नी तबस्सुम की 12 जुलाई को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसी दिन परिजनों ने उनका शव स्थानीय कब्रिस्तान में दफना दिया। मृतका का मायका उत्तराखंड के हल्द्वानी में है। मायके पक्ष का आरोप है कि उन्हें न तो मौत की सूचना दी गई और न ही अंतिम संस्कार में शामिल होने का अवसर मिला। उनका कहना है कि जल्दबाजी में शव को दफनाकर सच्चाई छिपाने की कोशिश की गई। मृतका के भाई जहीम इलियास ने 16 जुलाई को जिलाधिकारी अविनाश सिंह से शिकायत करते हुए बहन को जहर देकर मारने का आरोप लगाया।

उन्होंने यह भी कहा कि साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को बिना सूचना दिए दफना दिया गया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने एसएसपी अनुराग आर्य को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। शनिवार को बहेड़ी पुलिस ने नायब तहसीलदार की मौजूदगी में कब्र की खुदाई कर शव बाहर निकलवाया। पुलिस की निगरानी में पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई। बहेड़ी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मायके पक्ष द्वारा लगाए गए सभी आरोपों की गहनता से जांच कर रही है।

## संक्षेप समाचार

### शिकायत पर पुलिस ने कब्र से महिला का शव निकाल भेजा पोस्टमार्टम को

**बहेड़ी।** कथित तौर पर कैंसर से पीड़ित एक महिला का निधन गुजरी 12 जुलाई को हो गया था जिसका उसके, ससुराल वालों ने कब्रिस्तान में दफन कर दिया था। घटना के बाद मृतका के भाई ने बहन को जहर देकर मार देने का आरोप लगाकर जिलाधिकारी अविनाश सिंह से शिकायत की तो उन्होंने एस एस पी को मामले की जानकारी दी। मामला संज्ञान में आने के बाद एस एस पी के आदेश पर पुलिस ने महिला के शव को कब्र से निकलवाया और कानूनी लिखा पढ़ी के बाद पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार, नगर के मोहल्ला बाजार के रहने वाले ताहिर की बीबी तबस्सुम कैंसर रोग से ग्रस्त थी। 12 जुलाई को उसका निधन हो जाने के बाद परिजनों तथा मोहल्ले के लोगों की मौजूदगी में शव को कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया था लेकिन हल्द्वानी में रहने वाले मृतका के भाई इल्यास अहमद ने ससुराल वालों पर बहन को जहर देकर मार देने का आरोप लगाकर डी एम से शिकायत की गई। मामला फिर एस एस पी के सामने आ जाने पर शनिवार को उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया। डी एम के निर्देश पर मजिस्ट्रेट दिवाकर सिंह पूरी कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे। उस समय मृतका के परिजनों को छोड़कर अन्य किसी को भी कब्रिस्तान में आने की पुलिस ने इजाजत नहीं दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच और झूठ का पर्दाफाश हो सकेगा।

### जहरीली शराब से बचें, अवैध बिक्री की तुरंत दें सूचना

**बरेली।** जनपद में जहरीली शराब की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने आमजन से सतर्क रहने और अवैध शराब की सूचना तत्काल देने की अपील की है। प्रशासन ने कहा है कि अवैध रूप से तैयार और बेची जाने वाली शराब में मिथाइल अल्कोहल जैसे घातक रसायन मिलाए जा सकते हैं, जिनके सेवन से आंखों की रोशनी जाने के साथ जान का भी खतरा रहता है। जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि यदि कहीं अवैध शराब का निर्माण, बिक्री या भंडारण होता दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत जिला आबकारी विभाग को दें। इसके लिए जिला आबकारी अधिकारी का लैंडलाइन नंबर 0581-2421561 तथा मोबाइल नंबर 9454465646 और 9454465600 जारी किए गए हैं। संबंधित क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक से भी शिकायत की जा सकती है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। शिकायत मिलने पर आबकारी अधिनियम के तहत दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अपनी और परिवार की सुरक्षा के लिए केवल अधिकृत दुकानों से ही शराब खरीदें तथा अवैध शराब से संबंधित किसी भी गतिविधि की जानकारी मिलते ही तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

### पीएफ की जमा रकम हड़पने का आरोप, इंटर कॉलेज प्रबंधन पर एफआईआर

**बरेली।** दिशा इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति पर एक शिक्षक द्वारा भविष्य निधि (पीएफ) के नाम पर जमा कराए गए 1.29 लाख रुपये वापस न करने और बिना कारण सेवा समाप्त करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। मामले में इज्जतनगर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शेरगढ़ थाना क्षेत्र के जमुनिया जागीर निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने 3 मई 2016 को मुड़िया अहमद नगर स्थित दिशा इंटर कॉलेज में टीजीटी विशेष शिक्षक के रूप में 5,800 रुपये मासिक मानदेय पर कार्यभार ग्रहण किया था। बाद में उनका मानदेय बढ़ाकर 14,500 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया। शिकायत के अनुसार, मानदेय बढ़ने के बाद कॉलेज प्रबंधन ने भविष्य निधि के नाम पर हर महीने राशि जमा कराने को कहा और भरोसा दिया कि नौकरी छोड़ने पर पूरी रकम ब्याज सहित लौटा दी जाएगी। इसी विश्वास पर उन्होंने चेक और यूपीआई के माध्यम से नियमित भुगतान किया। विनोद कुमार का आरोप है कि उन्होंने अलग-अलग अवधियों में प्रतिमाह 2,500 और 2,000 रुपये जमा करते हुए कुल 1.29 लाख रुपये प्रबंध समिति को दिए। उनका कहना है कि 30 मार्च को बिना किसी नोटिस या कारण बताए उन्हें नौकरी से हटा दिया गया। इसके बाद जब उन्होंने अपना बकाया मानदेय और जमा धनराशि मांगी तो प्रबंधन टालमटोल करता रहा।

## जल एवं गृहकर बढ़ोतरी को लेकर लोगों ने तहसील परिसर में किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



भीड़ के साथ समाधान दिवस में पहुंचे नसीम अहमद। -जागरण मोर्चा

**बहेड़ी।** नवागत एसडीएम गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में माह के तीसरे शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। एसडीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना। शिकायतों को सुने जाने का सिलसिला चल ही रहा कि दोपहर करीब डेढ़ बजे नगरपालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष के पति नसीम अहमद की अगुवाई में मोहल्ला शाहगढ़ तथा अब्बास नगर के सैकड़ों लोग तहसील परिसर में आए और बढ़े जलकर एवं गृहकर को लेकर प्रदर्शन किया। बाद में नसीम अहमद शिकायती पत्रों की एक मोटी फाइल लेकर एसडीएम से मिले और पूरी जानकारी दी। कहा कि, करों में इतनी बढोत्तरी सूबे की किसी भी नगरपालिका में नहीं हुई है। उनहोंने आरोप लगाया कि 10 तथा सौ रूपये के स्टांप पर खरीदे गए भू खंडों पर बनाए गये मकानों को नगरपालिका परिषद के रिकॉर्ड में दर्ज करने के नाम पर 25_ 40 हजार की घूस मांगी जा रही है जिसको लेकर लोगो में काफी गुस्सा है। उन्होंने जनहित में उक्त करों को कम कराए जाने की मांग की। एसडीएम ने पूरा मामला समझने के बाद एक हफ्ते बाद आने को कहा है।

समाधान दिवस में प्रमुख रूप से राजस्व विभाग की शिकायतों को मिलाकर कुल 26 शिकायतें दर्ज कराई गईं जिनमें से छह का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

## मासूम की जिद के बीच मां ने आवेश में पी लिया कीटनाशक, परिवार में मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव में शुक्रवार रात एक घरेलू घटना ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। घर में चल रही सामान्य बातचीत के बीच पांच वर्षीय बेटे की खाने को लेकर की गई जिद के बाद एक महिला ने आवेश में आकर कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने बिना देर किए उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां समय पर उपचार मिलने से उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी 28 वर्षीय गायत्री पत्नी नेत्रपाल घर के कामकाज में व्यस्त थीं। इसी दौरान उनका पांच वर्षीय बेटा राज बार-बार दाल बनाने की बात कहने लगा। बताया जाता है कि बच्चे की लगातार जिद और उस समय की मानसिक तनावपूर्ण स्थिति में गायत्री ने खेतों में उपयोग होने वाली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। कुछ ही देर में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और उल्टियां शुरू हो गईं। यह देख परिजनों के होश उड़ गए। पति नेत्रपाल तत्काल उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने इमरजेंसी में उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार महिला अब खतरे से बाहर है और चिकित्सकीय निगरानी में भर्ती है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने भी मामले की जानकारी जुटाई। शुरुआती जांच में यह मामला घरेलू तनाव के दौरान आवेश में उठाए गए कदम से जुड़ा माना जा रहा है। पुलिस आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है। यह घटना बताती है कि पारिवारिक तनाव या क्षणिक गुस्से में लिया गया कोई भी फैसला पूरे परिवार के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। ऐसे समय में धैर्य, आपसी संवाद और परिवार का सहयोग किसी भी अप्रिय स्थिति को टालने में अहम भूमिका निभा सकता है।

### युवती को भगा ले जाने की पुलिस से शिकायत

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के उत्तराखण्ड सीमा के निकट बसे एक गाँव निवासी व्यक्ति ने उसकी 20 साल कि बेटी को बहला फुसला कर ले जाने की लिखित शिकायत की है। पीड़ित के अनुसार, घटना गुजरी जुलाई दोपहर के वक्त की है। उस समय घर में उसके व पत्नी के न होने के चलते बेटी घर में अकेली थी। उसी दौरान गाँव का ही एक युवक मौके का फायदा उठाकर उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। जाते समय बेटी घर में रखे डेढ़ लाख रुपये तथा कुछ सोने के जेवर भी ले ग ई। शिकायत कर्ता का आरोप है कि युवक के परिजनों और एक रिश्तेदार द्वारा लड़की को भगा ले जाने में सहयोग किया गया है। आरोप है कि युवक- युवती के बारे में युवक के परिजनों को जानकारी है पर उसे छिपाया जा रहा है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।


## देश की पहली हाईटेक छावनी गौशाला बनेगी बरेली में, एआई तकनीक से होगी गोवंश की देखरेख

जागरण मोर्चा कार्यालय



**7.5 एकड़ में विकसित होगी आधुनिक परियोजना, 400 से अधिक गायों के संरक्षण और उपचार की मिलेगी सुविधा**

**बरेली।** गोवंश संरक्षण को नई तकनीक से जोड़ने की दिशा में बरेली छावनी परिषद ने बड़ी पहल की है। बरेली में देश की पहली छावनी आधारित हाईटेक गौशाला विकसित की जाएगी। करीब 7.5 एकड़ क्षेत्र में बनने वाली इस आधुनिक गौशाला में बेसहारा और उन्नत नस्ल के 400 से अधिक गोवंश के संरक्षण, उपचार और बेहतर रखरखाव की व्यवस्था की जाएगी। इस पूरी परियोजना का संचालन कैंटोनमेंट बोर्ड बरेली करेगा। गौशाला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। प्रत्येक गाय की डिजिटल पहचान बनाई जाएगी, जिससे उसके स्वास्थ्य, टीकाकरण, इलाज और अन्य जरूरी जानकारियों का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जा सकेगा। किसी भी बीमारी या स्वास्थ्य संबंधी समस्या का समय रहते पता लगाकर तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना के तहत आधुनिक पशु चिकित्सालय, अलग क्वारंटीन जोन, पोषणयुक्त चारे की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, हवादार शेड और वैज्ञानिक पद्धति से गोवंश की देखभाल की सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इससे बेसहारा पशुओं को सुरक्षित आश्रय मिलने के साथ उनके स्वास्थ्य और संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा सकेगा। छावनी परिषद का कहना है कि यह परियोजना गोवंश संरक्षण के क्षेत्र में नई मिसाल बनेगी। आधुनिक तकनीक और बेहतर प्रबंधन के माध्यम से पशुओं की देखभाल का ऐसा मॉडल तैयार किया जा रहा है, जिसे भविष्य में देश की अन्य छावनियों में भी अपनाया जा सकेगा।

## मानसून सत्र में गूंजेंगे बरेली-आंवला के मुद्दे सांसद नीरज मौर्य ने गिनाईं प्राथमिकताएं

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** आंवला लोकसभा क्षेत्र के सांसद नीरज मौर्य ने कहा है कि 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में वे जनहित और क्षेत्रीय विकास से जुड़े अहम मुद्दों को पूरी मजबूती के साथ उठाएंगे। शनिवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि संसद के माध्यम से सरकार से जवाबदेही तय कराने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी आवाज उठाई जाएगी। सांसद ने बताया कि इस बार मानसून सत्र में युवाओं के रोजगार, सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था, स्मार्ट सिटी मिशन की प्रगति, किसानों की आय, फसल नुकसान का मुआवजा, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी, खाद की उपलब्धता, कर्जमाफी और बढ़ती महंगाई जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएंगे। इसके अलावा शिक्षक भर्ती में टीईटी की अनिवार्यता, नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं, बेरोजगारी, सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार, चुनावी पारदर्शिता और राम मंदिर परिसर की सुरक्षा पर भी सरकार से जवाब मांगा जाएगा। नीरज मौर्य ने कहा कि बरेली और आंवला क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं को भी संसद में प्रमुख स्थान दिया जाएगा। इनमें किसानों के लिए खाद की उपलब्धता, बंद रबर फैक्ट्री के कर्मचारियों की समस्याएं, 300 बेड अस्पताल का बेहतर संचालन और बरेली में एम्स की स्थापना की मांग शामिल है। उन्होंने कहा कि संसद में केवल मुद्दे उठाना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि उन पर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित कराकर क्षेत्र की जनता को वास्तविक लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।






**राहत** नई रेल सेवा से कुमाऊं-गढ़वाल के बीच बढ़ेगी कनेक्टिविटी, यात्रियों और पर्यटकों को होगा लाभ

## रामनगर-देहरादून एक्सप्रेस को मिली हरी झंडी, 5 अगस्त से नियमित संचालन

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** उत्तराखंड को नई रेल सुविधा देते हुए शनिवार को रामनगर-देहरादून-रामनगर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस का शुभारंभ किया गया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रामनगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, सांसद अनिल बलूनी और विधायक दीवान सिंह बिष्ट सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल का तेजी से विस्तार हो रहा है। नई ट्रेन से कुमाऊं और गढ़वाल के बीच आवागमन आसान होगा। इससे छात्रों, व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों और पर्यटकों को विशेष सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद और हरिद्वार रेलखंड की क्षमता बढ़ाने का कार्य जारी है, जिससे भविष्य में उत्तराखंड को और नई रेल सेवाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह रेल सेवा राज्य के विकास, पर्यटन और व्यापार को नई गति देगी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में रेलवे अवसंरचना पर बड़े स्तर पर कार्य चल रहा है। कार्यक्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर और इज्जतनगर मंडल की मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा भी उपस्थित रहीं। यह ट्रेन 5 अगस्त 2026 से प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को नियमित रूप से संचालित होगी।

### बड़ा बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई

**बरेली।** नगर निगम और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम ने शनिवार को बड़ा बाजार क्षेत्र में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) के खिलाफ अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान कटरा मान सराय स्थित दीनदयाल पैकर्स पर निरीक्षण किया गया, जहां प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का भंडारण और बिक्री होती मिली। निरीक्षण के दौरान टीम ने प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री जब्त कर ली। नगर निगम की इंस्पेक्टर पूर्णिमा सिंह ने प्रतिष्ठान संचालक पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही भविष्य में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का भंडारण या बिक्री नहीं करने की सख्त चेतावनी दी गई।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242


## एक नजर

### जौहर विवि कोई मार्केट या कॉलोनी नहीं है: आसिम खां

**रामपुर।** सपा नेता आसिम खां ने कहा कि किसी ग्राम समाज की जगह पर या सरकारी संपति पर कब्ज़ा करके बनाई गई मार्केट या कोई कॉलोनी नही है जिसे आरडीए का बुल्डोजर से ध्वस्त कर देता हैं। ये एक विश्विद्यालय है जिसे मोहम्मद आजम खान ने बनवाया है। ये महज़ ईट और गारे से बनी इमारतें नही हैं इसकी बुनियाद में नेता स्व. मुलायम सिंह यादव जो खुद एक अध्यापक थे एक गुरु थे उनके आशीर्वाद की ईंटे लगी हैं। कहा कि



आज़म खां के ख्वाब तालीम से मोहब्बत, राष्ट्र प्रेम, जज़्बात, कल्पनाएं, जीवन भर की तपस्या उनके त्याग, दर्द,और आंसुओं और देश के बेहतर कल की उम्मीदों के गारे से दीवारे खड़ी हुई है। जौहर यूनिवर्सिटी के संस्थापक आजम खां ने करोड़ों रुपए दामन पसार कर भीख मांग कर हिंदू और मुसलमान दोनों से चंदा इकट्ठा करते हैं और विश्वस्तरीय भवनों का निर्माण कराते हैं वो थोड़े से पैसे नक्शा पास कराने में खर्च नही करेंगे। मालूम हो कि ज़िला पंचायत को भवनों का नक्शा पास करने का अधिकार 2017 में मिला। आरडीए को 2024 में। जबकि यूनिवर्सिटी की आधार शिला 2006 में रखी गई और 2012 में उसका उद्घाटन हुआ। जिस गांव सिगन खेड़ा में विश्विद्यालय के भवनों के निर्माण हुआ है वो उन्ही नियमों का पालन किया गया है जो गांव में या ग्राम पंचायत में निर्माण के लिए लागू थे।

# डीएम ने 5 वर्षीय मासूम की सर्जरी को मंजूर किए 45 हजार रुपये

- चाइल्ड केयर एंड प्रोटेक्शन फंड से सीधे अस्पताल को भेजा गया चेक

जागरण मोर्चा कार्यालय



बालिका को चेक देते डीएम। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** मानवीय संवेदना, पारदर्शी कार्यप्रणाली और त्वरित प्रशासनिक न्याय की एक बेमिसाल नजीर देखने को मिली है। एक लाचार, दिव्यांग और सड़क हादसे का शिकार ई-रिक्शा चालक अपनी 5 वर्षीय बेटी के इलाज की आस लेकर जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी के पास पहुंचा था। बच्ची वैशाली की उंगलियां जन्मजात रूप से आपस में चिपकी हुई थीं, जिससे उसके हाथ खराब होने का खतरा मंडरा रहा था। मामले की गंभीरता को समझते हुए डीएम ने पहले गोपनीय जांच कराई। स्थिति की सत्यता पुष्ट होने पर सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर चाइल्ड केयर एंड प्रोटेक्शन फण्ड से 45,000 रुपये की आर्थिक सहायता को अंतिम मंजूरी दे दी। इलाज में कोई बाधा न आए, इसलिए चेक सीधे शाहबाद गेट स्थित डॉ. आरिफ सिद्दीकी के अस्पताल (केयर सेंटर) को भेज दिया गया है, जहां आगामी मंगलवार को मासूम की प्लास्टिक सर्जरी की जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया में प्रशासन की संवेदनशीलता के साथ-साथ पारदर्शिता भी साफ नजर आई। पीड़ित पिता वीर सिंह पहले अपनी गुहार लेकर डीएम के जनता दर्शन में पहुंचे थे। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिना समय गंवाए जिला कार्यक्रम अधिकारी के समन्वय से चाइल्ड लाइन की टीम को वीर सिंह के घर भेजा। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने बिना किसी कागजी लालफीताशाही के पीड़ित पिता को चेक सौंप दिया।

**<u>दर्द और बेबसी से भरी पिता की दास्तां</u>**

तहसील टांडा के ग्राम फेजनगंज (पोस्ट लालपुर कला) के रहने वाले वीर सिंह ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनके घर में दो बेटियां हैं, जिनमें से 5 वर्षीय वैशाली के हाथों की उंगलियां जन्म से ही जुड़ी हुई हैं। नियति की मार ऐसी कि वीर सिंह स्वयं एक सड़क हादसे का शिकार हो गए हैं, जिससे उनके पैर में गंभीर चोट और सूजन है और वह चलने-फिरने में भी असमर्थ हैं। एक पैर से लाचार इस पिता के पास इतने पैसे नहीं थे कि वह अपनी बच्ची का इलाज करा सके। इससे पहले उन्होंने विकास भवन में भी प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन जब वह अपनी बच्ची के भविष्य की खातिर लड़खड़ाते कदमों से डीएम के सामने पहुंचे, तो उनकी व्यथा छुप न सकी। बालिका वैशाली की स्थिति दिनों-दिन बिगड़ती जा रही थी। एक हाथ की उंगलियां टेढ़ी पड़ने लगी थीं और अगर समय पर सर्जरी न होती, तो उसका हाथ हमेशा के लिए खराब हो सकता था। रामपुर के शाहबाद गेट स्थित डॉ. आरिफ सिद्दीकी के केयर सेंटर में जब बच्ची को दिखाया गया, तो उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी को अनिवार्य बताया।

> प्रशासनिक कुर्सी का असली अर्थ फाइलों को निपटाना नहीं, बल्कि समाज के उस अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है जो पूरी तरह से टूट चुका हो। चाइल्ड केयर एंड प्रोटेक्शन फंड का उद्देश्य ही ऐसे नौनिहालों को नई जिंदगी देना है। वैशाली का सफल इलाज सुनिश्चित करना कोई सरकारी औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह हमारा संकल्प है कि रामपुर का कोई भी बच्चा महज़ पैसों की कमी के कारण उचित चिकित्सा और एक सामान्य जीवन जीने के अधिकार से वंचित न रहे।
> **–अजय कुमार द्विवेदी, डीएम**

# तनखइयां मामले में आजम खां की अपील खारिज

## एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही थी सुनवाई



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** तत्कालीन जिलाधिकारी वर्तमान मंडलायुक्त पर आपत्तिजनक मामले में आजम खां की सजा पर अपील खारिज हो गई है। जबकि एक मामले में आजम खां को कोर्ट ने बरी कर दिया।

वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में आजम खां को सपा-बसपा प्रत्याशी बनाया गया था। इस दौरान आजम खां का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें आजम खां ने एक अधिकारी पर जूते साफ करने की बात बोली थी। इस मामले में एसडीएम सदर ने आजम खां के खिलाफ थाना भोट में मुकदमा दर्ज कराया गया था। 16 मई को 2026 को दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा और 5 हजार रुपये का जुर्माना सुनाया था। इसको लेकर मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले के खिलाफ सेशन कोर्ट में अपील दायर की थी। जिस पर शनिवार को कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए आजम खां की अपील को खारिज कर दिया।

### अधिकारियों पर अभद्र टिप्पणी करने में आजम खां बरी

सपा कार्यालय पर एक जनसभा को संबोधित करते आजम खां ने जनपद के चार अफसरों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। इसका भी वीडियो वायरल हुआ था। आप प्रवक्ता फैसल खां लाला ने थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। यह मुकदमा मजिस्ट्रेट कोर्ट में ट्रायल हुआ। मई में ही कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में आजम खां को बरी कर दिया था। बरी किए जाने के खिलाफ फैसल खां लाला ने सेशन कोर्ट में अपील दायर की। जिस पर शनिवार को कोर्ट में सुनवाई। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए आजम खां को अधिकारियों पर की गई टिप्पणी करने में साक्ष्य के अभाव में बरी करते हुए आप नेता की अपील को खारिज कर दिया।

# जौहर विवि की सुरक्षा प्रदान करने को तहसील के अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**टांडा।** शनिवार को तहसील के अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार को सौंपकर मौहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद में मौहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में जन कल्याण का कार्य कुशलता पूर्वक कर रहा है। इस विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने के बाद तमाम विधार्थी देश की तरक्की में अपना योगदान करने के साथ स्वयं का भविष्य बना चुकें है। आने वाले समय में दीर्घकाल तक इस विश्वविद्यालय से शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश व देश का चहुमुखी विकास होगा। ज्ञापन में कहा गया है कि जिला प्रशासन ने विश्वविद्यायल को ध्वस्त करने के लिए नोटिस जारी किया है। इस सूचना से हम सभी जनपद व प्रदेश वासियों व बुद्धि जीवी वर्गों को गहरा आघात हुआ है। यदि प्रशासन का यह व्यवहार शिक्षा के मन्दिर के प्रति है। तो देश व समाज के लिए ऐसी घटना दुःख की बात है और आने वाली भावी पीढी को शिक्षा के क्षेत्र में अपूर्णनीय क्षति पहुंचेगी। मांग की गई कि इस विश्वविद्यालय को ध्वस्त किये जाने की बजाय प्रशासन को इसे सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। यह विश्वविद्यालय के हित में तो होगा ही इससे देश का विकास भी होगा तथा आम जनता की नजरो में सरकार की छवि भी अच्छी बनी रहेगी। इस अवसर परअध्यक्ष सतपाल सिंह, महासचिव पृथी सैनी,राजवीर सिंह, , खुर्शीद अहमद , धर्मवीर सिंह , गौरव कुमार ,मोहमद इमरान ,जफरुद्दीन खा , वेदराम , सुहेल अहमद , विजय पाल सिंह , अशोक पाल सिंह , विजेंद्र पाल सिंह , मोहम्मद लईक , वेद प्रकाश सेनी , प्रमोद कुमार चौहान , मोहम्मद नाजिम , अजीम खान , अफजाल अली ऐडवोकेट आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अपंजीकृत नर्सिंग होम को किया सील

- टीम की छापेमारी करने से अन्य संचालकों में मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** तहसील शाहबाद के बड़ागांव में अपंजीकृत नर्सिंग होम को झोलाछाप के नोडल की टीम ने मौके पर पहुंचकर सील कर दिया है। टीम की इस कार्रवाई से अन्य संचालकों में खलबली मची रही। झोलाछाप के नोडल देवेश चौधरी को गोपनीय सूचना मिली कि शाहबाद के बड़ा गांव में लंबे समय से किरन नर्सिंग होम का संचालन हो रहा है।

सूचना मिलते ही नोडल की टीम ने सक्रिय हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉ. अतुल कुमार के संग टीम नर्सिंग होम पहुंची। टीम के आने की सूचना मिलने पर संचालक मौके से फरार गए। टीम ने कार्रवाई करते नर्सिंग होम को सील कर दिया। नोडल ने बताया कि शिकायत के आधार पर सील बंद की कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान नर्सिंग होम का पंजीकरण भी नहीं हैं इसलिए विभागीय कार्रवाई की गई हैं।



शाहबाद में नर्सिंग होम को सील करने के बाद खड़ी नोडल की टीम।

### स्कूल में प्रार्थना के बाद छात्रा हुई बेहोश

**शाहबाद।** शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के चतरपुर गांव में 6 वर्षीय स्कूली छात्रा प्रार्थना के बाद बेहोश हो गई। जिसको अध्यापक के द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया। शाहबाद के चतरपुर गांव निवासी आसमा गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई करती है। शनिवार सुबह स्कूल पहुंचने के बाद आसमां स्कूल में प्रार्थना के बाद अचानक बेहोश हो गई। शिक्षकों और परिजनों के द्वारा उसको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया।

# सभासदपति ने आवारा कुत्तों को पकड़वाने को दिया ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर के वार्ड 10 के सभासद पति अफसर अली ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन देकर नगर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए उन्हें पकड़वाकर सुरक्षित स्थान पर छोड़े जाने की मांग की है।



प्रार्थना पत्र में कहा कि नगर में कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। नगर के मोहल्ला कच्ची मस्जिद, नीम मस्जिद कोहना सहित लगभग सभी जगह आवारा कुत्तों के झुंड देखे जा सकते हैं। कुत्ते लोगों पर हमलावर हो रहे हैं। कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनके हमलों से आम लोग खासकर बच्चे और बुजुर्ग दहशत में जी रहे हैं। सभासद पति ने बताया कि इस मामले में नगर पालिका को कई बार लिखित शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सुबह-शाम बच्चे स्कूल-मदरसा जाने से डर रहे हैं। बच्चों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत अभियान चलाकर नगर के मोहल्ला कच्ची मस्जिद, नीम मस्जिद और कोहना सहित सम्पूर्ण नगर से आवारा कुत्तों को पकड़कर शहर से बाहर भिजवाया जाए। साथ ही भविष्य में इन पर स्थायी नियंत्रण के इंतजाम किए जाएं, ताकि कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

# दुकान के बाहर सो रहे चौकीदारों पर हमला, घटना सीसीटीवी में कैद

- पत्थरों से हमला कर जेबें खंगालकर फरार हुए हमलावर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र में शनिवार तड़के एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। शाहबाद- आसफपुर मार्ग स्थित एनएफ इलेक्ट्रॉनिक की दुकान के बाहर सो रहे दो चौकीदारों पर अज्ञात हमलावर ने पत्थरों से वार कर हमला कर दिया। दोनों चौकीदार सगे भाई है, जो कि दिन में ईंट के भट्टे पर काम करते हैं। रात में दुकानों के बाहर पहरा देखकर चौकीदारी भी करते है। हमलावर पत्थर से दोनों चौकीदारों को घायल कर उनकी जेबें खंगालकर मौके से फरार हो गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

कोतवाली क्षेत्र के लश्करगंज गांव निवासी अकरम और अय्यूब दोनों सगे भाई है। बीती रात दोनों भाई आसफपुर रोड स्थित एनएफ इलेक्ट्रॉनिक की दुकान के बाहर सो रहे थे, कि अचानक एक अज्ञात व्यक्ति ने दोनों भाइयों पर पत्थर से लगातार वार शुरू कर दिए, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद आरोपी उनकी जेबें खंगालकर फरार हो गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने दोनों को लहूलुहान हालत में देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लेकर गई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ देवकीनंदन, अपराध निरीक्षक जयप्रकाश सिंह और हल्का इंचार्ज अतिशय जैन ने दुकान पर पहुंचकर जानकारी हासिल की।



पत्थर से वार कर चौकीदारों को घायल करने के बाद घटनास्थल पर जानकारी करते सीओ देवकीनंदन।



दुकान के बाहर सो रहे चौकीदारों पर पत्थर से वार करता अज्ञात हमलावर।

> दोनों लोग दुकान की चौकीदारी करते है, जांच चल रही है, पुरानी रंजिश भी हो सकती है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी हुई है।
> **–देवकीनंदन सीओ शाहबाद**

# जनपद की अर्थव्यवस्था वर्तमान में खराब: संदीप

- उद्योग व्यापार मंडल रोजगार बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक थाना टीन स्थित ऊंची चौपाल में नगर संगठन मंत्री अलीम खान के आवास पर संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि वर्तमान समय में जनपद की अर्थव्यवस्था काफी खराब है इसको बढ़ाने के लिए व्यापार मंडल को बढ़ावा देना जरूरीहै इसके अतिरिक्त जिले में औद्योगिक जौन स्थापना करने की की जरूरत है उन्होंने कहा जिले में लघु उद्योग बढ़ाई जाएं। जिससे लोगों को रोजगार मिले। रोजगारी समाप्त हो।

बेरोजगार के कारण लोग पलायन कर अन्य प्रदेशों में नौकरी के लिए जा रहे हैं। अगर जिले में लोगों को उद्योग के माध्यम से यह लघु उद्योग के माध्यम से रोजगार मिलता है,तो जिले से लोग पलायन पर रोक लगेगी। बैठक की अध्यक्षता राजीव शर्मा ने की। इस मौके पर व्यापार मंडल के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिश अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए बेरोजगारी को लेकर चिंता व्यक्त की उन्होंने कहा कि उद्योग व्यापार मंडल रोजगार बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

मुख्यमंत्री से भी उद्योग रोजगार बढ़ाने के लिए लगातार पत्र लिखकर जा रहे हैं उन्होंने इसके अलावा कहा कि उद्योग व्यापार मंडल द्वारा बापू माल व अन्य खाली पड़ी मार्केट की दुकानों को भी उठाने की मांग की है। जिससे लोगों को दुकान मिले तो उनको रोजगार मिल जाए। बैठक में नगर संगठन मंत्री अलीम खान, शराफत खान, नासिर खान, यासीन खान, नदीम खान,युवा के नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल मौजूद रहे।



मुख्य अतिथि का फूल माला पहनाकर स्वागत करते पदाधिकारी।

### अभद्र व्यवहार, अपमानजनक टिप्पणी करने में दी तहरीर, बोर्ड की बैठक के दौरान हुआ हंगामा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक के दौरान नामित सभासदों से अन्य सभासद द्वारा अभद्र टिप्पणी करने और अपमानजनक करने के मामले में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। नामित सभासदों का कहना है कि वार्ड नंबर 37 निर्वाचित सभासद दिनेश रस्तोगी, वार्ड नंबर 23 मुराद कलीम ने राज्यपाल द्वारा नामित सभी भारतीय जनता पार्टी के सभासदों के साथ सार्वजनिक रूप से अभद्र व्यवहार किया। उन्होंने बार बार अपमान जनक एवं अभद्र व्यवहार का शब्दों का प्रयोग करते हुए आप होते कौन है। तुम जैसे पता नहीं कि कितने नामित सभासद बनते है और चले जाते हैं। इस प्रकार की टिप्पणी एवं व्यवहार से न केवल भाजपा के नामित सभासदों को सार्वजनिक रूप से अपमान हुआ। बल्कि बोर्ड की बैठक गरिमा भी भंग हुई है। इसको लेकर नामित सभासदों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।




समाधान दिवस | जिले भर में संपूर्ण समाधान दिवस का किया आयोजन

# जनहित सर्वोपरि, शिकायतों के निस्तारण में न हो खानापूर्ति: डीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जन-सामान्य की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान के लिए तहसील सदर में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, विकास, विद्युत, जल निगम, पूर्ति आदि विभागों से संबंधित कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 4 मामलों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों के माध्यम से तत्काल निस्तारण कराया गया।




लोगो की शिकायतें सुनते डीएम और एसडीएम। –जागरण मोर्चा

समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शेष सभी 25 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निस्तारण की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा तथा केवल कागजी खानापूर्ति करने या मामलों को अनावश्यक लंबित रखने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वे लोकसेवक के रूप में जनहित को प्राथमिकता दें और यह सुनिश्चित करें कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी न्याय और सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके। इसी प्रकार तहसील मिलक में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

### स्वार में 12 शिकायतों में से 2 का निस्तारण

तहसील स्वार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आनन्द कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 12 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील बिलासपुर में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। जिसमें 15 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 11 शिकायतें प्राप्त हुई। 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील टांडा में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।

# बोर्ड की बैठक में हंगामा, धरने पर बैठे सभासद

## बैठक में किले परिसर की 61 दुकानों के प्रस्ताव में किया गया पास, अन्य प्रस्तावों पर छिड़ी बहस


नगर पालिका परिषद के सभागार में आयोजित बैठक के दौरान अध्यक्ष, ईओ।


अन्य प्रस्तावों को रखे जाने की बात रखते सभासद मुराद कलीम। -जागरण मोर्चा


प्रस्तावों को लेकर आपस में बहसबाजी करते सभासद। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में तयशुदा किले की 61 दुकानों को 1974 वर्गमीटर भूमि को रामपुर रजा लाइब्रेरी में हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को सभासदों की मौजूदगी में पास किया गया। प्रस्ताव को पास करने के बाद सभासदों ने पालिकाध्यक्ष सना मामून से कहा कि अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की जाए। इस पर अन्य सभासदों ने आपत्ति जताते हुए बहस छिड़ गई। सभासदों की पालिका के सभागार में नोकझोंक शुरू हो गई। देखते ही देखते सभासद धरने पर बैठ गए। शोर शराबा की आवाज सुनकर पुलिस फोर्स भी आ गई। सभासद मुराद कलीम, दिनेश कुमार दिन्ने ने कहा है कि चर्चा के लिए कुछ मुद्दों के प्रस्तावों को बैठक में रखा जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सभासद श्वेता शर्मा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कई महीनों बाद बैठक होती है ऐसे में किस सामने बात रखी जाए। नामित सुमित कुमार अरोरा समेत अन्य धरने पर बैठ गए है हम लोगों को राज्यपाल ने नामित किया है इन सभासदों न हमारा और गर्वनर का अपमान किया है। यह कहते हुए धरने पर बैठ गए। दिनेश कुमार दिन्ने सभी सभासदों को लेकर बाहर आ गए। पालिकाध्यक्ष सना खानम ने कहा कि सभी को अपनी बात रखने का हक है अगर कुछ सभासद चर्चा करना चाहते है तो उसके लिए तैयार है। शनिवार दोपहर 3 बजे पालिकाध्यक्ष सना मामून की अध्यक्षता में बोर्ड शुरू हुई। एजेंडा लिपिक ने एजेंडा को पढ़कर सुनाया गया। इसके बाद प्रस्ताव एजेंडा संख्या 4 किला परिसर की 61 दुकानों को रजा लाइब्रेरी की भूमि पर हस्तांतरित करने का प्रस्ताव को पारित किया गया।

**<u>वर्ष 2012-13 में हुआ दुकानों का निर्माण</u>**

वर्ष 2012-13 में इसी परिसर में 61 दुकानों का निर्माण कराया गया था जिन पर वर्तमान समय में किरायेदारों का कब्जा है। रजा लाइब्रेरी की स्थापना के 250 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आसपास स्थित भवनों की लाइब्रेरी को सौंपने की घोषणा की गई थी। संस्कृति, मंत्रालय लाइब्रेरी बोर्ड और जिला प्रशासन इसके विकास की दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं। डीएम, एजेंडे के अनुसार डीएम और रजा लाइब्रेरी के निदेशक एवं म्यूजियम के पत्रों के क्रम में यह प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष रखा गया। नगर पालिका की ओर से किला परिसर में 1974 वर्गमीटर भूमि पर ओवरहैंड टैंक का निर्माण कराया गया था। जिससे आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति की जाती है इसके अलावा वर्ष 2012-13 में इसी परिसर में 61 दुकानों का निर्माण कराया गया था जिन पर वर्तमान समय में किरायेदारों का कब्जा है।

### बैठक में यह रहे शामिल

जिया उर रहमान बाबू, मुराद कलीम, रोशन जहां, नवेद कुरैशी, तबस्सुम तनवीर, तरन्नुम तनवीर, दिनेश कुमार दिन्ने, रफी उल्लाह, दिनेश कश्यप, श्वेता शर्मा, राना नवेद, विनोद कुमार समेत अन्य सभासद, ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी, विल्सन कुमार, मंजूरी अली नकवी, रफत शेर खां, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिलशाद हसन, सहायक अभियंता उमेश कुमार, निरीक्षक संजीव कुमार, सफाई निरीक्षक डॉ.अविनाश कुमार, द्वारिका नाथ आदि मौजूद रहे।

# मौलाना जर्जिस अंसारी के विवादित बयान पर विश्व हिन्दू महासंघ भड़का

जागरण मोर्चा कार्यालय


मौलाना जर्जिस अंसारी के खिलाफ ज्ञापन सोपते।

**स्वार।** उत्तर प्रदेश के इटावा निवासी मौलाना जर्जिस अंसारी के एक कथित विवादित वीडियो को लेकर विश्व हिन्दू महासंघ (युवा प्रकोष्ठ) ने गहरा आक्रोश जताया है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को रामपुर के जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर मौलाना के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

विश्व हिन्दू महासंघ के जिला अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा हाल ही में सोशल मीडिया पर मौलाना जर्जिस अंसारी का एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ है। मीडिया रिपोर्टों के हवाले से बताया गया कि यह बयान बीती 23 जून को झारखंड में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान दिया था, जो बाद में सार्वजनिक हुआ।आरोप है कि वीडियो में मौलाना ने कथित रूप से भगवान श्रीकृष्ण को लेकर विवादित टिप्पणी की। विवाद पैदा हो गया है। संगठन का कहना है कि इस कथित बयान से करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और देशभर में इसे लेकर भारी रोष है।जिलाधिकारी को सौंपे गए पत्र के माध्यम से संगठन ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की जांच कराकर विधि के अनुसार कठोर एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राहुल, जिला मंत्री अनुज शर्मा, नगर महामंत्री राजेंद्र, अरुण, रघुवीर, विकास पांडेय, विजय पांडेय, विपिन गंगवार, रोहित कुमार, डॉ. कमल अग्रवाल, विजय,आकाश मौर्य, राम अवतार, नगर अध्यक्ष, मनोज जिला मंत्री और राजू सहित संगठन के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जल की एक एक बूंद बेशकीमती, इसको न करें बर्बाद: एसडीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय


जल संरक्षण के लिए अधिकारियों को शपथ दिलाते एसडीएम आशुतोष कुमार।

**शाहबाद।** राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत जल संरक्षण और उसके विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने के लिए शाहबाद तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस के बीच जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस दौरान एसडीएम आशुतोष कुमार ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जल शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में सभी ने अपने हाथ उठाकर पानी की एक-एक बूंद को बचाने और उसके सही उपयोग का दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर पर एसडीएम आशुतोष कुमार ने कहा कि पानी एक अनमोल संपदा है और इसका संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' को सफल बनाने और पानी को व्यर्थ बहने से रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया।शपथ ग्रहण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने यह प्रण लिया कि वे स्वयं पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करेंगे और अपने परिवार, मित्रों व पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। उपस्थित सभी लोगों ने एक सुर में कहा कि "हम सब मिलकर जल आंदोलन को जन आंदोलन बनाएंगे" ताकि आने वाले भविष्य को सुरक्षित किया जा सके।

# जौहर विवि किसी की शख्सियत की नहीं, हिंदुस्तानी समाज की साझी विरासत: नदवी

- **सांसद नदवी ने मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी का किया दौरा**

जागरण मोर्चा कार्यालय


जौहर विवि के गेट के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते सांसद।


कलेक्ट्रेट परिसर में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।


कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते सभासद। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** सपा सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी शनिवार को जौहर विवि पहुंचे। इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा कि जौहर यूनिवर्सिटी या आसपास के क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति राजनीति नहीं करना चाहता। यह शैक्षणिक संस्थान पूरे हिंदुस्तानी समाज का है, जहां हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी धर्मों के हजारों बच्चे एक साथ मिलकर अपना भविष्य संवार रहे हैं। सरकार संस्थानों को शख्सियत से न जोड़ें जैसे अलीगढ़ मुस्लिम यूनि वर्सिटी और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में सभी धर्मों के बच्चे एक साथ तालीम हासिल करते हैं। ठीक वैसे ही इस यूनि वर्सिटी में भी सर्वसमाज के बच्चे पढ़ते हैं।

विश्वविद्यालयों को किसी एक शख्सियत से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हमेशा सकारात्मक और पॉजिटिव सियासत करते हैं। हमारी पार्टी की हमेशा यह कोशिश रही है। यूनिवर्सिटी से जुड़े जो भी प्रशासनिक या कानूनी मामले चल रहे हैं। उन्हें आपसी संवाद और कानूनी दायरे में रहकर बेहतर तरीके से हल किया जाना चाहिए, ताकि संस्थान के काम-काज में कोई बाधा न आए। इस दौरान बदन सिंह यादव, महबूब अली पाशा, छत्रपाल शर्मा, अनीता यादव, हाफिज अब्दुल सलाम, और अतर सिंह कोटिया मौजूद रहे।

**<u>जौहर विवि के समर्थन में सभासदों, अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन</u>**

रामपुर। जौहर विवि के समर्थन में नगर पालिका परिषद के सभासदों, अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। इसके बाद एक ज्ञापन मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय भारत को जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा है। जिसमें अधिवक्ताओं का कहना है कि जौहर विवि की स्थापना वर्ष 2006 में की गई है उस समय विवि का क्षेत्र एक ग्राम पंचायत सींगनखेड़ा के तहत आता था। उस समय नियमानुसार भवनों का निर्माण किया गया था। मांग की है कि भवनों के ध्वस्तीकरण के आदेश रद किया जाए। वहीं दूसरी ओर सभासदों ने प्रदर्शन करके प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन राज्यपाल को भेजा। इसमें अधिवक्ताओं ने भवनों को तोड़ने के आदेश को रद किए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में जिया उर रहमान बाबू, वसीम अब्बासी, सरफराज गुड्डू, शाहवेज डमडम, तनवीर, मुराद कलीम आदि मौजूद रहे।

# 23 जुलाई तक करें नि:शुल्क इलेक्ट्रॉनिक चाक के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित निःशुल्क टूल-किट्स वितरण योजना के तहत अंतर्गत जनपद को 40 पॉटरी व्हील (इलेक्ट्रॉनिक चाक) प्राप्त हुए हैं। इनका निःशुल्क वितरण ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में माटीकला का कार्य कर रहे कुम्हारों एवं परम्परागत कारीगरों को किया जाएगा।उन्होंने बताया कि इच्छुक पात्र अभ्यर्थी 23 जुलाई तक उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि आवेदकों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। चयन में आर्थिक रूप से कमजोर प्रजापति समाज, अत्यंत पिछड़े वर्ग तथा बीपीएल परिवारों के पात्र सदस्यों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।उन्होंने बताया कि योजना के लिए आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। साथ ही, ऐसे व्यक्ति या उनके परिवार के सदस्य, जिन्हें पूर्व में किसी भी विभाग द्वारा माटीकला टूल-किट्स अथवा पॉटरी व्हील निःशुल्क उपलब्ध कराया जा चुका है, इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9580503149 पर संपर्क किया जा सकता है।

**सहूलियत** | 30 एमएम रखी जाएगी मोटाई, सात मीटर है सड़क की चौड़ाई

# 74 लाख से आश्रम पद्धति रोड का नवीनीकरण कार्य शुरू

जागरण मोर्चा, कार्यालय


आश्रम पद्धति रोड का नवीनीकरण का कार्य करते मजदूर।

**रामपुर।** गांधी समाधि स्थित आश्रम पद्धति रोड साढ़े तीन किलोमीटर सड़क का नवीनीकरण कार्य शुरू करा दिया गया है। यह कार्य लोक निर्माण विभाग डायमंड रोड द्वारा कराया जा रहा है। मौके पर खुद सहायक अभियंता, अवर अभियंता कार्य का जायजा ले रहे हैं। गांधी समाधि से कोसी पुल के मोड़ तक की सड़क का नवीनीकरण कार्य जा रहा हैं।

आश्रम पद्धति से कोसी पुल की ओर जाने वाली सड़क जगह-जगह से काफी जर्जर की स्थिति में थी। इस पर विभागीय अफसरों ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा। शासन से करीब 74 लाख रुपये की मंजूरी मिली। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया को पूरा कराया गया। सारी प्रक्रिया होने के बाद सड़क का नवीनीकरण कार्य शुरू कराया गया है। सहायक अभियंता हर्षित जैन ने बताया कि गांधी समाधि से कोसी पुल तक मोड़ की 3.5 किमी. सड़क का नवीनीकरण कराया जा रहा है सड़क की थीकनैस 30 एमएम, जबकि चौड़ाई 7 मीटर है। 70 लाख रूपये की स्वीकृति शासन से मिली है। इसके अलावा जिला पंचायत रोड, टैक्सी स्टैंड से राधा रोड की ओर जा रही सड़क पर नवीनीकरण कार्य शुरू हो चुका है।

## सार संक्षेप

### बूथ अध्यक्ष हमारी पार्टी की जान :विकास

**रामपुर।** शनिवार को बाबा लक्ष्मण दास की समाधि सराए गेट पर भारतीय जनता पार्टी नयागंज मंडल एवं पुराना गंज मंडल की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विकास दीक्षित एवं नगर विधानसभा संयोजक ने अपने संबोधन में कहा कि 22 जुलाई को होने वाले बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को नगर विधानसभा स्तर पर रंगोली मंडप में आयोजित हो रहा है इस कार्यक्रम में शक्ति केंद्र संयोजक व बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को जो नगर विधानसभा स्तर पर रंगोली मंडप में आयोजित हो रहा है। इस कार्यक्रम में शक्ति केंद्र प्रभारी एवं शक्ति केंद्र संयोजक अपने-अपने बूथ अध्यक्षों एकत्रित कर सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान किया। कहा कि बूथ अध्यक्ष हमारी पार्टी की जान है और बूथ अध्यक्षों से ही हम चुनाव जीते हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नीति और विचारों से सभी कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्य भी गिनारे।इस मौके पर पुराना गंज मंडल प्रभारी श्वेता शर्मा,अवधेश शर्मा, नायगंज मंडल के अध्यक्ष राजू सुमन श्रीमाली, पुराना गंज मंडल के अध्यक्ष भव्य उप्पल, कमल कुमार तुरैहा, महेंद्र सक्सेना राजीव प्रकाश सक्सेना, नदीम खान, राजीव प्रजापति, पवन कश्यप, मुकेश रस्तोगी, जसराज सिंह, नरेंद्र शर्मा, संजीव श्रीमाली, निखिल सक्सेना, भगवत सरन सक्सेना, कमल तुरैहा, बकार खान, रवि खत्री आदि लोग मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष राजू सुमन श्रीमाली द्वारा की गई।

### जौहर विश्वविद्यालय को बचाने के लिए किसानों और दिव्यांग संगठन ने निकाला पैदल मार्च



पैदल मार्च निकालते पदाधिकारी।

**स्वार।** स्वार क्षेत्र में मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को ध्वस्त होने से बचाने के लिए भारतीय किसान यूनियन और युवा समाज सेवी दिव्यांग संगठन के बैनर तले प्रदर्शन किया। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लगभग 4 किलोमीटर की लंबी पैदल यात्रा निकालकर विरोध दर्ज कराया। इसके बाद तहसीलदार के माध्यम से देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित एक मांग पत्र सौंपा। राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में अवगत कराया उत्तर प्रदेश का जिला शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है। इस पिछड़े इलाके में शिक्षा का ग्राफ बढ़ाने के उद्देश्य से पूर्व सांसद व राज्यसभा सदस्य मोहम्मद आजम खान ने स्वतंत्रता सेनानी मोहम्मद अली जौहर के नाम से इस विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। आरोप है कि जिला प्रशासन ने विश्वविद्यालय की 30 इमारतों को, जिसमें बैठकर बच्चे पढ़ते हैं, आरडीए से बिना मानचित्र पास कराए बनाए जाने का हवाला देते हुए बुलडोजर से गिराने का आदेश जारी कर दिया है।इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के जिला सलाहकार सलामत खान, फजल अहमद, संरक्षक, मोहम्मद शफी,मसरूर अहमद, मुजाहिद अली, आरिफ, जियाउद्दीन, सगीर अहमद, शादाब, इकरम, जुनैद, जीशान अली, नौशाद, अजरुद्दीन, मोहम्मद आदिल, लईक जान, राशिद आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



भोट में संगठनात्मक कार्यशाला में मौजूद भाजपा पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### बूथ अध्यक्ष सम्मेलन सफल बनाने का आह्वान

**भोट।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों और डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का आयोजन किया जा रहा है।इसी के तहत चमरौआ मंडल कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का आयोजन कर बूथ अध्यक्ष सम्मेलन और कार्यकर्ता डिजिटल लर्निंग महाअभियान के सफल बनाने का आह्वान किया गया।शनिवार को क्षेत्र के सैनया सुख स्थित एक निजी विद्यालय में चमरव्वा मंडल कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिला उपाध्यक्ष करतार सिंह लोधी ने कार्यशाला में संगठन के मार्गदर्शन के अनुसार दोनों अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए रणनीति, कार्ययोजना और संगठनात्मक समन्वय पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि संगठन की शक्ति ही भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से पूर्ण समर्पण और सक्रिय सहभागिता के साथ बूथ स्तर तक अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।जिला पंचायत सदस्य कृष्ण अवतार लोधी ने डिजिटल लर्निंग महाअभियान से संबंधित तकनीकी और सांगठनिक विषयों को विस्तार से प्रस्तुत किया।बैठक के अंत में आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने तथा भारतीय जनता पार्टी के संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने का संकल्प लिया गया।इस दौरान कांता प्रसाद लोधी,लालता प्रसाद लोधी ,राजकिशोर सैनी, भूकलाल लोधी, शिशुपाल सिंह, ओमकार सिंह लोधी आदि मौजूद रहे।

### शिक्षिका की बेटी ने टांडा का किया नाम रोशन



**रामपुर।** थाना टांडा के मोहल्ला आज़ाद नगर निवासी सुहेल खान की बेटी इकरा खान ने नीट के एग्जाम में 596 नंबर मिले।इकरा खान मरहूम गफ्फार खान मोटर मैकेनिक वालों की पोती हैं। इनकी वालिदा मोहतरमा प्राथमिक विद्यालय करीमपुर गुजर वाला में सहायक अध्यापक हैं।इकरा खान ने ग्रीनवुड इण्टर कॉलेज से बारहवीं क्लास पास की उसके बाद ब्रिक्स कोचिंग सेंटर अलीगढ़ से नीट एग्जाम की तैयारी की।जानकारी मिलने के बाद परिजनों में खुशी छाई है। जबकि फोन के माध्यम से भी लोग इकरा खान को बधाई दे रहे हैं।

### वन्य जीवों के संरक्षण के लिए किया जागरूक

**रामपुर।** सामाजिक वानिकी प्रभाग रेंज द्वारा मुर्तजा इंटर कालेज, सैजनी नानकार इंटर कॉलेज, ग्राम रवन्ना में जादूगर ने स्कूल के छात्र छात्राओं और ग्राम में ग्रामीणों और बच्चों को जादूगरी दिखाकर जादूगरी के माध्यम से वृक्ष और वन्य जीवों के संरक्षण के लिए जागरूक किया। एक पेड़ मां के नाम से लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। सभी को जादूगरी से मनोरंजन कराते हुए वन के संबंध में बताया। इसके पश्चात ग्राम ककरौआ में समृद्धि वन वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान शिव शंकर यादव क्षेत्रीय वन अधिकारी, कुंदन सिंह भंडारी उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, धर्मेंद्र कोली उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, विनीत आर्य वन दरोगा, राजीव चन्द्र वन रक्षक, विक्रम सिंह दिवाकर, जयप्रकाश गिरी वन कर्मी उपस्थित रहे।



मुर्तजा इंटर कालेज में छात्राओं को जागरूक करते वनाधिकारी।

# 570 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात, सीएम योगी ने संभल को दी नई रफ्तार

## 24 कोसीय वंशगोपाल परिक्रमा मार्ग, 100 बेड अस्पताल समेत 66 परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण

जागरण मोर्चा, कार्यालय


सम्भल के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सप्रेम भेट करते हुए।


मुख्यमंत्री द्वारा किया गया परियोजनाओं का शिलान्यास।


बहजोई स्थित जनसभा मंच पर विराजमन मुख्यमंत्री योगी ।

**बहजोई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को संभल जनपद को लगभग 570 करोड़ रुपये की 66 विकास परियोजनाओं की सौगात देकर जिले के विकास को नई दिशा दी। नवीन पुलिस लाइन बहजोई स्थित कार्यक्रम स्थल पर आयोजित जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ने 54 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 12 पूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि विकास, विरासत और सुरक्षा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सरकार बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक नागरिक के हित में कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री दोपहर में हेलीकॉप्टर से बहजोई पहुंचे, जहां जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न विभागों की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया और विशाल जनसभा को संबोधित किया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री राजकीय हेलीकॉप्टर से बरेली के लिए रवाना हो गए।

मुख्यमंत्री ने जिले की सबसे बड़ी परियोजना 24 कोसीय वंशगोपाल परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं विकास कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही बहजोई में 100 शैय्या जिला चिकित्सालय भवन के निर्माण की आधारशिला रखी गई। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री हरि कल्कि विश्व तीर्थ, देव तीर्थ, पापमोचन तीर्थ, 19 प्राचीन कूपों के संरक्षण एवं विकास, प्राचीन ऋषि कूप, अमृत कूप तथा यम तीर्थ के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों को भी नई गति मिली।

सड़क एवं परिवहन क्षेत्र में मऊ कठैर-फतेहपुर शमसोई-चंदौसी मार्ग, चंदौसी-बरेली मार्ग, चंदौसी बाजार मार्ग तथा चंदौसी-कुढ़फतेहगढ़ मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से संबंधित परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। वहीं चंदौसी में नए बस स्टेशन तथा परिवहन से जुड़ी अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास का भी मार्ग प्रशस्त हुआ।

शिक्षा के क्षेत्र में असालतपुर जारई स्थित नवीन राजकीय हाईस्कूल एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय का लोकार्पण किया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मॉडल कार्यों का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री ने किया। विभिन्न शैक्षिक एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से जिले के विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध होने की उम्मीद जताई गई।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार का संकल्प 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ बिना जाति और मजहब का भेद किए प्रत्येक नागरिक तक विकास पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और आस्था का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बहन-बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वालों को उसकी कीमत चुकानी पड़ती है और आज पूरे देश में यह संदेश स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने संभलवासियों को विकास परियोजनाओं की सौगात पर बधाई देते हुए कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, परिवहन और धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में जिले का व्यापक विकास होगा। उन्होंने कहा कि संभल की ऐतिहासिक और धार्मिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। यातायात व्यवस्था, पार्किंग, बैरिकेडिंग और जनसभा स्थल पर सभी व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित की गई थीं। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं आमजन कार्यक्रम में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के संबोधन के बाद कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ और वे राजकीय हेलीकॉप्टर से बरेली के लिए रवाना हो गए।

# टीएमयू में एनईपी-2020 बेस्ड यूजीसी मालवीय

जागरण मोर्चा, कार्यालय




**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न आयामों पर आठ दिनी ऑनलाइन मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण में वीसी प्रो. वीके जैन ने कहा, आज के दौर में अनुभवात्मक अधिगम, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण, इंटर्नशिप, भारतीय ज्ञान प्रणाली-आईकेएस और संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों- एसडीजी को उच्च शिक्षा से जोड़ना समय की मांग है। उन्होंने कहा, मूल्यपरक, कौशल आधारित एवम् नवाचारोन्मुख शिक्षा ही विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस गहन प्रशिक्षण में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों ने समसामयिक विषयों पर व्याख्यान दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में यूजीसी मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण सत्रों में देशभर के लगभग 280 शिक्षकों और शिक्षाविदों ने ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया। एएमयू की डॉ. फैज़ा अब्बासी प्रशिक्षण की बतौर प्रोग्राम डायरेक्टर, जबकि टीएमयू की असिस्टेंट डायरेक्टर-अकादमिक डॉ. नेहा आनंद और डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. वरुण कुमार सिंह की बतौर समन्वयक सक्रिय भूमिका रही। डीन अकादमिक प्रो. मंजुला जैन ने शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा, संस्थागत तैयारी और शैक्षणिक नवाचार से ही इसके बेहतर परिणाम मिलेंगे। उन्होंने कहा, उद्योग और अकादमिक जगत के बीच मजबूत तालमेल और रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों का होना बेहद जरूरी है। कुमाऊँ यूनिवर्सिटी की यूजीसी एमटीटीसीसी की प्रोग्राम डायरेक्टर प्रो. दिव्या जोशी ने कहा, आत्मनिर्भर भारत के लिए कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा समय की मांग है। एसजीबी अमरावती यूनिवर्सिटी के यूजीसी एमटीटीसीसी की प्रोग्राम डायरेक्टर प्रो. एम. अतीक ने लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम और डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग पर बल दिया। डॉ. हरिसिंह गौर यूनिवर्सिटी के प्रो. आरटी बेदरे ने विविधता और समावेशी शिक्षा के लिए समान अवसर वाले वातावरण की पुरजोर वकालत की।

## पति-पत्नी के 7 परिवारों में फिर जली उम्मीद की लौ

**बहजोई।** पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक शनिवार को महिला थाना बहजोई में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के बीच चल रहे पारिवारिक विवादों को आपसी सहमति और काउंसलिंग के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया गया। सुनवाई के दौरान सात बिखरे परिवारों को दोबारा साथ रहने के लिए राजी कराया गया। बैठक पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत एवं क्षेत्राधिकारी बहजोई स्तुति सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। महिला थाना प्रभारी डॉ. रूकमपाल सिंह की अध्यक्षता में काउंसलर्स ने दोनों पक्षों की बात सुनकर विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कराने का प्रयास किया। बैठक में कुल 74 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई, जिनमें से 21 मामलों का निस्तारण किया गया। इनमें सात मामलों में पति-पत्नी के बीच समझौता कराकर परिवारों को फिर से एक किया गया। वहीं दो मामलों में समझौता संभव न होने पर विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। इसके अलावा 12 मामलों में आवेदक अथवा आवेदिका के काउंसलिंग में उपस्थित न होने या मामले में रुचि न लेने के कारण पत्रावलियां बंद कर दी गईं। बैठक में काउंसलर लवमोहन वार्ष्णेय, श्वेता गुप्ता, बबिता शर्मा, सीमा आर्य, कांस्टेबल शहजाद मलिक तथा महिला कांस्टेबल ज्योति सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि परिवार परामर्श केंद्र का उद्देश्य छोटे-छोटे पारिवारिक विवादों को न्यायालय की लंबी प्रक्रिया से पहले आपसी संवाद और सहमति के माध्यम से सुलझाकर परिवारों को टूटने से बचाना है।

## विल्सोनिया के 60 वर्षों की यात्रा को दर्शाया प्रदर्शनी में

**मुरादाबाद।** विल्सोनिया स्कॉलर्स होम दिल्ली रोड, मुरादाबाद में प्रधानाचार्या श्वेतांगना संतराम के नेतृत्व में भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विल्सोनिया ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. आशीष संतराम विल्सोनिया सिविल लाइंस, स्कूल की प्रधानाचार्या संगीता रेवीस आविश रेवीस रहे तथा निर्णायक मंडल में अनु अमर, डॉक्टर तंजीम अहमद डायरेक्टर स्कूल ऑफ़ बायोटेक्नोलॉजी एवं भूतपूर्व विल्सोनिया छात्राअक्सा फातिमा रहे। प्रधानाचार्या श्वेतांगना संतराम एवं उप प्रधानाचार्या शुमायला खान ने अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया। प्रदर्शनी में कक्षा 6 से लेकर 12 तक के बच्चों ने अपने प्रोजेक्ट एवं चार्ट के माध्यम से अपने ज्ञान को प्रदर्शित किया। कक्षा 6 के बच्चों ने ट्रांसपोर्ट संबंधी चार्ट एवं मॉडल का सुंदर प्रदर्शन किया वहीं कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने टेक्नोलॉजिकल साइंस विषय पर सुंदर-सुंदर मॉडल एवं चार्ट बनाएं। कक्षा 8 के बच्चों ने बायो साइंस एवं मेडिसिन विषय पर सुंदर-सुंदर प्रोजेक्ट एवं चार्ट, मॉडल बनाएं। कक्षा 10 ने मीडिया एवं जनरलिज्म पर सुंदर-सुंदर चार्ट, मैगजीन, समाचार पत्र आदि बनाएं। वहीं कक्षा 11 के बच्चों ने विल्सोनिया स्कूल, डिग्री कॉलेज के सुंदर-सुंदर मॉडल बनाकर उनका प्रदर्शन किया। कक्षा 12 के बच्चों ने इंफ्रास्ट्रक्चर एवं विल्सोनिया 60 वर्ष दर्शाते हुए सुंदर-सुंदर मॉडल एवं चार्ट बनाएं जिसमें उन्होंने विल्सोनिया के 60 वर्षों की यात्रा को दर्शाया। स्टेम द्वारा भी बच्चों ने सुंदर सुंदर मॉडल बनाए। कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों ने ग्रीष्मावकाश में किये गये गृहकार्य का प्रदर्शन किया।

# बहजोई को सदर तहसील बनाने की मांग ने फिर पकड़ा जोर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन के अवसर पर जिला कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन बहजोई ने बहजोई को जनपद की सदर तहसील घोषित किए जाने की वर्षों पुरानी मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने कहा कि जनपद मुख्यालय होने के बावजूद बहजोई को आज तक सदर तहसील का दर्जा नहीं मिल सका है, जिससे आमजन को राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में कहा गया कि जनपद गठन के बाद से ही बहजोई क्षेत्र की जनता एवं अधिवक्ता समाज लगातार इस मांग को उठाता रहा है। बहजोई को


अधिकारी को ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

सदर तहसील घोषित किए जाने से प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा राजस्व संबंधी कार्यों का त्वरित एवं सुगम निस्तारण संभव हो सकेगा। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि सदर तहसील का दर्जा मिलने से किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों का समय और धन दोनों की बचत होगी। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा तथा जनपद के संतुलित एवं समग्र विकास को नई गति मिलेगी। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री से जनहित को सर्वोपरि रखते हुए बहजोई को जनपद सम्भल की सदर तहसील घोषित करने का अनुरोध किया। जिस पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगराज सिंह यादव एडवोकेट, महासचिव अशोक राणा, उपाध्यक्ष अमरीख यादव, सह सचिव (प्रशासन) हर प्रसाद राणा, सह सचिव आयुष वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष नेतराम राणा, हितेश कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

खुशी का माहौल

अनावरण होते ही दोनों स्थानों पर झूमे भक्तगण, किया प्रसाद का वितरण, मुख्यमंत्री ने चन्दौसी की जनता का जताया आभार

# सीएम ने श्री गणेश व श्रीराम की प्रतिमाओं का किया अनावरण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहजोई में जनसभा के दौरान चन्दौसी स्थित गणेश मंदिर के सामने स्थित 145 फिट ऊंची श्री गणेश व रामबाग धाम स्थित 51 फिट ऊंची श्रीराम की प्रतिमा का वर्चुअल अनावरण किया। इस दौरान दोनों ही स्थानों पर काफी संख्या में भक्त गण मौजूद थे। अनावरण के उपरांत दोनों ही स्थानों पर आरती संपन्न हुई और भक्तों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया। पुष्प वर्षा की गई व अंत में प्रसाद वितरण हुआ। दोनों ही प्रतिमाओं का अनावरण के बाद भक्तों के साथ-साथ जनता खुशी का माहौल हुई।

शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहजोई में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। उन्हें विकास परियोजनाओं लोकार्पण व शिलान्यास किया। जनसभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें चन्दौसी में गणेश मंदिर के सामने भगवान श्री गणेश व रामबाग धाम स्थित श्रीराम की प्रतिमा का अनावरण करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि वह चन्दौसी की जनता के आभारी हैं कि उन्होंने उन्हें इस योग्य समझा। उन्होंने जनता का खुशियां अदा भी किया।


वर्चुअल अनावरण के बाद श्री गणेश प्रतिमा के सामने नृत्य करते भक्तगण।


वर्चुअल अनावरण के बाद श्रीराम की प्रतिमा के समक्ष मौजूद भक्तगण।


श्रीराम की प्रतिमा की ारती करते भक्तगण। -जागरण मोर्चा

वहीं दोनों ही स्थानों पर प्रतिमा अनावरण के अवसर पर काफी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। जैसे ही मुख्यमंत्री ने बहजोई से वर्चुअल अनावरण किया है कि दोनों स्थानों पर भगवान के जयकारे लगने शुरू हो गए। भक्तों ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया। दोनों ही स्थानों पर भक्तों ने आरती संपन्न की और प्रसाद का वितरण किया। चन्दौसी की जनता भगवान गणेश व श्रीराम के प्रतिमाओं के अनावरण की प्रतिक्षा काफी समय से कर रही थी। गणेश मंदिर व रामबाग धाम पर कार्यक्रम एसडीएम आशुतोष तिवारी व प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुए। इस अवसर पर गणेश मेला परिषद के मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार रूपी, मनोज गुप्ता, डा. राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ, लोकेंद्र शर्मा, प्रजीत कुमार लालू, शशिकांत गुप्ता, सतेंद्र मामा, प्रभात कृष्णा, मुकेश ब्रेड, प्रफुल्ल कुमार, राहुल चौधरी, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, सुशांत गुप्ता, पवन भट्टा, प्रवीण पूसी, मोहम्मद फईमुद्दीन, प्रतीक किट्टू, रामबाग धाम पर मौसम गुप्ता, अखिलेश खिलाड़ी, अमित केएस, दीपक, राकेश आर्य, अंकित वार्ष्णेय, गौरव, यश गुप्ता, मयंक चिंकल, गौरव एसजे, दीपांशु वार्ष्णे, गणेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### दंपती में विवाद के महिला ने पिया कीटनाशक



**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र में संता मिल निवासी महिला गृह क्लेश के चलते कीटनाशक का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने महिला को उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। संता मिल निवासी कविता पत्नी सिद्धार्थ ने गृह क्लेश के चलते शुक्रवार की शाम 7 बजे घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। जब महिला की हालत बिगड़ी तो परिजनों को जानकारी हुई। परिजन महिला को आनन-फानन में उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। गृह क्लेश का कारण पति-पत्नी के बीच विवाद व कहासुनी बताया जा रहा है।

### महिला का उपचार करते चिकित्सा कर्मी।


पौधे में पानी डालते प्रभारी मंत्री।

**चन्दौसी।** सहकारिता मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने नरौली कस्बा स्थित बी-पैक्स का निरीक्षण किया। जिसमें समिति पर उर्वरक का पर्याप्त भंडार मिला। सीथ ही उनके द्वारा समिति परिसर में पौधारोपण किया गया। उनके द्वारा समिति को माडल बनाना को कहा। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक वीर विक्रम सिंह, एडीसीओ राजेश त्रिपाठी, समिति सभापति माघवेंद्र सिंह, एडीसीओ वीरेंद्र कुमार, सचिव पंकज चौधरी, बाबू सिंह, अंकुल चाहल, बालमुकंद, विजय पाल सिंह, वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।


विवेक मिश्रा को घर पर नजरबंध करती पुलिस।

### संघ के अध्यक्ष को पुलिस ने किया नजरबंद

**चन्दौसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में ज्ञापन देने जाने वाले ब्रह्मण शक्ति संघ के अध्यक्ष को पुलिस ने शुक्रवार की रात 12 बजे घर पर नजरबंद कर दिया। शनिवार को जनपद के बहजोई में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा होनी थी। इसको लेकर ब्रह्मण शक्ति संघ के अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने अपने साथियों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने की बात कही थी। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ब्राह्मण समाज के साथ घट रही घटनाएं, भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने व यूजीसी को वापस लेने सहित अन्य मांग शामिल थी। जनसभा में जाने की बात संज्ञान में आने पर पुलिस ने विवेक मिश्रा को शुक्रवार की रात 12 बजे से घर में नजर बंद कर दिया। जिससे वह मुख्यमंत्री को ज्ञापन नहीं दे सके।




### राम मंदिर चंदा एवं चढ़ावा चोरी प्रकरण में की जा रही लीपापोती: सपा सांसद सनातन पांडेय

**मुरादाबाद।** पत्रकारों से बातचीत में सपा सांसद सनातन पांडेय ने अयोध्या के राम मंदिर चंदा एवं चढ़ावा से जुड़े कथित अनियमितता के मामले को लेकर भाजपा सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में केवल लीपापोती की जा रही है और करोड़ों रुपये की कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है। उनका दावा था कि इस मामले को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वाराई उठाए जाने के बाद ही कार्रवाई शुरू हुई। उन्होंने कहा कि यदि एसआईटी जांच में अनियमितता सामने आई है तो कार्रवाई केवल कर्मचारियों, सफाईकर्मियों और ड्राइवरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि जिम्मेदार पदाधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित ट्रस्ट पदाधिकारियों को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए तथा मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को भी इस मुद्दे पर अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए। सांसद सनातन पांडेय ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि प्रदेश में ब्राह्मण समाज स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कानपुर के खुशी दुबे प्रकरण और विजय मिश्रा के परिवार का उल्लेख करते हुए कहा कि कानून अपना कार्य करे, लेकिन निर्दोष लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

### अवैध शस्त्र रखने के मामले में आरोपी दोषी करार

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश पुलिस के "ऑपरेशन कनविक्शन" अभियान के तहत सम्भल पुलिस को एक और सफलता मिली है। प्रभावी विवेचना और सशक्त पैरवी के चलते अवैध शस्त्र रखने के मामले में आरोपी को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास तथा एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस के अनुसार थाना असमौली में वर्ष 2014 में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 65/2014, धारा 25 आयुध अधिनियम के तहत अभियुक्त हंसार पुत्र यासीन, निवासी ग्राम हीरापुर, थाना असमौली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस और अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में प्रभावी ढंग से साक्ष्य एवं तथ्य प्रस्तुत किए। शनिवार को माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम (जेएम-प्रथम) सम्भल ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई गई 10 दिन की अवधि के कारावास तथा 1000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में नियमानुसार अतिरिक्त दंड भुगतना होगा।

### तमंचा रखने के दोषी को दो दिन की जेल

**संभल।** अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के तहत पुलिस को एक और सफलता मिली है। अवैध शस्त्र रखने के करीब 18 वर्ष पुराने मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के अंतर्गत सम्भल पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना और प्रभावी पैरवी के चलते थाना हयातनगर में वर्ष 2008 में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 13/2008, धारा 25 आयुध अधिनियम में आरोपी पिन्टू पुत्र प्रेमराज निवासी ग्राम आढोल, थाना हयातनगर के विरुद्ध न्यायालय में दोष सिद्ध कराया गया। शनिवार को माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, सम्भल ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी को दोषी ठहराया। न्यायालय ने उसे जेल में बिताई गई अवधि (दो दिन) के कारावास तथा 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# अमरोहा की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक की पहचान: सीएम योगी

**शैक्षणिक गतिविधियां बाधित होने की जताई आशंका, पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू बोले- हजारों छात्रों का भविष्य दांव पर**

- **गंगा एक्सप्रेस-वे बनने से अमरोहा और दिल्ली के बीच की दूरी काफी कम हुई**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला/अमरोहा।** जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमरोहा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को नमन किया। उन्होंने कहा कि तिगरी धाम और वासुदेव तीर्थ की इस पावन भूमि ने श्वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत ढोलक और तबला निर्माण में वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। अमरोहा का आम भी आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी विशेष पहचान स्थापित कर चुका है। विकास कार्यों का ब्योरा देते हुए उन्होंने बताया कि आज अमरोहा विधानसभा क्षेत्र के लिए 35.195 करोड़ रुपये की 6 परियोजनाओं का शिलान्यास और 69.162 करोड़ रुपये की 19 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है। वहीं, धनौरा विधानसभा के लिए 59.109 करोड़ रुपये की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास और 44.026 करोड़ रुपये की 13 परियोजनाओं का लोकार्पण संपन्न हुआ है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे बनने से अमरोहा और दिल्ली के बीच की दूरी काफी कम हुई है। आज दिल्ली तक की यात्रा लगभग डेढ़ घंटे में संभव हो रही है। उन्होंने बताया कि हरिद्वार तक बेहतर संपर्क के लिए भी कार्य प्रगति पर है, जिससे क्षेत्र के विकास और पर्यटन को नई गति मिलेगी।

**किसानों के हित सर्वोपरि, समय पर हुआ गन्ना भुगतान**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। किसानों को समयबद्ध गन्ना भुगतान सुनिश्चित किया गया है तथा गन्ने का मूल्य बढ़ाकर 400 प्रति क्विंटल किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 122 चीनी मिलों का सफल संचालन हो रहा है तथा किसानों को लगभग 3.23 लाख करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आगामी 50 से 100 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना विकसित की जा रही है। उन्होंने गंगाधाम तिगरी एवं गढ़ क्षेत्र का विकास कुंभ की तर्ज पर करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान सरकार में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है तथा धार्मिक आयोजनों का शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराध और माफिया के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई है तथा सरकारी नौकरियों में पूर्ण पारदर्शिता के साथ नियुक्तियां हो रही हैं। योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचाया जा रहा है।

**यह रहे मौजूद**

कार्यक्रम में राज्य मंत्री, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, विभाग उ.प्र. बलदेव सिंह औलख, जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, अमरोहा सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर, धनौरा विधायक राजीव तरारा, विधायक हसनपुर महेंद्र खड़गवंशी, शिक्षक विधायक डॉ. हरिसिंह ढिल्लो, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी, जिला प्रभारी राजीव सिसोदिया, रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष सरजीत सिंह, मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह, जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़, पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, पूर्व मंत्री मदन चौहान, पूर्व सांसद वीर सिंह, राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष सचिन चौधरी, पूर्व विधायक संगीता चौहान, हरपाल सिंह, तोताराम, नगर पंचायत अध्यक्ष सैदनगली अनुकृति चौधरी, गजरौला राजेन्द्री उर्फ उमा, धनौरा चैयरमेन प्रवीण अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख गुरिन्दर सिंह ढिल्लो, ममता गुर्जर, मीनाक्षी चौधरी, राजपाल सैनी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं भारी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## पत्नी के साथ घर लौट रहे युवक के साथ मारपीट, चार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**गजरौला ।** पत्नी की दवाई दिलाकर घर लौट रहे युवक के साथ चार युवकों ने मारपीट करके घायल कर दिया। युवक को काफी चोट आने के कारण उसने अपना उपचार निजी हॉस्पिटल में कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कांकाठेर निवासी संतरेश शाम के समय पास के ही गांव शहबाजपुर डोर से अपनी पत्नी मिथलेश को दवाई दिलाकर बाइक से घर वापस जा रहा था। आरोप है कि गांव से पहले स्थित बाग के सामने उसे चार युवक मिले। जिनके हाथों में बेल्ट, लाठी-डंडे और सरिए थे। चार युवकों ने उसके साथ मारपीट करके घायल कर दिया।

घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित युवक संतरेश की तहरीर के आधार पर पुलिस ने थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के नया गांव इनायतपुर निवासी सोनू, कपिल व शिवा के साथ थाना गढ़मुक्तेश्वर के गांव पलवाड़ा निवासी आकाश के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर ली है।

## सार संक्षेप

### तालाब में डाला जहरीला पदार्थ लाखों मछलियां मरी



**संवाददाता, हसनपुर ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में स्थित ग्राम समाज के तालाब में अज्ञात व्यक्ति ने डाला जहरीला पदार्थ लाखों मछलियों की मौत। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में दी तहरीर। कोतवाली क्षेत्र के गांव अगरौला कला निवासी रवि टंडन पुत्र धारा सिंह ने गांव के नजदीक स्थित ग्राम पंचायत के तालाब का 10 वर्ष के लिए मछली पालन का पट्टा करा रखा है। जिसमें पीड़ित के द्वारा मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। जैसे ही पीड़ित शनिवार की सुबह तालाब पर पहुंचा तो लाखों मछलियां मरी हुई तालाब के पानी पर तैर रही थी। आरोप है कि शुक्रवार की देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा तालाब में जहरीला पदार्थ डाल दिया गया। जिसके जहर से लाखों मछलियों की मौत हो गई।पीड़ित ने पांच लाख रुपए के नुकसान का आकलन बताया है। पीड़ित के द्वारा अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है।

### भारतीय किसान संघ में बैठक कर सोपा ज्ञापन

**संवाददाता, हसनपुर ।** शनिवार को भारतीय किसान संघ ब्लॉक हसनपुर की मासिक बैठक ग्राम करनपुर माफी स्थित कृषि संभाग में आयोजित की गई, बैठक के बाद किसानों की समस्याओं से संबंधित पांच सूत्रीय ज्ञापन डीएम के नाम एसडीएम को सौंपा गया। जिस में किसानों के अंश बंटवारा को ठीक कराकर किसानों की परेशानी दूर कराया जाए,हर घर जल हर घर नल योजना के तहत गांवों में बंद पड़ी टंकियों को जल्द से जल्द चालू कराया जाए, जिससे ग्रामीण वासियों को पीने का शुद्ध पानी मिल सके और दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके बिजली विभाग द्वारा बिना चेक किए ही घरेलू बिजली मीटरों को लौड तीन किलोवॉट कर दिया गया है,जिसे ठीक करना अत्यंत आवश्यक है। नगर से गांव रामपुर भूड़ को जाने वाले रास्ते के किनारे 11 हजार की लाइन के तार बहुत जर्जर स्थिति में है,जो बार बार टूटते रहते है जिससे वहां से गुजरने वाले अनेकों गांव के लोगों को खतरा बना रहता है तारों को शीघ्र बदलवाया जाये। बारिश के मौसम में गांवों की नालियों में जो जल भराव रहता है उससे मच्छरों की संख्या बहुत बढ़ गयी है जिससे बुखार मलेरिया जैसी बीमारियां फैल रही है तुरन्त गांवों के दबाई का छिड़काव कराया जाए जिससे बीमारियों से बचा जा सके। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा,रमेश,महीपाल सिंह, धर्मपाल सिंह चौहान,हरि प्रकाश राणा,ओमवीर सिंह चौहान, ब्रजनन्दन चौहान,लाखन सिंह, रतन सिंह,यशवीर सिंह आदि मौजूद है।

# धनौरा में सपा महासम्मेलन में कार्यकर्ताओं में भरा जोश

- **पीडीए की एकजुटता पर दिया जोर, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान, एमएलसी चुनाव में दानिश अली को जिताने की अपील**





**मंडी धनौरा/अमरोहा।** रोड स्थित विजय पैलेस में शनिवार दोपहर समाजवादी पार्टी का विधानसभा क्षेत्र-39 धनौरा का महासम्मेलन उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रदेश भर से आए नेताओं और स्थानीय कार्यकर्ताओं की भारी मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान आगामी 2027 विधानसभा चुनाव और एमएलसी चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव ने की, जबकि विधानसभा अध्यक्ष आमिर रजा जैदी एवं जिला महासचिव चंद्रपाल सैनी ने संयुक्त रूप से संचालन किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका बूथ स्तर का कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य सामाजिक न्याय की लड़ाई को हर गांव, हर बूथ और हर घर तक पहुंचाना है। उन्होंने पीडीए पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक की एकजुटता को मजबूत करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यही एकता प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदलाव लाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी समर्थित प्रत्याशी दानिश अली को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटने की अपील की।

सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में कांठ विधायक एवं पूर्व मंत्री कमाल अख्तर, नूरपुर विधायक राम अवतार सैनी तथा नौगावां सादात विधायक समरपाल सिंह भी मौजूद रहे। तीनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। पूर्व मंत्री कमाल अख्तर ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारों की लड़ाई को गांव-गांव तक पहुंचाना समाजवादी पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोगों के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाने का आह्वान किया तथा एमएलसी चुनाव में दानिश अली को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। सम्मेलन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहे कई स्थानीय नेताओं ने भी अपनी सक्रियता और संगठनात्मक ताकत का प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशफाक अली खान, हाजी शब्बान, पूर्व मंत्री जगराम सिंह, चौधरी भूपेंद्र सिंह, भूरे खां, नवाजिश अली, उर्वशी, आलोक भारती, जितेंद्र प्रताप सिंह, नरेश कुमार, लता सागर एडवोकेट, राधेलाल रघुवंशी, बछरायूं चेयरमैन राहत चौधरी, विपिन कौशिक, महाराज सिंह, नौशाद मंसूरी, डॉ. इस्माइल सैफी, डॉ. नवाब सैफी, गौरव धारीवाल, फरमान सिद्दीकी, बछरायूं नगर अध्यक्ष जीशान, जावेद चौधरी, कौसर बछरायूं, कारी इसरार, आलम शेख, अफजाल सैफी सभासद, सोनू प्रजापति, विजयपाल सैनी, साबिर सैफी, महेंद्र यादव, सचिन कुमार बोबी, अलाउद्दीन सैफी, संजीव त्यागी , नवेंद्र सिंह गुड्डू, मनोज त्यागी, गुड्डू प्रधान, आमिर रजा जैदी आदि सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में पांच शिकायत दर्ज हुई

**संवाददाता, हसनपुर ।** संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्रवासियों की शिकायतें तहसीलदार द्वारा सुनी गई, संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र पांच शिकायत दर्ज हुई जिनमें निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। शासन के निर्देश पर शनिवार को ग्राम करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र वासियों की समस्याओं को तहसीलदार लकी सिंह द्वारा सुनी गई। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की एक,पुलिस विभाग की एक,पूर्ति विभाग की एक एवं अन्य विभागों की दो कुल मिलाकर पांच शिकायतें दर्ज हुई। जिनके निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे दिया गया। हालांकि जनपद में मुख्यमंत्री के दौरे के चलते संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गैर हाजिर रहे,वही क्षेत्रवासी भी कम दिखाई दिए।संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### कच्ची शराब के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन



प्रर्दशन करतीं महिलाएं।

**संवाददाता, हसनपुर ।** शनिवार को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कच्ची शराब को लेकर पहुंची महिलाओं ने किया जोरदार प्रदर्शन। आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव देहरी खादर निवासी महिलाओं ने गांव में कच्ची शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाने वह दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए कहा कि कुछ दबंग और असामाजिक तत्व बाहर से अवैध कच्ची शराब लाकर खुलेआम बेच रहे हैं।इसके कारण गांव के युवा और पुरुष नशे की लत का शिकार हो रहे हैं।शराब के नशे में धुत युवक रास्ते में चलती महिलाओं को राहगीरों से अभद्र व्यवहार करते हैं। जिससे गांव का माहौल असुरक्षित हो रहा है प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आपबीती सुनाते हुए कहा कि उनके पति दिनभर की मजदूरी से कमाई गई रकम को शराब पर खर्च कर देते हैं। नशे की हालत में घर लौटने पर वह महिलाओं के साथ मारपीट करते हैं।इस अवैध कारोबार के चलते गांव के दर्जनों परिवारों में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। घरों में आए दिन झगड़े रहते हैं। तहसील समाधान दिवस में अधिकारियों के द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए तुरंत आदमपुर थाने को फोन कर सूचना दी। वह कार्यवाही के आदेश दिए।प्रर्दशन करने वालों में ममता, सुशीला, मीना, सरोज, भगवान देई, सुमरती, राखी, मूर्ति, सोमवती ,सावित्री आदि दर्जनों महिला उपस्थित रही।

## जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण आदेश के विरोध में सपा का शांति मार्च



जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों को ध्वस्त करने के आदेश के विरोध में शनिवार को समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुरादाबाद में शांति मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराया। पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू के नेतृत्व में निकाला गया यह मार्च सिविल लाइंस से शुरू होकर मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचा, जहां अपर आयुक्त द्वितीय शशिभूषण को मंडलायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि रामपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) ने विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित 38 भवनों को ध्वस्त करने के लिए 15 दिनों के भीतर स्वयं कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है। समाजवादी पार्टी का कहना है कि यदि इस आदेश पर अमल किया गया तो विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा और हजारों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा स्थानीय समुदाय को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। सपा नेताओं ने ज्ञापन में कहा कि मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय रामपुर और आसपास के क्षेत्रों के अल्पसंख्यक एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र है। बड़े पैमाने पर भवनों के ध्वस्तीकरण से शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी और विद्यार्थियों का भविष्य भी संकट में पड़ सकता है। शांति मार्च एवं ज्ञापन कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष तालिब अंसारी, जिगरी मलिक, राकेश राठी, हारून पाशा, फहीम एडवोकेट, अजीज अहमद, करीम खान, शारिक कुरैशी, कमर परवेज़, सलामत जान, सुनीता सिंह एडवोकेट, चौधरी इस्माइल खान, अब्दुल वदूद खान, नाजिम वारसी, मास्टर रईस अहमद, बाबू मंसूरी, रईस मलिक, यामीन चौधरी, मोहम्मद इलियास सलमानी, संजीव चौधरी, अजहरुद्दीन खान, अजीम पाशा, डॉ. नासिर, मसरूर खान, सुमित यादव, दीपक यादव, मोहम्मद अरशद, आमिर अंसारी, तारिक आफताब बॉबी सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भीम आर्मी ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

**गजरौला ।** भीम आर्मी के पदाधिकारियों को भी पुलिस ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में जाने से रोक दिया। पुलिस और कार्यकर्ताओं की काफी नोंकझोंक हुई। बाद में कार्यकर्ताओं ने इंदिरा चौक पर पुलिस को ज्ञापन सौंपा। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विकेश कुमार ने कहा कि वे जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे जाने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों में बाधा बताया। इस मौके पर देवेंद्र बेसला, प्रशांत फौंदापुरिया, नरेन्द्र सिंह, प्रियांशु सिंह, अरविंद सिंह, अरविंद कुमार, जुगनू सिंह, सुनील कुमार, यूसुफ मलिक, फहीम सलमानी, कृष्ण कुमार, तरुण कुमार, कृष जाटव आदि मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते भीम आर्मी के कार्याकर्ता।

### भाकियू बीआर अंबेडकर के प्रतिनिधि मंडल को कोतवाली पुलिस ने रोका

**संवाददाता, हसनपुर ।** मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के लिए जा रहे किसान प्रतिनिधि मंडल को कोतवाली पुलिस द्वारा रोका गया जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है। शनिवार को भाकियू बी.आर. अंबेडकर की ओर से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ को किसानों, मजदूरों एवं आम जनता की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपने के लिए प्रतिनिधिमंडल जा रहा था। लेकिन हसनपुर कार्यालय पर ही प्रशासन द्वारा प्रतिनिधिमंडल को रोक दिया गया, जिससे कार्यकर्ताओं में गहरा रोष व्याप्त है। ज्ञापन में किसानों को पर्याप्त बिजली, खाद की उपलब्धता, टूटी सड़कों के निर्माण तथा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय भाटी से जुड़े मामलों में निष्पक्ष जांच एवं न्याय की मांग शामिल थी।दिग्विजय भाटी की गैरमौजूदगी में उनके छोटे भाई गजेंद्र भाटी ने पूरी टीम के साथ किसानों और जनता की आवाज़ को बुलंद करने का प्रयास किया। हमारा उद्देश्य केवल जनहित के मुद्दों को सरकार तक पहुँचाना है।हम आशा है कि सरकार और प्रशासन जनहित से जुड़े इन विषयों पर गंभीरता से विचार करेगा। इस मौके पर गजेंद्र भाटी, विजय सैनी, धर्मपाल यादव, सूरजपाल जाटव, चौ. रिहान, रूम सिंह खड़गवंशी, सोनू गुर्जर,नसीम सैफी, यश त्यागी, गौतम गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## भाकियू इंडिया के पदाधिकारी नजर बंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री को किसानों की समस्या से संबंधित ज्ञापन सौंपने जा रहे किसानों को पुलिस द्वारा उन्हें के घर में नजर बंद कर लिया गया जिससे किसानों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। किसानों द्वारा पुलिस प्रशासन को ही मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सोपा गया। शनिवार को जनपद के गजरौला क्षेत्र स्थित एक यूनिवर्सिटी में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिमाक सिंह के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने के लिए जा रहा था, लेकिन रहरा थाना पुलिस द्वारा उन्हें गांव छपना स्थित कार्यालय पर ही नजर बंद कर उनसे मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन ले लिया, जिससे किसानों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है, किसानों का कहना है जब कृषि प्रधान देश में किसानों की नहीं सुनी जाएगी तो किसकी सुनी जाएगी। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिमाक सिंह, लोकेश बिधूड़ी, प्रवीण कुमार, अमरीश जयपाल सिंह, जयदेव सिंह, कमरुलू, इस्लाम, सोनू नागर आदि मौजूद रहे।



**राजनीति** भगवान परशुराम संघर्ष समिति ने बलिया के सांसद सनातन पांडेय और मुरादाबाद की संसद रुचि वीरा को दिया ज्ञापन

# मुरादाबाद शहर से विधानसभा चुनाव में ब्राह्मण को टिकट दें समाजवादी पार्टी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियों के बीच भगवान परशुराम संघर्ष समिति, मुरादाबाद ने समाजवादी पार्टी से मुरादाबाद शहर विधानसभा सीट पर ब्राह्मण समाज के योग्य प्रत्याशी को टिकट देने की मांग उठाई है। समिति ने इस संबंध में बलिया से समाजवादी पार्टी के सांसद सनातन पांडेय तथा मुरादाबाद की सांसद रुचि वीरा को ज्ञापन सौंपकर पार्टी नेतृत्व के समक्ष इस मांग को प्रभावी ढंग से रखने का आग्रह किया।

समिति के जिला अध्यक्ष रजत शर्मा की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि मुरादाबाद शहर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 60 हजार ब्राह्मण मतदाता हैं, जो चुनाव परिणाम को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। इसके बावजूद लंबे समय से इस समाज को सम्मानजनक राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है।

ज्ञापन में कहा गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण समाज एक प्रभावशाली और निर्णायक वर्ग है तथा वह सम्मानजनक भागीदारी की अपेक्षा रखता है। समिति का दावा है कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई घटनाओं और कथित उपेक्षा के कारण ब्राह्मण समाज के एक वर्ग में असंतोष है और वह ऐसे राजनीतिक विकल्प की तलाश में है, जो उसे उचित प्रतिनिधित्व और सम्मान दे सके।समिति ने समाजवादी पार्टी से मांग की है कि मुरादाबाद शहर विधानसभा सीट से योग्य, शिक्षित, स्वच्छ छवि, संघर्षशील एवं जनसेवा से जुड़े ब्राह्मण प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा जाए।

ज्ञापन में कहा गया है कि इससे न केवल ब्राह्मण समाज का विश्वास समाजवादी पार्टी के प्रति मजबूत होगा, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पार्टी को राजनीतिक लाभ मिलने की भी संभावना है।समिति ने सांसद सनातन पांडेय से अनुरोध किया है कि वह इस विषय को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और शीर्ष नेतृत्व के समक्ष गंभीरता से रखें। वहीं सांसद रुचि वीरा से भी मुरादाबाद के स्थानीय राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए ब्राह्मण समाज की इस मांग का समर्थन करने का आग्रह किया गया है।

### विराट हिन्दू विवाह सम्मेलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह की तैयारियां, जिम्मेदारी सौंपी



**मुरादाबाद।** भारतीय संस्कृति रक्षा अभियान हेतु अर्द्धमौनी सर्व कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित "विराट हिन्दू विवाह सम्मेलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह" के सफल आयोजन हेतु आज आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई तथा विभिन्न समितियों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए। बैठक में बताया गया कि रेड सेफायर बैंक्वेट, मुस्कान नर्सिंग होम गली, आशियाना, मुरादाबाद में आयोजित इस सम्मेलन में 51 कन्यादान एवं 251 युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। साथ ही समाजसेवा एवं राष्ट्रहित में उल्लेखनीय योगदान देने वाले भामाशाहों का सम्मान भी किया जाएगा। बैठक में सुधीर गुप्ता, राजेश रस्तोगी, अनिल सिक्का, रामजी, विनय गुलाटी, सन्तोष नारंग, सुबोध अग्रवाल, अजित प्रताप सिंह, नागेन्द्र वोरा, धारा ठाकुर, हर्षिता सिंह, शान्विका सिंह वोरा, ठाकुर माधवन प्रताप सिंह व शामिल रहे।

## एक नजर

### फैसला करने से इंकार करने पर महिला से मारपीट में सात पर प्राथमिकी

**बदायूं।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला शहवाजपुर निवासी सदफ जैदी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अमरदीप राठौर व उसकी पत्नी छाया राठौर निवासीगण प्रीत बिहार कॉलोनी बदायूं के खिलाफ 21 जनवरी को आपराधिक कृत्यों का शिकायती पत्र थाना कोतवाली में दिया था। जिसकी जानकारी मिलने पर अमरदीप उस पर फैसले का दबाब बनाने लगा। जब उसने समझौता करने से इंकार कर दिया तो आरोपित पक्ष उसे प्रताड़ित करने लगा। आरोप है कि अमरदीप व उसका भाई विवेक, साला सौरभ पटेल आदि लोग उसकी रेकी करते हैं और सड़को पर उसकी वीडियो और फोटो बनाते हैं। अमरदीप का भाई विवेक राठौर व उसकी पत्नी रुचि राठौर व अमरदीप राठौर 11 जून की रात 8 बजे उसके घर और धमकाने लगे। उसी दिन अमरदीप राठौर ने बालाजी मंदिर के पास उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में 50 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप, कोर्ट के आदेश पर दो सभासद समेत 22 लोगों पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

- अलापुर नगर पंचायत के एक वार्ड की रहने वाली है पीड़िता
- अपर मुख्य न्यायायक मजिस्ट्रेट ने दिए मुकदमा दर्ज करने के आदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी से 50 हजार रुपये रिश्वत मांगने, रुपये न देने पर आवास निर्माण में बाधा डालने, मारपीट, अभद्रता, धमकी और छेड़छाड़ करने के आरोप में न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय के आदेश पर अलापुर नगर पंचायत के दो सभासदों समेत 12 नामजद और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।




मामला अलापुर नगर पंचायत के एक वार्ड में रहने वाली महिला से जुड़ा है। पीड़िता का आरोप है कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ था। आरोप है कि योजना का लाभ मिलने के बाद नगर पंचायत के दो सभासदों ने आवास निर्माण कराने के एवज में 50 हजार रुपये की मांग की। जब उसने रिश्वत देने से इनकार कर दिया तो आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके आवास का निर्माण नहीं होने दिया और लगातार बाधाएं उत्पन्न कीं।

पीड़िता का यह भी आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता की, मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी और छेड़छाड़ जैसी गंभीर घटनाओं को भी अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता ने स्थानीय पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस स्तर पर सुनवाई न होने से परेशान महिला ने न्यायालय की शरण ली। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने प्रस्तुत तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया। इसके बाद न्यायालय ने अलापुर थाना पुलिस को आदेश दिया कि दोनों सभासदों समेत 12 नामजद और 10 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध रिश्वत मांगने, मारपीट, अभद्रता, धमकी देने, छेड़छाड़ तथा अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना की जाए।

न्यायालय के आदेश के बाद अब पुलिस को प्राथमिकी दर्ज कर पूरे प्रकरण की जांच करनी होगी। जांच के दौरान आरोपों की सत्यता, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

यह मामला एक बार फिर सरकारी योजनाओं में कथित भ्रष्टाचार और लाभार्थियों के उत्पीड़न के आरोपों को लेकर चर्चा का विषय बन गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है, लेकिन यदि योजना का लाभ दिलाने या निर्माण कार्य में रिश्वत की मांग की जाती है तो यह योजना की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। फिलहाल न्यायालय के आदेश के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। अब सभी की निगाहें पुलिस विवेचना पर टिकी हैं। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पीड़िता ने न्यायालय के आदेश का स्वागत करते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षेप समाचार

### पेपर लीक के खिलाफ सपा का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**बिसौली।** देश में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों और युवाओं के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। विधानसभा क्षेत्र बिसौली में आयोजित इस प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। सतीश प्रेमी ने कहा कि देश में लगातार हो रहे पेपर लीक से लाखों युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है, लेकिन सरकार इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे प्रख्यात इंजीनियर व शिक्षाविद् सोनम वांगचुक का समर्थन करते हुए कहा कि वह 20 दिनों से अनशन पर हैं और समाजवादी पार्टी उनके संघर्ष में पूरी तरह साथ खड़ी है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार युवाओं के मुद्दों पर गूंगी-बहरी बन चुकी है और अंग्रेजों से भी बदतर व्यवहार कर रही है। जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिलेगा और सोनम वांगचुक की मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान तहसीलदार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन, एडवोकेट जितेंद्र सिंह यादव, अंशुल यादव, वीरेश यादव, विवेक यादव, आकाश चौहान, सचिन यादव, सोनू सागर, युधिष्ठिर यादव, कपिल देव, पंकज यादव, विकास यादव, ओमेंद्र, सुबोध यादव, मनमोहन, कुंवरपाल सिंह, पाले अली, अरबिंद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गाय पकड़ने से मना करने पर युवक से मारपीट, चार पर प्राथमिकी

**बदायूं।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला पाल नगर निवासी संजीव पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 16 जुलाई की शाम 7 बजे वह अपने खेत से वापस आ रहा था। इसी दौरान उसने देखा कि दिनेश, रामेश्वर, जीराज व नरेंद्र निवासीगण मुजाहिदपुर थाना सिविल लाइन उसकी गाय को पकड़ रहे हैं। जब उसने गाय को पकड़ने से मना किया तो चारों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जिसमें उसे गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस ने चारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### महिला से मारपीट में चार पर प्राथमिकी

**बदायूं।** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव हरदत्तपुर निवासी डल्लो ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 16 जुलाई की सुबह पड़ोस में रहने वाली चंद्रवती ने अपने घर का कूड़ा का उसके घर के सामने फेंक दिया। जब उसने इसका विरोध किया तो चंद्रवती व उसकी पुत्री कुसुमा, पति रामवीर व पुत्र वासुदेव लाठी-डंडे लेकर आ गए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। [illegible] काफी चोट आई है। पुलिस ने चारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### महिला से मारपीट में पति समेत दो पर प्राथमिकी

**बदायूं।** उघैती थाना क्षेत्र के गांव खंडुआ निवासी पुष्पा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका अपने पति से भरण पोषण का दिल्ली के न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। 14 जुलाई की सुबह 10 बजे वह उघैती स्थित ग्रामीण बैंक पर गई थी। तभी उसका पति मोहर सिंह व भतीजा सोनू वहां आ गए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसके गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### यज्ञ है भारतीय संस्कृति का प्राण : नत्थूलाल



**उझानी :** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार से निकली ज्योति कलश रथ यात्रा का मुहल्ला श्रीनारायणगंज स्थित सुखपाल शर्मा के आवास पर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर रथ यात्रा का अभिनंदन किया। मातृशक्तियों एवं देवकन्याओं ने परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष, 2400 तीर्थों के जल एवं रज से युक्त शक्ति कलश, सौ वर्षों से प्रज्ज्वलित अखंड दीप के दर्शन-पूजन कर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। शाम को विराट दीपयज्ञ हुआ। तीन कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के आध्यात्मिक प्रकाश से आलोकित हो उठा। श्रद्धालुओं ने एक बुराई का त्याग कर एक अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प लिया। गायत्री शक्तिपीठ के नत्थूलाल शर्मा ने कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राण है। जीवन में स्वार्थ, आलस्य और बुराइयों का त्याग कर बच्चों को सद्गुणों से सींचें। गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि हम बच्चों को मोबाइल नहीं, संस्कारों से जोड़ें, करुणा, सेवा, श्रम और सदाचार का पाठ पढ़ाएं। परिश्रम ही सफलता का मूलमंत्र है। वरिष्ठ ट्रस्टी सुखपाल शर्मा एवं डा. सोहनपाल ने वेदमंत्रोच्चारण कर पूजन सम्पन्न कराया। रथ चालक राकेश कुमार सिंह ने प्रज्ञा सुनाए। मुख्य यजमान भुवनेश शर्मा ने गुरु पूजन, डा. सोहनपाल ने शक्ति कलश और आर्येंद्र सिंह, ध्रुव यादव, रामनिवास शर्मा, राम प्रसाद सौरभ ने अखंड दीप का पूजन किया। इस मौके पर ममता शर्मा, कमला देवी, साधना सोलंकी, धीरेंद्र सोलंकी, मुन्नी देवी, मोना यादव, रामौतार शर्मा, विद्याराम शर्मा, सतीश चंद्र शर्मा, राजेश मिश्रा, उमाशंकर शर्मा, दीप्ति शर्मा, मृत्युंजय शर्मा, ब्रहमानंद चतुर्वेदी, चंद्रपाल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## पुलिस दल पर हमले के मामले में मां-बेटे को तीन-तीन साल की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पुलिस दल पर हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने और विस्फोटक पदार्थ का इस्तेमाल करने के मामले में विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस सुरेंद्र पाल सिंह की अदालत ने मां-बेटे को दोषी करार देते हुए तीन-तीन वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 9500-9500 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, वादी राजेश कुमार, थाना गुन्नौर (जिला संभल) ने 21 अक्टूबर 2014 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि योगेश पुत्र नंदकिशोर, उसकी पत्नी गायत्री देवी, पुत्र कुबेर उर्फ शुभम और अमन सहित अन्य लोगों ने ड्यूटी पर मौजूद पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया। आरोपियों ने पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट की, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की और पेट्रोल डालकर माचिस जलाकर जान से मारने का प्रयास किया। इस दौरान मौके से पटाखे समेत विस्फोटक सामग्री भी बरामद हुई थी, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया। अपर शासकीय अधिवक्ता सुधीर कुमार मिश्रा और बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने गायत्री देवी पत्नी योगेश और कुबेर उर्फ शुभम पुत्र योगेश को दोषी पाया। इसके बाद दोनों को तीन-तीन वर्ष की सजा और जुर्माने से दंडित किया गया। मामले में आरोपी योगेश की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो चुकी है, जबकि चौथे आरोपी किशोर की पत्रावली पृथक कर उसका मुकदमा किशोर न्यायालय में विचाराधीन है।

## धान की रोपाई के लिए जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली खाई में पलटी, एक दर्जन से अधिक बच्चे दबे, कई गंभीर

**वजीरगंज।** विकासखंड क्षेत्र के गांव मुड़िया सतासी में शनिवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। धान की रोपाई के लिए मजदूरों और बच्चों को लेकर जा रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई, जिसमे एक दर्जन से अधिक बच्चे दब गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली पर 10 से 15 मजदूर और कई बच्चे सवार थे। हादसे में एक दर्जन से अधिक बच्चे ट्रॉली के नीचे दब गए। खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालने का अभियान शुरू किया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया।

## अलापुर नगर पंचायत में विकास कार्य ठप, अवर अभियंता की उदासीनता पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** नगर पंचायत अलापुर में विकास कार्यों की रफ्तार अवर अभियंता की उदासीनता के चलते प्रभावित हो रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा इस संबंध में उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।

अध्यक्ष द्वारा 11 मई 2026 को प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र में उच्च न्यायालय इलाहाबाद के 6 अप्रैल 2026 के आदेश की प्रमाणित प्रति संलग्न करते हुए कहा गया है कि जनहित एवं विकास कार्यों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए वर्तमान में सम्बद्ध अवर अभियंता अमन कुमार के स्थान पर किसी सक्षम, उत्तरदायी और स्थानीय निकाय कार्यों में अनुभव रखने वाले अवर अभियंता की तत्काल नियुक्ति या सम्बद्धता की जाए।

प्रार्थना-पत्र में उल्लेख किया गया है कि नगर पंचायत में विभिन्न विकास कार्य, प्राक्कलन एवं तकनीकी योजनाएं लंबित पड़ी हैं, जिससे जनहित के कार्य बाधित हो रहे हैं। इससे पूर्व 27 फरवरी 2026 को भी अध्यक्ष द्वारा एक प्रार्थना-पत्र दिया गया था, जिसमें बताया गया था कि कार्यालय पत्र संख्या 850/21-बी0/2025 दिनांक 5 दिसंबर 2025 के तहत अमन कुमार, अवर अभियंता (लोक निर्माण विभाग) को नगर पंचायत अलापुर से सम्बद्ध किया गया था। लेकिन आज तक उन्होंने न तो नगर पंचायत में उपस्थित होकर किसी कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया और न ही किसी प्रस्ताव का प्राक्कलन तैयार किया। अध्यक्ष ने बताया कि अवर अभियंता को 28 जनवरी और 31 जनवरी 2026 को लिखित निर्देश एवं अनुस्मारक भेजे गए, लेकिन उन्होंने कोई संज्ञान नहीं लिया। 15वें वित्त आयोग की कार्ययोजना समेत अन्य योजनाओं जैसे वंदन योजना के प्रस्ताव तैयार नहीं हो सके हैं, जिससे विकास कार्यों में देरी हो रही है। अध्यक्ष ने कहा कि अवर अभियंता की लापरवाही और कार्यों के प्रति शिथिलता के कारण नगर पंचायत की कार्ययोजनाएं समय पर तैयार नहीं हो पा रही हैं, जिससे जनहित के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए सक्षम अवर अभियंता की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जा सके।

## पंजाबी कालोनी निवासी सक्षम प्रताप ने उत्तीर्ण की नीट परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** प्रतिभा और लग्न से इंसान किसी मुकाम को आसानी से प्राप्त कर सकता है। शहर के मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी निवासी शिक्षक प्रदीप कुमार सिंह व शिक्षिका अंजलि सिंह के छोटे पुत्र सक्षम प्रताप सिंह ने पहले ही प्रयास में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार का नाम रोशन किया है। सक्षम ने जनरल कैटेगिरी में 5500 वीं रैंक व आल इंडिया में 13900 रैंक प्राप्त की है। सक्षम की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाई देने के लिए घर पहुंच रहे हैं 1 गुरुवार की देर रात नीट का रिजल्ट घोषित हुआ 1 सक्षम प्रताप सिंह ने 99.33 फीसदी अंक अर्जित कर नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। सक्षम ने शहर के मदर एथीना स्कूल से इंटरमीडिएट व दिल्ली पब्लिक स्कूल से हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। सक्षम प्रथम क्लास से ही मेधावी रहे हैं और हर वर्ष अपनी क्लास में अब्बल स्थान पर रहे 1 सक्षम का कहना है कि डॉक्टर बनकर समाज के लोगों की सेवा करना उनका सपना रहा है 1 हालांकि उनका भविष्य में यह भी सपना है कि सिविल सर्विसेज परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद देश और समाज की सेवा और अच्छे से कर सकें, इसके लिए वह प्रयासरत रहेंगे 1 प्रथम प्रयास में ही एमबीबीएस परीक्षा पास कर लिए जाने से काफी खुश हैं इसके लिए वह माता-पिता के साथ परिवार वालों को अपनी सफलता का श्रेय देते हैं। सक्षम के पिता प्रदीप कुमार सिंह इंटर कालेज में शिक्षक है, जबकि मां अंजलि सिंह बेसिक स्कूल में शिक्षिका हैं। सक्षम की इस सफलता से बाबा सत्यपाल सिंह, दादी हर्ष कांता देवी, चाचा सुनील कुमार सिंह, चाची पूजा सिंह समेत परिवार के सभी लोग काफी खुश हैं और नाते रिश्तेदार आसपास के लोग बधाई देने के लिए घर पहुंच रहे हैं 1

## बिसौली सीट पर लक्ष्मी गौतम की दावेदारी तेज, सपा प्रदेश अध्यक्ष के दौरे से बढ़ी हलचल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बिसौली (आरक्षित) सीट पर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के बिसौली क्षेत्र के एमजी ग्रीन, मुड़िया धूरेकी पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में चुनावी रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से अभी से चुनावी तैयारी में जुटने का आह्वान करते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही आगामी चुनाव में जीत की कुंजी होगी।

इस मौके पर बिसौली सीट से दावेदारी को लेकर कई नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात की। चंदौसी की पूर्व विधायक लक्ष्मी गौतम ने भी अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने का भरोसा दिलाया। प्रदेश अध्यक्ष ने लक्ष्मी गौतम को बिसौली विधानसभा में सक्रिय होकर संगठन को मजबूती देने के निर्देश दिए।

राजनीतिक जानकारों के अनुसार, लक्ष्मी गौतम क्षेत्र में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समीकरण को साधने में सक्रिय हैं, जिससे उनकी दावेदारी और मजबूत मानी जा रही है। क्षेत्रीय स्तर पर भी उन्हें सपा का संभावित मजबूत उम्मीदवार माना जा रहा है। कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव, विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र सिंह यादव, महासचिव उदयवीर शाक्य, पूर्व विधायक आर.के. शर्मा, शाहनवाज, आस मोहम्मद, डॉ. राकेश प्रजा

## परिवार के साथ मारपीट के आरोप में कोर्ट के आदेश पर तीन पर रिपोर्ट

**बदायूं।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले व्यक्ति ने एसजीजेएम न्यायालय में दायर वाद में कहा है कि उसकी पुत्री 17 मार्च की सुबह 7 बजे अपने दरवाजे पर बैठी थी। तभी पड़ोसी वीरु वहां आया और पुत्री के सामने फोन पर अश्लील बातें करते हुए पुत्री की फोटो व वीडियो बनाने लगा। जब उसकी पुत्री ने वीरु का विरोध किया तो वह गाली गलौज करने लगा। पुत्री ने जब घटना की जानकारी परिजनों को दी। जब वह मामले की शिकायत करने वीरु के घर गया तो वीरु के परिवार वालों विनोद, अनिल, राजन व चार अज्ञात लोगों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसने आरोपितों की शिकायत थाना पुलिस से की। जिससे बौखलाकर आरोपित उसके घर में घुस आए औ्र पत्नी व बेटी से मारपीट की। जिसमें सभी को चोटे आई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।






**मामला** | अजीब-गरीब विवाद सुनकर चौंके परामर्शदाता, दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद मामला बंद

## पति को स्लो प्वाइजन देने का आरोप, 3 करोड़ की संपत्ति हड़पने का मामला परामर्श केंद्र पहुंचा

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बदायूं।** शहर के पुलिस परामर्श केंद्र में एक हैरान कर देने वाला पारिवारिक विवाद सामने आया, जिसे सुनकर परामर्शदाता भी चौंक गए। मामला पति-पत्नी के बीच संपत्ति और आपसी आरोप-प्रत्यारोप से जुड़ा है, जिसमें पत्नी पर पति को धीरे-धीरे जहर (स्लो प्वाइजन) देने और करीब 3 करोड़ रुपये की संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया गया है।

बताया जाता है कि शहर कोतवाली और सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पीड़ित पति के कई मकान हैं। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी ने चालाकी से उन सभी संपत्तियों पर कब्जा कर लिया और उसे घर से बेदखल कर दिया। वहीं, पत्नी ने भी पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि रिटायरमेंट के बाद पति दूसरी महिला के साथ संबंध बनाकर शादी कर रहा रहा है।

मामला पुलिस परामर्श केंद्र पहुंचा, जहां परामर्शदाता अशोक खुराना ने दोनों पक्षों को विस्तार से सुना। सुनवाई के दौरान दोनों ने एक-दूसरे पर कई गंभीर आरोप लगाए, जिससे मामला और उलझता चला गया। हालांकि, ठोस साक्ष्यों के अभाव और आपसी सहमति न बन पाने के कारण परामर्शदाताओं ने इस मामले को बंद कर दिया। परामर्शदाताओं का कहना है कि इस प्रकार के मामले न केवल पारिवारिक संबंधों को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में भी गलत संदेश देते हैं। उन्होंने दोनों पक्षों को आपसी समझदारी से विवाद सुलझाने की सलाह दी। वहीं, पति का कहना है कि वह अब दर-दर भटकने को मजबूर है और अपनी संपत्ति वापस पाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ेगा। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## गीता सार



बाह्यस्पर्शेष्वसक्तात्मा विन्दत्यात्मनि यत् सुखम्।
स ब्रह्मयोगयुक्तात्मा सुखमक्षयमश्नुते॥
ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते।
आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः॥

**हिंदी अर्थ :** बाहर के विषयों में आसक्ति रहित अंत :करण वाला साधक आत्मा में स्थित सात्विक आनंद को प्राप्त होता है, फिर वह परब्रह्म के योग में स्थित पुरुष अक्षय आनंद को प्राप्त करता है। इन्द्रिय तथा विषयों के संयोग से उत्पन्न होने वाले सभी भोग दु :ख उत्पन्न करने वाली ही है। इसलिए हे अर्जुन! इन आदि-अंत वाले भोगों में बुद्धिमान पुरुष लिप्त नहीं होते हैं।

# ऐतिहासिक उड़ान

भारत के अंतरिक्ष इतिहास में नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। हैदराबाद की प्राइवेट स्पेस स्टार्टअप कंपनी 'स्काईरूट एयरोस्पेस' द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया ऑर्बिटल-क्लास रॉकेट लॉन्च के लिए पूरी तरह तैयार है। इसका नाम 'मिशन आगमन' रखा गया है। इस मिशन के तहत यह ऐतिहासिक लॉन्च शनिवार सुबह 11:30 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले लॉन्च पैड से होगा। इस रॉकेट का नाम भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के सम्मान में 'विक्रम-1' रखा गया है। विक्रम-1 की सबसे बड़ी खासियत इसका पूरी तरह से



'कार्बन-कंपोजिट' ढांचे से बना होना है। स्काईरूट के सीईओ पवन कुमार चंदना के मुताबिक यह अंतरिक्ष की कक्षा में जाने वाला ऐसा पहला रॉकेट है, जो पूरी तरह कार्बन कंपोजिट से बना है। यह मटेरियल मजबूत स्टील से भी पांच गुना हल्का होता है, जिससे रॉकेट का वजन बेहद कम हो जाता है और इसकी कार्यक्षमता कई गुना बढ़ जाती है। तकनीकी तौर पर यह रॉकेट तीन सॉलिड-फ्यूल चरणों और एक लिक्विड ऑर्बिटल एडजस्टमेंट मॉड्यूल से लैस है। यह 350 किलोग्राम तक के वजन को पृथ्वी से 450 किलोमीटर ऊपर लो अर्थ ऑर्बिट में स्थापित करने की क्षमता रखता है। गौर करने वाली बात यह है कि यह मिशन सिर्फ सैटेलाइट्स भेजने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ कुछ बेहद खास चीजें भी अंतरिक्ष में भेजी जा रही हैं। रॉकेट के साथ 18 कैरेट सोने से बनी एक सूक्ष्म रॉकेट कलाकृति भेजी जा रही है, जिसमें भारत के महान वैज्ञानिकों सी. वी. रमन, डॉ. विक्रम साराभाई और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की छोटी मूर्तियां उकेरी गईं हैं। रॉकेट अपने साथ ग्रहा स्पेस, कॉस्मोसर्व, डीक्यूबेड और स्काईरूट के अपने 'स्कोप' के टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेशन पेलोड्स लेकर जा रहा है। इसके अलावा 'कॉस्मिक ब्लूम' नाम की एक विशेष डायमंड आर्टवर्क भी इस उड़ान का हिस्सा है। रॉकेट को लॉन्च पैड पर पूरी तरह इंटीग्रेट कर दिया गया है। ग्राउंड स्टेशनों, टेलीमेट्री और ट्रैकिंग रडार के साथ सभी जरूरी इंटरफेस चेक्स और फाइनल व्हीकल चेक्स सफलतापूर्वक पूरे कर लिए गए हैं। कंपनी के को-फाउंडर और सीओओ नागा भरत डाका ने कहा कि हमने करीब 8 साल पहले स्काईरूट की शुरुआत इस मकसद से की थी कि भारत से दुनिया के लिए सस्ते, भरोसेमंद और ऑन-डिमांड रॉकेट बनाए जा सकें। आज हमारी टीम की बरसों की मेहनत इस ऐतिहासिक मुकाम के रूप में सामने आ रही है। इससे पहले साल 2022 में स्काईरूट ने भारत का पहला प्राइवेट सब-ऑर्बिटल रॉकेट 'विक्रम-एस' सफलतापूर्वक लॉन्च किया था, जिसने 89.5 किमी की ऊंचाई छुई थी। इस बार 'विक्रम-1' सीधे पृथ्वी की कक्षा में स्थापित होकर भारत को अंतरिक्ष की रेस में एक कदम और आगे ले जाएगा।

### बड़ी संख्या में वैज्ञानिकों का इसरो छोड़ना

# कहीं यह कोई साजिश तो नहीं...?



**लोकमित्र गौतम**

> हालांकि जिस संस्थान में 14600 से ज्यादा कर्मचारी हों, वहां 100 या इससे कुछ ज्यादा वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और परियोजना विशेषज्ञों का इस्तीफा देना या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले लेना, कोई बहुत बड़े आश्चर्य की बात नहीं है। लेकिन सवाल सिर्फ संख्या भर का नहीं है बल्कि उन वैज्ञानिकों के अनुभवों और विशेषज्ञताओं का है, जो अचानक इसरो छोड़कर चले गए हैं और उनके इस तरह इसरो छोड़ने से यह घटनाक्रम सुर्खियों में आ गया है। दरअसल भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम आज केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि का प्रतीक भर नहीं है बल्कि यह भारत के राष्ट्रीय आत्मविश्वास, सामरिक क्षमता और तकनीकी आत्मनिर्भरता के साथ-साथ हमारे एक महाशक्ति के रूप में उभरने का प्रतीक भी है।

भारत के कई अंतरिक्ष कार्यक्रमों न सिर्फ पूरी दुनिया को चमकृत किया है बल्कि इन कार्यक्रमों की वजह से पूरी दुनिया में हमारी इज्जत बढ़ गई है। ऐसे कार्यक्रमों में चंद्रयान, मंगलयान, आदित्य-एल1 और गगनयान जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं हैं। इन्हीं परियोजनाओं की सफलताओं और इनके घोषित महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों के जरिये भारत आज वैश्विक अंतरिक्ष मानचित्र पर एक प्रभावशाली शक्ति के रूप में स्थापित है। ऐसे समय में यदि इसरो के 100 से अधिक वैज्ञानिकों के इस्तीफे या समय से पहले स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की खबरें आती हैं, तो चाहे यह बिल्कुल सहज और साधारण बात ही क्यों न हो, लेकिन कान तो खड़े होते ही हैं और ऐसा होना गलत भी नहीं है। क्योंकि जिस तरह से आज दुनिया के सबसे संपन्न देशों के बीच प्रतिस्पर्धा का क्षेत्र बेहद व्यापक हो गया है। मसलन-तकनीक, साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विज्ञान जैसे क्षेत्र उसे देखते हुए चाहे यह प्रतिभाओं को आकर्षित करने का कोई मौद्रिक तरीका हो या भितरघात की कोई साजिश, हर तरह से इस तरह की आशंका चिंतित तो करती ही है। क्योंकि आजकल भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का इस तरह के तिकड़म बड़ी सहजता से हिस्सा बन चुके हैं। विकसित देश कभी नहीं चाहते कि कोई दूसरा देश भी विकसित बने और उनके कंधे से कंधा मिलाकर वैश्विक परिदृश्य में खड़ा हो। इसलिए ये देश दूसरे देशों के श्रेष्ठ वैज्ञानिकों, प्रतिभाशाली इंजीनियरों को बेहतर वेतन, अत्याधुनिक सुविधाओं और अनेक प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष आकर्षणों के चलते अपनी ओर खींचते रहते हैं। सामान्य भाषा में तो इसे 'ब्रेन-ड्रेन' कहते हैं, जबकि रणनीतिक नजरिये से यह टैलेंट कंपटीशन या ज्ञान की वैश्विक प्रतिस्पर्धा है। हाल में घटी यह घटना तब और बड़ी आशंका पैदा करती है, जब इसे अतीत की ऐसी ही घटनाओं से जोड़कर देखने की कोशिश की जाए। साल 2007 में ऐसे ही एक घटनाक्रम के बाद लगभग 53 फीसदी से ज्यादा इसरो के महत्वपूर्ण वैज्ञानिकों ने किसी न



किसी वजह से इसरो छोड़ दिया था। उस समय इसरो के वैज्ञानिकों और सहायक वैज्ञानिकों की कुल मिलाकर संख्या 1000 से कुछ ज्यादा थी। ऐसे में उन दिनों इतनी बड़ी संख्या में वैज्ञानिकों तथा दूसरे महत्वपूर्ण इंजीनियरों व परियोजना विशेषज्ञों का इसरो छोड़ना सिर्फ चिंतित ही नहीं किया था बल्कि इसरो की कई परियोजनाओं को काफी पीछे छोड़ दिया था। बाद में तत्कालीन केंद्र सरकार ने इस पर व्यापक रूप से सोचा और इसरो के वैज्ञानिकों तथा उच्च वैज्ञानिक मेधाओं के लिए कई तरह की अतिरिक्त सुविधाएं दीं और उनके वेतनमान को आकर्षक बनाया। जिसके बाद किसी हद तक इसरो से वैज्ञानिक मेधाओं का पलायन रुक गया था और यही कारण है कि आज नासा के पास वैज्ञानिक प्रतिभाओं का काफी अच्छा समूह है, जो नासा और छिपे रूप में चीन से ही कुछ कम हो सकता है बाकी दुनिया की दूसरी एजेंसियों के पास इसरो जैसा प्रतिभाओं का आधार शायद ही हो। ऐसे में 100 से ज्यादा वैज्ञानिकों-परियोजना विशेषज्ञों का इसरो छोड़ने की खबर आना साधारण नहीं है। इसमें चिंतित होना ही चाहिए, लेकिन यह घबराने की भी बात नहीं है। क्योंकि अगर किसी संस्थान से कुछ वैज्ञानिक जाते हैं, तो बहुत से नए वैज्ञानिक आते भी हैं। हमेशा खाली जगह भरने वाली प्रतिभाएं, पुरानी प्रतिभाओं से 20 ही साबित होती हैं और भारत में तो इस समय हर तरह की प्रतिभाओं की बाढ़ है, सिर्फ उन्हें सही ट्रेनिंग और विश्वास में लिए जाने की आवश्यकता है। लेकिन यह व्यापक विचार विमर्श का विषय तो है ही कि आखिर जब इसरो का नाम पूरी दुनिया में बेहद सम्मान से लिया जाता हो, उस समय इतने बड़े पैमाने पर वैज्ञानिक और दूसरे सहायक स्टाफ का इसरो छोड़ना आखिर किस बात की ओर इशारा है? अगर गहराई से देखें तो इसके कई कारण हो सकते हैं। सबसे बड़ा कारण तो विदेशों से ज्यादा भारत में तेजी से विकसित हो रहा प्राइवेट अंतरिक्ष उद्योग है। देश में कई स्पेस कंपनियों ने थोड़े से ही सालों में अपनी तरफ ध्यान आकर्षित कराया है। स्काईरूट एयरोस्पेस, अग्निकुल कॉसमॉस, पिक्सेल, दिगंतरा जैसी निजी स्पेस कंपनियों ने हाल के दिनों में अपनी चमकदार तकनीक के जरिये अंतरिक्ष जगत का ध्यान खींचा है। तमाम नई कंपनियों ने इसरो में प्रशिक्षित वैज्ञानिकों को वहां के मुकाबले कहीं अधिक वेतन, बेहतर सुविधाएं, कंपनी के शेयरों में हिस्सेदारी तथा तेज निर्णय लेने के वातावरण का प्रलोभन देकर अपनी तरफ खींचने की कोशिश कर रहे हैं। यही काम कई दुनियावी या अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसियां भी कर रही हैं। माना कि सरकारी नीतियां एक कंपनी या कुछ लोगों के लिए अलग नहीं हो सकतीं, लेकिन जब देश की प्रतिष्ठा और अंतरिक्ष क्षेत्र में हमारी ताकत किसी एक विशेष संगठन या कुछ लोगों पर ही निर्भर हो, तो हमें उन लोगों को विशेष ढंग से ट्रीट तो करना ही चाहिए। चाहे पारंपरिक नियमों को तोड़ना ही क्यों न पड़े। केंद्र सरकार को चाहिए कि वह इसरो के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों को हर हालत में इसरो में बनाए रखने के लिए आर्थिक और प्रभाव के स्तर पर जो कुछ करना हो करे, जिससे वो देशी-विदेशी निजी क्षेत्र की कंपनियों के अंतरिक्ष प्रोजेक्ट की आकर्षित न हों।

इमेज

## श्रीरामचरितमानस



देखे सिव बिधि बिष्नु अनेका।
अमित प्रभाउ एक तें एका॥
बंदत चरन करत प्रभु सेवा।
बिबिध बेष देखे सब देवा॥4॥

**भावार्थ :** सतीजी ने अनेक शिव, ब्रह्मा और विष्णु देखे, जो एक से एक बढ़कर असीम प्रभाव वाले थे। (उन्होंने देखा कि) भाँति-भाँति के वेष धारण किए सभी देवता श्री रामचन्द्रजी की चरणवन्दना और सेवा कर रहे हैं॥4॥

### मानुषी/स्वास्थ्य

# विटामिन डी की कमी से जूझ रहे बच्चे भी और जवान भी

**डॉ. माजिद अलीम**

आजकल खानपान की बदलती आदतों के कारण लगभग 80 फीसदी बच्चों में विटामिन डी की कमी हो गई है। इसी तरह इन दिनों खानपान के ही कारण लगभग 37 फीसदी बच्चे मोटापे का शिकार हैं। वास्तव में शहरी बच्चे इन समस्याओं से इन दिनों ये बड़ी तादाद में पीड़ित हैं, क्योंकि उनके बाहर खेलने का समय या तो रहा नहीं या बहुत कम हो गया है। आजकल ज्यादातर बच्चे इंडोर गेम ही खेलते हैं। जबकि हर बच्चे के लिए जरूरी होता है कि वह हर दिन कम से कम 20 से 30 मिनट खुली धूप में जरूर रहे। दरअसल अति में तो सूर्य की अल्ट्रावॉयलेट किरणें हमारे शरीर के लिए नुकसानदायक हैं। लेकिन इनकी एक सीमित मात्रा हमारे शरीर के लिए जरूरी भी हैं। क्योंकि इन्हीं से हमारी त्वचा विटामिन डी बनाती है। इससे साफ है कि भारत में चूंकि सूर्य देवता के दर्शन खुलकर होते हैं इसलिए यहां विटामिन डी की तो कमी नहीं होनी चाहिए। लेकिन अब बच्चे चूंकि पर्याप्त धूप से वंचित रहते हैं, इसलिए बड़े पैमाने पर बच्चों में विटामिन डी की भारी कमी बड़ी समस्या बनती जा रही है। दुनिया में तकरीबन एक अरब से भी ज्यादा लोग हैं, जो विटामिन डी की कमी का शिकार हैं। भारत में बच्चे विशेष रूप से इसका शिकार हैं। क्योंकि हम भारतीयों के त्वचा की संरचना कुछ इस तरह की है कि पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी




बनाने के लिए हमें गोरी चमड़ी वाले पश्चिमी लोगों की तुलना में अधिक धूप की जरूरत होती है। ऐसा हमारी त्वचा के पिगमेंटेशन के कारण है, जितनी अधिक त्वचा में पिगमेंटेशन होगी, उतनी ही अधिक मेलानिन की कमी हो जाएगी। विटामिन डी की हमें अपनी हड्डियों, दांतों व स्केलटन (कंकाल) के विकास के लिए जरूरत होती है। इसके अतिरिक्त अन्य चीजों में भी इसकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। अगर शरीर में विटामिन डी की कमी होगी तो शरीर कैल्शियम को सही से हजम नहीं कर पाएगा। इससे हड्डियां कमजोर हो जाएंगी, साथ ही ऑस्टियोपोरोसिस होने के खतरे भी बढ़ जाते हैं। रक्तचाप भी इसकी कमी से बढ़ जाता है तथा ह्रदय रोग भी हो सकता है। मधुमेह का भी इसकी कमी से खतरा बढ़ जाता है, साथ ही संक्रमित रोग जैसे ट्यूबरक्लोसिस (टीबी), दमा, सोराइसिस, सीजोफीनिया व डिप्रेशन की शिकायत भी इसकी कमी से हो सकती है। विटामिन डी की कमी अगर गर्भवती महिला में होगी, तो बच्चे में भी इसकी कमी आ सकती है। ऐसे में थकान, मोटापा, अल्जाइमर की भी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

### तिथि विशेष

## प्रियंका चोपड़ा का जन्मदिन

भारतीय सिनेमा की बहुमुखी प्रतिभा की धनी प्रियंका चोपड़ा जोनस का जन्म 18 जुलाई 1982 को हुआ। आज वे केवल बॉलीवुड की सफल अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि एक वैश्विक आइकन के रूप में जानी जाती हैं।



उनका जीवन संघर्ष, आत्मविश्वास और निरंतर मेहनत का प्रेरणादायक उदाहरण है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की और वर्ष 2000 में मिस वर्ल्ड 2000 का खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई। इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा और अंदाज, फैशन, बाजीराव मस्तानी जैसी फिल्मों में दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म फैशन के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी प्राप्त हुआ, जो उनके अभिनय कौशल का प्रमाण है। उनकी विशेषता यह रही कि उन्होंने खुद को एक ही दायरे में सीमित नहीं रखा। उन्होंने हॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाई और अमेरिकी टीवी सीरीज क्वांटिको में मुख्य भूमिका निभाकर भारतीय कलाकारों के लिए नए रास्ते खोले। इसके अलावा उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय फिल्मों और प्रोजेक्ट्स में काम कर वैश्विक मंच पर भारत का नाम रोशन किया। प्रियंका केवल एक अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि एक सफल उद्यमी, गायिका और सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। वे यूनिसेफ की गुडविल एंबेसडर के रूप में बच्चों के अधिकारों और शिक्षा के लिए सक्रिय रूप से कार्य करती हैं। उनका आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी सफलता का सबसे बड़ा संदेश यह है कि यदि व्यक्ति में दृढ़ संकल्प और मेहनत करने का जुनून हो, तो वह किसी भी सीमा को पार कर सकता है। प्रियंका चोपड़ा जोनस का जन्मदिन हमें यह सिखाता है कि सपनों को साकार करने के लिए साहस और निरंतर प्रयास आवश्यक है। आज उनके जन्मदिन पर पूरा देश उनकी उपलब्धियों पर गर्व महसूस करता है।

### सी-लाइफ

# फुर्तिला-कुशल शिकारी श्वानमुख जलीय सर्प

**के. पी. सिंह**

> श्वान मुख जल सर्प भारी शरीर वाला एक समुद्री सांप है। अंग्रेजी में इसे 'डॉग फेस्ड पॉटर स्नेक' कहते हैं श्वानमुख जलसर्प को पहले एक दुर्लभ सांप माना जाता था, किंतु इसके अध्ययन के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि यह बहुत बड़ी संख्या में मिलने वाला जलीय सांप है। श्वानमुख जलसर्प भारत के सभी सागर तटों के आसपास मिलता है। इसके साथ ही यह अंडमान निकोबार द्वीप समूह तथा इसी तरह के कुछ अन्य द्वीपों पर भी बहुतायत से देखने को मिलता है। श्वानमुख सर्प नदियों के मुहानों, सागर तट के किनारे बने चट्टानी कुंडों, कीचड़ और दलदल वाले स्थानों तथा संकरी खाडियों में रहना अधिक पसंद करता है।

यह दिन के समय प्रायः पत्थरों के नीचे, चट्टानों की दरारों में या केकड़ों द्वारा छोड़ी गई मांदों में आराम करता है। इस समय इसका सिर बाहर निकला रहता है। पानी में तेरते समय भी इसका सिर पानी के बाहर निकला रहता है तथा लंबी जीभ बाहर निकली हुई लपलपाती रहती है। श्वानमुख जलीय सर्प मोटा एवं मध्य आकार का पानी का सांप है। इसकी लंबाई 50 सेंटीमीटर से लेकर 70 सेंटीमीटर तक होती है, किंतु कभी-कभी 1.25 सेंटीमीटर लंबे सांप भी देखने को मिल जाते हैं। श्वानमुख जलीय सर्प के शरीर का रंग भूरा स्लेटी होता है एवं त्वचा पर काले रंग के अस्पष्ट पट्टे होते हैं। इसके ऊपर के आधे भाग पर काले और सफेद रंग की चार खानेदार डिजाइनें होती हैं तथा इसी प्रकार की चारखानेदार डिजाइनें इसके पेट पर भी होती हैं। श्वानमुख जलीय सर्प की त्वचा पर शल्क भी होते हैं, किंतु इसके शल्क थोड़े उभरे हुए और बड़े फीके रंगों के होते हैं। श्वानमुख जलीय सर्प के थूथुन और उसके आसपास का भाग कुत्ते जैसा दिखाई देता है। इसीलिए इसे श्वानमुख जलीय सर्प कहते हैं श्वानमुख जलीय सर्प का सिर चौड़ा तथा गर्दन पतली होती है और सिर एवं गर्दन दोनों अलग-अलग साफ दिखाई देते हैं। इसकी आंखें छोटी होती हैं और अन्य जलीय सांपों की तुलना में सर के ऊपर की ओर होती हैं। इसकी दोनों आंखों के पास से एक-एक काली रेखा पीछे की ओर चली जाती है और पहले गहरी होती है और फिर धीरे-



धीरे अस्पष्ट सी होती जाती है। श्वानमुख जलीय सर्प के नथुने इसके थूथुन के सिरे पर होते हैं। इससे इसे पानी में सांस लेने में सुविधा रहती है। श्वानमुख जलीय सर्प अन्य सांपों की तरह एक मांसाहारी सांप है तथा सामान्य जलीय सांपों की तरह शिकार करता है। यह दिन के समय किसी सुरक्षित स्थान पर आराम करता है और रात में भोजन की तलाश में निकलता है, किंतु कभी-कभी इसे दिन में भी शिकार की खोज में घूमते हुए देखा गया है। श्वानमुख जलीय सर्प का प्रमुख भोजन मुहानों में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के समुद्री कीड़े-मकोड़े तथा मछलियां हैं। श्वानमुख सर्प एक फूर्तिला और कुशल शिकारी सांप है। यह अन्य जलीय सांपों के समान छोटे शिकार को तो एक ही झटके में पूरा का पूरा निगल जाता है, किंतु बड़े आकार को पहले घायल करके बुरी तरह शिथिल और लाचार कर देता है, इसके बाद निगलता है। श्वानमुखी सर्प प्रायः बरसात के मौसम में जमीन पर आ जाता है और मेढक खाता है। श्वानमुख जलीय सर्प का समागम और प्रजनन बड़ा रोचक होता है। श्वानमुखी सर्प का समागम काल फरवरी से आरंभ होता है और मई के अंत तक चलता है। समागम काल में नर-मादा दोनों एक-दूसरे की खोज करते हैं और मिल जाने पर काफी समय तक एक-दूसरे के साथ रहते हैं। समागम के बाद नर-मादा दोनों एक दूसरे से अलग हो जाते हैं। मादा श्वानमुख सर्प के अंडे नर सर्प के शुक्राणुओं से निषेचित हो जाते हैं, अर्थात् वह पूर्णतया गर्भवती हो जाती है। श्वानमुख मादा सर्प अंडे न देकर जीवित बच्चों को जन्म देती है। यह प्रजनन हेतु सागर तटों के खुले भागों में आ जाती है और 6 से लेकर 30 तक बच्चों को जन्म देती है। श्वानमुख जलीय सर्प के नवजात बच्चे लगभग 15 सेंटीमीटर लंबे होते हैं। ये जन्म के कुछ समय बाद तक जन्म देने वाली मादा के आसपास ही रहते हैं और फिर बिखर जाते हैं तथा स्वतंत्र रूप से अपना जीवन आरंभ कर देते हैं। श्वानमुख जलीय सर्प एक तेज और फूर्तिला सांप है। यह शत्रु को देखते ही उछलकर अपने बचाव का प्रयास करता है तथा अवसर मिलते ही किसी सुरक्षित स्थान की ओर भागता है। श्वानमुखी सर्प विषैला नहीं होता, अतः मानव के लिए हानि रहित है। मानव द्वारा परेशान करने पर भी यह मानव को काटता नहीं बल्कि फुर्ती से उछलकर अपना बचाव करता है। भारत में श्वानमुख जलीय सर्प का न तो शिकार किया जाता है और न ही इसे व्यावसायिक उपयोग में लाया जाता है, अतः इसकी संख्या समुद्री तटों पर पर्याप्त है।

इमेज

### वायरल

## वैज्ञानिकों का दावा : मौत के 10 घंटे बाद तक जिंदा रहतीं आंखें?

क्या कोई इंसान मरने के बाद भी देख सकता है या उसकी आंखें मौत के कई घंटों बाद भी रोशनी महसूस कर सकती हैं? सुनने में यह किसी फिल्म की कहानी जैसा लगता है, लेकिन वैज्ञानिकों ने एक ऐसा हैरान करने वाला दावा किया है, जिसने मेडिकल साइंस की दुनिया में हलचल



मचा दी है। एक नए रिसर्च में सामने आया है कि इंसान की मौत के 10 घंटे बाद तक उसकी आंखें रोशनी के प्रति प्रतिक्रिया दे सकती हैं। हमारी आंख के पिछले हिस्से में रेटिना नाम की एक परत होती है। इसका काम रोशनी को पकड़ना और उसे बिजली के सिग्नलों में बदलकर हमारे दिमाग तक पहुंचाना है, जिससे हम देख पाते हैं। आम तौर पर मौत होते ही शरीर में खून का बहाव रुक जाता है, जिससे रेटिना को ऑक्सीजन मिलना बंद हो जाती है और वो तुरंत काम करना बंद कर देती है। लेकिन सेंटर फॉर जीनोमिक रेगुलेशन के वैज्ञानिकों ने एक कमाल की तरकीब निकाली। उन्होंने लैब में एक ऐसा सिस्टम तैयार किया, जो बिल्कुल हमारे शरीर के ब्लड सर्कुलेशन की तरह काम करता है।




### X का एक्सरे

> देश में करीब पौने दो लाख आरोग्य आयुष मंदिर चल रहे हैं, तकनीक के जरिए टेलीमेडिसन की सुविधा शुरू की। देश को टीबी मुक्त करने का टारगेट लिया है। समय से टीबी की स्क्रीनिंग कराई जाए। मरीजों को इलाज मुहैया कराया जा रहा है। देश में टीबी का ट्रीटमेंट 90% से ज्यादा हो गया है।



नरेंद्र मोदी

> आज भी कुछ ऐसे लोग हैं, जो आज के दौर में भी ऐसा बिजनौर चाहते थे, जो गुंडों, अपराधियों और माफियाओं के कब्जे में रहे। वे समाज को बांटने की राजनीति करते हैं। लेकिन हमें जिन्ना नहीं, गन्ना पसंद है, इसलिए हमारी प्राथमिकता गन्ना किसान और गन्ने का मूल्य बढ़ाना है।



योगी आदित्यनाथ

> मुझे दुख है क्योंकि बांकरा को बदनाम किया गया। पश्चिम बंगाल में आज एक करोड़ लोगों और 55,000 मस्जिदों में लोगों ने नमाज पढ़ी और काली पट्टी बांधी। मुझे दुख है कि पश्चिम बंगाल के बांकरा को बिना मतलब बदनाम किया गया। मैंने कभी नहीं कहा था कि यहां लाखों लोग जमा होंगे।



सिद्दीकुल्लाह चौधरी

> मुझे नहीं लगता कि रोहित शर्मा जैसे बड़े खिलाड़ी पर किसी तरह का दबाव हो सकता है। वह इतने बेहतरीन खिलाड़ी हैं कि उन पर इन चीजों का असर नहीं पड़ता। शुरुआती दो मैचों में उनके बल्ले से रन नहीं निकले। दूसरे मैच में लग रहा था कि वह एक बड़ी पारी खेलेंगे।



सितांशु कोटक

## एक नजर



### सितारगंज में 5.20 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**सितारगंज :** ऊधम सिंह नगर पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 5.20 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी सीज कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत 17 जुलाई की रात शक्तिफार्म चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीश चंद्र तिवारी अपनी टीम के साथ गश्त एवं चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान संदिग्ध बाइक सवार की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 5.20 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमनदीप सिंह (20) पुत्र समराज सिंह, निवासी ग्राम बसगर, शक्तिफार्म के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# प्रदेश के 33 जिलों में रविवार को बारिश का अलर्ट

## मौसम विभाग की ओर से 45 शहरों में वज्रपात की चेतावनी हुई जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** यूपी में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को कई जिलों में बारिश और अति बारिश की संभावना प्रकट की गई है।

उत्तर प्रदेश में शनिवार को पूर्वांचल के साथ दक्षिणी यूपी और पूर्वांचल के कई जिलों में अच्छी बारिश हुई। सबसे ज्यादा 141.6 मिमी बारिश गोरखपुर में दर्ज की गई। इसके अलावा मिर्जापुर में 80 मिमी, लखीमपुर खीरी में 70.4 मिमी, वाराणसी में 64 मिमी और सुल्तानपुर में 58 मिमी बारिश हुई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ ने रविवार के लिए महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर समेत तराई के 10 जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 23 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट और 45 जिलों में गरज-चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 19 से 21 जुलाई के दौरान प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों में मानसून और सक्रिय होगा। इस दौरान अधिकांश जिलों में अच्छी बारिश होने के आसार हैं, जिससे पूरे प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में और तेजी आएगी।




**इन जिलों में है अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट**

महराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर व आस पास के क्षेत्र।

**इन जिलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट**

गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, गोंडा, हरदोई, बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बदायूं, ललितपुर व आस पास के क्षेत्र।

### फेसबुक पर विदेशी युवती बनकर फंसाया, फिर 68 लाख ठगे

**लखनऊ।** फेसबुक और इंस्टाग्राम पर विदेशी युवती या युवक बनकर दोस्ती करना, महंगे गिफ्ट और विदेशी मुद्रा भेजने का झांसा देना, फिर कस्टम और आयकर के नाम पर लाखों रुपये ऐंठ लेना। यूपी एसटीएफ ने ऐसे ही एक अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह के सक्रिय सदस्य को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी नाइजीरिया का रहने वाला है। उसके पास से 5.085 किलोग्राम मेथाम्फेटामाइन (आइस ड्रग) बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। एसटीएफ एएसपी विशाल विक्रम के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी की पहचान ओबासे प्रॉस्पर के रूप में हुई है। वह नाइजीरिया के इमो स्टेट का रहने वाला है और दक्षिणी दिल्ली के राजू पार्क इलाके में रह रहा था। संयुक्त कार्रवाई में एसटीएफ और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने उसके कब्जे से पांच मोबाइल फोन और दो पासपोर्ट भी बरामद किए हैं। गिरोह फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर अमेरिका और ब्रिटेन के नागरिकों के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाता था। इन प्रोफाइल के जरिए भारतीय युवक-युवतियों से दोस्ती की जाती थी।

## संक्षेप समाचार

### ओमकारेश्वर महादेव मंदिर में 10 दिवसीय श्री शिव महा पुराण का शुभारंभ 18 जुलाई से



शोभा यात्रा निकालते श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

**खटीमा।** पवित्र सावन माह के शुभ अवसर पर ओमकारेश्वर महादेव मंदिर टनकपुर रोड में श्री शिव महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है ।18 जुलाई शनिवार को सुबह कलश यात्रा के बाद श्री गणेश पूजन, रुद्राभिषेक पूजन होगा। 27 जुलाई तक चलने वाले इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिदिन 3 बजे से सायं 7 :00 बजे तक होगा। कथावाचक की भूमिका में श्री वृंदावन धाम के कथा व्यास पंडित आचार्य दीपक जोशी रहेंगे। ओमकारेश्वर महादेव मंदिर समिति अमांउ ने श्रद्धालुओं से कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

### अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान, तीन भट्टियां व सैकड़ों लीटर लाहन नष्ट



**खटीमा।** अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए स्त्रहमील पुलिस ने सुरई वन क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाते हुए अवैध शराब बनाने के ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। चौकी प्रभारी राकेश राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुरई जंगल से लगे ग्राम रघुलिया, वनगवां, सरपुड़ा, नवदिया, रामकोला तथा बीसलपुर ब्रांच नहर के किनारे सघन कांबिंग अभियान चलाया। इस दौरान तीन स्थानों पर अवैध शराब की सुलगती भट्टियां मिलीं। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में कच्ची शराब, सैकड़ों लीटर लाहन तथा शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरणों को नष्ट कर दिया। पुलिस की अचानक हुई कार्रवाई की भनक लगते ही शराब तस्कर मौके से फरार हो गए। चौकी प्रभारी राकेश राय ने बताया कि फरार तस्करों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के निर्माण और तस्करी के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई में कांस्टेबल जगदीश नगरकोटी, दुर्गानाथ तथा पीआरडी जवान संतोष कुमार सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### हाजियों से फीडबैक लेकर हज यात्रा को और बनाया बेहतर : खतीब अहमद



**सितारगंज।** हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद ने हज यात्रा को और अधिक बेहतर, सुविधाजनक बनाने के लिए काफी बदलाव किये हैं। वह हज यात्रा से लौटे हाजियों से चिट्ठियों के माध्यम से सुविधाओं की फीडबैक लेकर हज के सफर को आसान बनाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। जिसमें उन्हें लगातार सफलता मिल रही है। इसके साथ ही प्रत्येक वर्ष आवेदनों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद को वर्ष 2022 में हज कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। उन्होंने बताया कि हज जाने की ख्वाहिश हर मुसलमान के दिल में होती है। अल्लाह ने जिसे इस खर्च से नवाजा है, उस पर हज फर्ज हैं। वर्ष 2022 में जो हाजी हज के सफ़र से लौटे थे उनसे चिट्ठियों के माध्यम से संपर्क कर उन्होंने हज यात्रा को और बेहतर बनाने के सुझाव पूछे। उनके सुझाव पर वर्ष 2023 में हज यात्रा में बदलाव कर और अधिक बेहतर कर दिया गया। हज यात्रा के दौरान किसी भी हज यात्री को कोई भी असुविधा न हो इसके लिए उन्होंने पूर्व में खुद हज का सफर किया और वहां मिलने वाली सुविधाओं को बारीकी से जांचा। उन्होंने कहा कि 20 जुलाई हज आवेदन के लिए अंतिम तारीख है। 20 जुलाई से पहले ही हज यात्रा के लिए 6 महीने के बैक पासपोर्ट के साथ कोई भी ऑनलाइन या साइबर कैफे से आवेदन कर सकता है।

## अमन अरोड़ा ने कांग्रेस पार्टी पर जताया भरोसा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की



अमन अरोड़ा का फूला माला पहना स्वागत करते प्रदेश प्रभारी शैलजा कुमारी व अन्य।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के समक्ष युवा व्यवसायी अमन अरोड़ा ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर विश्वास जताते हुए कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। देहरादून में प्रदेश प्रभारी शैलजा कुमारी, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कैपेन कमेटी सदस्य प्रीतम सिंह, उप नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा, पीसीसी सदस्य उमेश राठौर बॉबी आदि के समक्ष कांग्रेस पार्टी में विश्वास जताते हुए सदस्यता ली है । अमन अरोड़ा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताते हुए पार्टी के प्रति निष्ठा एवं लग्नशीलता से कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान अमन अरोड़ा का कांग्रेस कांग्रेस के नेताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया और अमन के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मोबाइल पर स्टेटस लगा असिस्टेंट प्रोफेसर ने काटी कलाई की नस

**लखनऊ।** जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-8 निवासी असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संजय खोलिया ने शनिवार को मोबाइल पर स्टेटस लगाया। इसके बाद कलाई की नस काट ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन जानकीपुरम ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक शुरूआती जांच में पारिवारिक कलह की बात सामने आई है। मूलतः जयपुर के रहने वाले डॉ. संजय खोलिया (36) सेक्टर-8, जानकीपुरम विस्तार में रहते है। डॉ. संजय खोलिया आरजीएस आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एंड रिसर्च सेंटर, इटौंजा में असिस्टेंट प्रोफेसर है। डॉ. संजय खोलिया ने मोबाइल फोन पर आत्महत्या करने का स्टेट्स लगाया। इसके बाद उन्होंने अपने बाएं हाथ की कलाई की नस को ब्लेड से काट लिया।

## अंतरविद्यालयी प्रतियोगिता में नोजगे पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन, कई स्पर्धाओं में जीते पुरस्कार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** पीलीभीत स्थित लिटिल एंजेल्स स्कूल द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित अंतरविद्यालयी प्रतियोगिता "द इकोस ऑफ विजन" में नोजगे पब्लिक स्कूल (हैप्पी मेम) के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के 20 से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विभिन्न शैक्षिक एवं तकनीकी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में वीव द वॉव प्रतियोगिता में नितेश भण्डारी, रुद्रप्रताप सिंह एवं अंशिका ज्वाला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पिक्सेल पिक्सटन प्रतियोगिता में रुद्रप्रताप एवं सारभ सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं स्टोरी इन ए बॉक्स प्रतियोगिता में लक्ष्य श्रीवास्तव, नैन्सी गुप्ता एवं साक्षी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।



विद्यार्थियों को सम्मानित करती विद्यालय प्रबंधिका सुरेन्द्र कौर (हैप्पी)।

विद्यालय की प्रबंधिका सुरेन्द्र कौर (हैप्पी मैम) एवं प्रधानाचार्य हेम चन्द्र पन्त ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनकी मेहनत, लगन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर विद्यालय के मेंटर राजू भट्ट एवं अभिषेक भटनागर सहित शिक्षक ममता सिंह, आरोही पन्त, वीरेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह सैनी, मो. उस्मान बाबर, धीरज गुप्ता, दीपेन्द्र, दिनेश गड़कोटी, सुमित घोष, विनय नगरकोटी, नवीन चन्द्र, ललित चन्द, ललित पाण्डेय, मुकेश पाण्डेय, मीनू सक्सेना, ममता चन्द, कौशल्या सिंह, ममता सिंह, कृपाल चन्द, मो. जाकिर, मोहित राजपूत, राजू भट्ट, दिनेश चिल्कोटी, राकेश चन्द्र जोशी, दीपा भट्ट, सुमन जोशी, गीता धामी, राजकुमारी चन्द्र, मोनिका भटनागर एवं शैलेश पाण्डेय सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## सात चिकित्सकों के तबादले के विरोध में दूसरे दिन भी धरने पर बैठे-ओम प्रकाश वैश्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उप जिला चिकित्सालय खटीमा से सात चिकित्सकों के तबादले के विरोध में समाजसेवी एवं वरिष्ठ नागरिक ओम प्रकाश वैश्य का अस्पताल परिसर में धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। उन्होंने एसडीएम तुषार सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर सभी चिकित्सकों के तबादला आदेश निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में ओम प्रकाश वैश्य ने कहा कि उप जिला चिकित्सालय पहले से ही चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। ऐसे में एक साथ सात विशेषज्ञ चिकित्सकों के तबादले से अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित होंगी। उन्होंने बताया कि जिन चिकित्सकों का तबादला किया गया है, उनमें हड्डी रोग विशेषज्ञ, फिजीशियन, बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सक शामिल हैं।



उपजिला चिकित्सालय के बहार बैठे ओम प्रकाश वैश्य। –जागरण मोर्चा

उन्होंने कहा कि अस्पताल में प्रतिदिन नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों के अलावा उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, न्यूरिया, मझोला और बनबसा सहित आसपास के क्षेत्रों से 700 से 800 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में मरीजों को इलाज के लिए निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ेगा, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। समाजसेवी ओम प्रकाश वैश्य ने मुख्यमंत्री से जनहित में सातों चिकित्सकों के तबादले का आदेश निरस्त करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो वह अस्पताल परिसर में भूख हड़ताल शुरू करने को बाध्य होंगे।

### युवक के साथ 1.79 लाख का साइबर फ्रॉड

**सितारगंज।** साइबर ठगों ने युवक के बैंक खाते से ऑनलाइन एक लाख 17 हजार रुपए निकल लिए। यूपीआई के माध्यम से ठगों ने 6 दिनों में इस कारनामे को अंजाम दिया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पंडरी निवासी सलीम पुत्र महमूद हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप आरोप लगाया है कि उसका सितारगंज में संचालित बैंक ऑफ़ बड़ौदा में बचत खाता संचालित होता है। इस खाते से उसका मोबाइल नंबर लिंक है। आरोप लगाया कि 9 जून से लेकर 15 जून तक उसके खाते से 117949 रुपए साइबर ठगों ने यूपीआई के माध्यम से निकाल लिए। जब ठगी का पता चला तो उसके होश उड़ गए हैं। पीड़ित ने बैंक खाते का स्टेटमेंट निकाल कर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## यूकेडी खटीमा जिला महामंत्री को पद से किया गया पदमुक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) जिला इकाई खटीमा ने जिला महामंत्री सन्तोष मलहोत्रा को उनके पद से पदमुक्त कर दिया है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद उत्तराखंडी द्वारा पत्र जारी किया गया। जारी पत्र के अनुसार, 18 जुलाई 2026 को आयोजित बैठक में वर्ष 2027 के चुनाव के लिए प्रत्याशियों के आवेदन प्रस्तुत किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। पत्र में उल्लेख किया गया है कि संबंधित पदाधिकारी बैठक में अनुपस्थित रहे तथा लगातार जिला कार्यालय में भी उनकी अनुपस्थिति बनी रही। साथ ही उनके विरुद्ध अनुशासनहीनता एवं जिला कार्यालय के निर्णयों का विरोध करने संबंधी शिकायतें भी प्राप्त हुई थीं। पत्र के अनुसार, इन सभी तथ्यों पर बैठक में विचार-



जिलाध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद उत्तराखंडी को 2027 चुनाव के लिए प्रत्याशी आवेदन सौंपते रोहित भट्ट। –जागरण मोर्चा

विमर्श के बाद जिला कार्यकारिणी एवं जिला इकाई ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए सन्तोष मलहोत्रा को जिला महामंत्री के पद से पदमुक्त कर दिया। पत्र में उनसे भविष्य में दल में एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए अपने आचरण में सुधार लाने तथा पार्टी की रीति-नीति को जनता के बीच आगे बढ़ाने की अपेक्षा भी व्यक्त की गई है। इस आदेश की प्रतिलिपि कुमाऊं प्रभारी, अनुशासन समिति, केंद्रीय कार्यालय प्रभारी एवं जिला कार्यालय खटीमा को भी प्रेषित की गई है। साथ ही उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी। इसी क्रम में यूकेडी केंद्रीय कार्यालय, खटीमा द्वारा इच्छुक दावेदारों से विधानसभा प्रत्याशी बनने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद उत्तराखंडी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, पार्टी की केंद्रीय चुनाव संचालन समिति के निर्णय के तहत 18 जुलाई 2026 से 25 जुलाई 2026 तक इच्छुक कार्यकर्ता एवं दावेदार आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों पर केंद्रीय चुनाव संचालन समिति विचार कर योग्य प्रत्याशियों का चयन करेगी। इसी क्रम में रोहित भट्ट पुत्र कैलाश भट्ट, निवासी ग्राम– देवरी (खटीमा) ने खटीमा विधानसभा सीट से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनने हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत किया है। यूकेडी ने स्पष्ट किया है कि 25 जुलाई 2026 तक जो भी इच्छुक कार्यकर्ता या दावेदार आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी बनने के इच्छुक हैं, वे निर्धारित समय तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि योग्य, सक्रिय और जनहित के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देते हुए प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहां शिवलाल रस्तोगी, कैलाश भट्ट, हरीश फुलेरा, चंचल सिंह खनका, सोनी यादव, उषा चौहान, शुभम सागर, अमन आर्य, जीवन चंद्र भट्ट आदि मौजूद थें।

### न्यायालय के आदेश पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा

**सितारगंज।** कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एक ट्रक चालक के खिलाफ सड़क दुर्घटना के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। मामला 21 जून 2025 की मध्य रात्रि का है, जिसमें ट्रक की टक्कर से एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलभट्टा के विष्णुपुरम वार्ड नंबर-19 निवासी दुर्जन लाल पुत्र कडेराम ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह ट्रक चालक है। घटना की रात वह लालकुआं से बजरी लेकर किच्छा होते हुए सितारगंज के रास्ते पीलीभीत जा रहा था। आरोप है कि हाईवे पर नयागांव के पास एक अन्य ट्रक चालक ने अचानक अपना वाहन बैक कर दिया, जिससे उसका ट्रक उससे टकरा गया। दुर्घटना में उसका ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित का आरोप है कि कार्रवाई नहीं होने पर उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कांग्रेस महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा सोनकर पति सहित भाजपा में शामिल– मुख्यमंत्री धामी ने दिलाई सदस्यता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** कांग्रेस महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा सोनकर अपने पति वरिष्ठ कांग्रेसी राजू सोनकर सहित भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई हैं। रेखा व राजू के भाजपा में शामिल होने पर कांग्रेस पार्टी को भारी नुकसान का अनुमान है। सोनकर परिवार दूसरी पीढ़ी के कांग्रेस कार्यकर्ता रहे थे। इससे पूर्व वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री किशोरी देवी कांग्रेस पार्टी की दबंग नेता रही थी। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रेखा सोनकर व उनके पति राजू सोनकर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने भाजपा में सम्मिलित होने पर राजू सोनकर व रेखा सोनकर का स्वागत किया। सीएम धामी ने कहा कि भाजपा संस्कारवान, राष्ट्रीय हित, विकास एवं जन सेवा की विचारधारा पर काम करने वाली पार्टी है। उन्होंने नए सदस्यों से पार्टी के रीति एवं नीति के सिद्धांतों का पालन करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने का आवाहन किया। इस अवसर पर रवीश भटनागर, बलदेव सिंह बिल्ला, सोमनाथ मौर्य आदि मौजूद थे।



मुख्यमंत्री से भेंट करते भाजपा में शामिल कांग्रेसी रेखा सोनकर व राजू सोनकर।

### चौराहे से शराब की दुकान हटाने का किया विरोध

**सितारगंज :** शहर के तिरंगा चौराहे पर संचालित अंग्रेजी शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने आसपा विधानसभा अध्यक्ष संदीप कुमार के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद तहसीलदार हिमांशु जोशी को ज्ञापन सौंपकर दुकान को घनी आबादी और मुख्य बाजार से हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की। धरने को संबोधित करते हुए आसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतेंद्र कुमार ने कहा कि करीब एक माह पहले भी स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शराब की दुकान को मुख्य बाजार और घनी आबादी से हटाने की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि तिरंगा चौराहे पर संचालित अंग्रेजी शराब की दुकान आबकारी नियमों और मानकों के विपरीत संचालित की जा रही है।

## विधानसभा स्तरीय मीटिंग में कैबिनेट मंत्री का भव्य स्वागत, एसआईआर विषय पर कार्यशाला आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सितारगंज।** महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट में विधानसभा स्तरीय विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसआईआर और भाजपा संगठन को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान पहुंचे कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

शनिवार को महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट में भाजपा कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। यहां एसआईआर को लेकर भी कार्यशाला का आयोजन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं से बूथों पर काम करने का आह्वान किया गया। बैठक में एसआईआर विषय पर विस्तृत चर्चा हुई तथा आगामी कार्ययोजना को लेकर सार्थक विचार-विमर्श किया गया।



कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि वे सभी मिलकर लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सनवाल, नामित सभासद धर्मा देवी, पंकज रावत, अभिषेक जैन, अनिरुद्ध राय आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### समाधान दिवस से लौट रहे जिलाधिकारी ने सड़क हादसे में घायल युवक की बचाई जान

**पीलीभीत।** तहसील पूरनपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस से लौट रहे जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने शनिवार को मानवता और संवेदनशील प्रशासन का परिचय देते हुए सड़क दुर्घटना में घायल युवक की तत्काल मदद की। बिठौरा कलां के निकट हाईवे पर तेज रफ्तार टेंपो की टक्कर से बाइक सवार विवेक कीर्तिया निवासी पिपरिया कॉलोनी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देखते ही जिलाधिकारी ने अपना काफिला रुकवाया और तुरंत एंबुलेंस बुलाकर घायल युवक को जिला अस्पताल भिजवाया। साथ ही जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) से फोन पर वार्ता कर घायल का प्राथमिकता के आधार पर बेहतर उपचार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी की तत्परता से घायल को बिना किसी देरी के चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई गई, जिसकी लोगों ने सराहना की।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियां तेज, एएसपी विक्रम दहिया ने की समीक्षा

## सुरक्षा, ट्रैफिक और व्यवस्थाओं को लेकर दिए सख्त निर्देश, गल्ला मंडी परिसर का निरीक्षण, मंदिरों के पुजारियों, कांवड़ समिति और अधिकारियों के साथ बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** आगामी कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर, थाना प्रभारियों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ गल्ला मंडी परिसर का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के ठहरने, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ थाना सुनगढ़ी व कोतवाली में मंदिरों के पुजारियों, कांवड़ समिति के पदाधिकारियों, श्रद्धालुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, निर्धारित मार्गों का पालन, डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग संबंधी शासन के निर्देशों का अनुपालन, संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त सतर्कता तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न देकर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की गई।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं के ठहरने, विश्राम, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। सुरक्षा के मद्देनजर गल्ला मंडी सहित प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यात्रा मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल और अधिकारियों की तैनाती रहेगी, जबकि सुचारु यातायात के लिए डायवर्जन और ट्रैफिक प्लान लागू किया जाएगा। वाहनों की पार्किंग के लिए चिन्हित स्थलों पर समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है।प्रशासन ने यात्रा मार्गों से अतिक्रमण हटाने, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। कांवड़ मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर खुले में मांस, मछली और अंडे की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया की सतत निगरानी के साथ जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठकों के माध्यम से स्थानीय नागरिकों और धर्मगुरुओं से समन्वय स्थापित किया जा रहा है।अपर पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं और आयोजकों से शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने, निर्धारित मार्गों का उपयोग करने, यातायात नियमों का अनुपालन करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# डेढ़ साल में उखड़ी 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, की सड़क

## करोड़ों की लागत पर सवाल, गड्ढों में समा रही लोगों की जान

जागरण मोर्चा कार्यालय





**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी रिछोला से गजरौला माला कॉलोनी तक करीब 11.2 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के महज डेढ़ वर्ष बाद ही दम तोड़ती नजर आ रही है। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढों ने निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बरसात के चलते इन गड्ढों में पानी भर जाने से यह मार्ग अब लोगों के लिए 'मौत का रास्ता' बनता जा रहा है।माला स्टेशन से गोयल कॉलोनी तक सड़क की परत कई स्थानों पर पूरी तरह उखड़ चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई, जिसका खामियाजा अब आम जनता भुगत रही है। गड्ढों में भरे पानी के कारण उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है, जिससे बाइक सवार आए दिन फिसलकर घायल हो रहे हैं, जबकि किसानों की फसल से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां भी दुर्घटना का शिकार हो रही हैं।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाली की शिकायत कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से की गई, लेकिन अब तक न मरम्मत हुई और न ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई गई। लोगों का सवाल है कि यदि डेढ़ साल में ही सड़क उखड़ गई, तो आखिर निर्माण पर खर्च हुआ सरकारी पैसा किस काम आया ? ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सड़क निर्माण की निष्पक्ष जांच, दोषी अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा बरसात को देखते हुए तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

# हर विद्यालय में पहुंचेगी स्काउट-गाइड की अलख, जिला कार्यकारिणी ने बनाई नई कार्ययोजना



जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद पीलीभीत की जिला कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। सिटी मजिस्ट्रेट एवं जिला मुख्यायुक्त विजय वर्धन तोमर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संगठन को अधिक प्रभावी बनाने, नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की गतिविधियों को अंतिम रूप देने तथा अधिक से अधिक विद्यालयों और विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड आंदोलन से जोड़ने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई। बैठक की शुरुआत स्काउट-गाइड प्रार्थना से हुई। इसके पश्चात जिला कार्यकारिणी ने नवनियुक्त जिला सचिव अनुपम शर्मा एवं जिला कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार रवि की नियुक्ति पर मुहर लगाते हुए उनका स्वागत किया। सदस्यों ने दोनों पदाधिकारियों से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की अपेक्षा व्यक्त की। बैठक के दौरान जिला संगठन आयुक्त (गाइड) शालिनी पांडे ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अभिषेक पांडे ने आगामी सत्र के प्रशिक्षण कार्यक्रमों, शिविरों, सेवा गतिविधियों और अन्य आयोजनों की विस्तृत कार्ययोजना साझा की। जिला प्रशिक्षण आयुक्त सचिन सक्सेना ने संस्था की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए वित्तीय स्थिति से सभी सदस्यों को अवगत कराया। कार्यकारिणी ने स्काउट भवन के रखरखाव को प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया। बैठक में भवन के जीर्णोद्धार, परिसर की साफ-सफाई तथा शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को शीघ्र उपलब्ध कराने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का भरोसा दिलाया। बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया कि बेसिक शिक्षा विभाग से संबद्ध गैर सरकारी विद्यालयों में भी स्काउट-गाइड इकाइयों का गठन कर गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित कराया जाएगा। साथ ही प्रत्येक विद्यालय के यूनिट लीडरों को बिगिनर्स एवं बेसिक प्रशिक्षण दिलाने की योजना पर सहमति बनी, ताकि गतिविधियों का संचालन अधिक प्रभावी ढंग से हो सके। जिला रोवर आयुक्त डॉ. दुष्यंत कुमार ने वार्षिक शिविरों की समीक्षा करते हुए बताया कि पिछले शिविरों में विद्यार्थियों की भागीदारी उत्साहजनक रही। वहीं जिला बुलबुल आयुक्त पूजा छाबड़ा ने सीबीएसई विद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित कर अक्टूबर से दिसंबर के बीच वार्षिक शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा जनपद के सभी प्रधानाचार्यों की कार्यशाला तथा जिला स्तरीय स्काउट-गाइड रैली आयोजित करने के लिए अलग बैठक बुलाने पर भी सहमति बनी।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादें

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने तहसील पूरनपुर पहुंचकर आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने प्राप्त शिकायतों एवं प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान भूमि विवादों से संबंधित शिकायतों पर विशेष गंभीरता दिखाई गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जांच करने तथा निष्पक्ष एवं न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही या हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक फरियादी को समय पर न्याय दिलाना प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और उन्हें प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जनसुनवाई समाप्त होने के बाद जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने तहसील परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वच्छ भविष्य की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**चिंता** | मुक्तिधाम पर मंडराया बाढ़ का संकट, समिति अध्यक्ष संजय अग्रवाल बोले हर साल उठाते हैं आवाज, फिर भी नहीं मिला स्थायी समाधान

# देवहा की बढ़ती धार फिर बनी खतरे की घंटी, क्या इस बार भी चेतावनी रह जाएगी अनसुनी ?

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** मानसून की पहली प्रभावी बारिश के साथ ही देवहा नदी का बढ़ता जलस्तर एक बार फिर जिले के लिए चिंता का विषय बन गया है। थोड़ी सी बारिश के बाद ही बाढ़ की आशंका गहराने लगी है, जिससे शहर के ऐतिहासिक मुक्तिधाम समेत आसपास के निचले इलाकों और नदी किनारे बसे गांवों पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। इस स्थिति को लेकर मुक्तिधाम समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट संजय अग्रवाल ने प्रशासन और शासन से तत्काल ठोस एवं स्थायी कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह समस्या वर्षों पुरानी है, लेकिन हर बार बाढ़ के बाद केवल अस्थायी व्यवस्थाएं की जाती हैं। मुक्तिधाम समिति लगातार जिला प्रशासन, सिंचाई विभाग और शासन को लिखित एवं मौखिक रूप से आगाह करती रही है कि देवहा नदी का जलस्तर बढ़ते ही मुक्तिधाम सबसे पहले बाढ़ की चपेट में आता है। इसके बावजूद आज तक ऐसी कोई स्थायी योजना धरातल पर नहीं उतर सकी, जिससे इस संकट का हमेशा के लिए समाधान हो सके। संजय अग्रवाल ने कहा कि पिछले वर्षों की भयावह बाढ़ आज भी लोगों के जेहन में ताजा है। उस दौरान मुक्तिधाम परिसर में करीब पांच से छह फीट तक पानी भर गया था, जिससे अंतिम संस्कार जैसी अत्यंत संवेदनशील धार्मिक प्रक्रिया भी प्रभावित हुई। पूरे परिसर की व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गई थीं और शोकाकुल परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। उनका कहना है कि यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं थी, बल्कि पूर्व तैयारी के अभाव का भी परिणाम था। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते तटबंधों की मरम्मत, कटान रोकने के उपाय और सुरक्षात्मक निर्माण कार्य शुरू नहीं किए गए तो इस बार हालात और गंभीर हो सकते हैं। मुक्तिधाम के अलावा शहर के निचले क्षेत्र तथा देवहा नदी के किनारे बसे कई गांव भी बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं, जिससे जनजीवन, धार्मिक गतिविधियां और सार्वजनिक संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है। समिति अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि यदि हर वर्ष एक जैसी परिस्थितियां बनती हैं तो स्थायी बाढ़ सुरक्षा योजना अब तक क्यों तैयार नहीं की गई। उनका कहना है कि आपदा आने के बाद राहत कार्य करना प्रशासन की मजबूरी हो सकती है, लेकिन आपदा आने से पहले उसकी रोकथाम करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। आखिर हर साल चेतावनी के बावजूद स्थायी समाधान की दिशा में गंभीर पहल क्यों नहीं की जाती? उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम केवल अंतिम संस्कार का स्थान नहीं, बल्कि पूरे जनपद की आस्था, परंपरा और सामाजिक संवेदनाओं का केंद्र है। इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन और सरकार दोनों का नैतिक दायित्व है। यदि इसे सुरक्षित रखने के लिए अभी से प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में स्थिति और विकट हो सकती है। संजय अग्रवाल ने शासन से मांग की कि सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम तत्काल देवहा नदी के संवेदनशील स्थलों और मुक्तिधाम का स्थलीय निरीक्षण करे। जहां कटान और जलभराव का खतरा है, वहां युद्धस्तर पर सुरक्षा कार्य शुरू कराए जाएं तथा दीर्घकालिक बाढ़ सुरक्षा परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाए।उन्होंने कहा कि समय रहते उठाया गया एक प्रभावी कदम हजारों लोगों की आस्था, जनजीवन और करोड़ों रुपये की सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रख सकता है। यदि इस बार भी चेतावनियों को नजरअंदाज किया गया और भविष्य में कोई बड़ा नुकसान हुआ तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों और प्रशासनिक तंत्र की होगी। मुक्तिधाम समिति ने शासन और जिला प्रशासन से संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य शुरू कराने की अपील की है, ताकि देवहा नदी की संभावित बाढ़ से मुक्तिधाम, शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को सुरक्षित रखा जा सके।

## संक्षेप समाचार

### जौहर विश्वविद्यालय के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने की मांग, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**पीलीभीत।** समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट नोमान अली वारसी के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन में मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के विरुद्ध प्रस्तावित ध्वस्तीकरण एवं तोड़फोड़ की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि विश्वविद्यालय हजारों विद्यार्थियों के भविष्य, उच्च शिक्षा और सामाजिक विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थान है। किसी भी विवाद का समाधान संविधान, कानून तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच के आधार पर किया जाना चाहिए। जल्दबाजी में की गई कार्रवाई से विद्यार्थियों की पढ़ाई और शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी। ज्ञापन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हितों की रक्षा करते हुए निष्पक्ष जांच कराने तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन पर समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट नोमान अली वारसी के अलावा अजय सिंह यादव (अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी), हाजी फखरुद्दीन, प्रवीण प्रताप जिला सचिव, शाहिद अली, फिरोज, शौर्य शर्मा, उपेन्द्र अवस्थी, रिजवान अंसारी, अमन अली वारसी सहित कई पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर हैं।

### 22 लाख व्यापारियों की आवाज़ को कब मिलेगा विधान परिषद में प्रतिनिधित्व ?



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले व्यापारी समाज को लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व दिलाने की मांग एक बार फिर मुखर होने लगी है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि जिस प्रकार शिक्षकों को विधान परिषद में अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार प्राप्त है, उसी प्रकार व्यापारी समाज को भी अपना प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का अवसर दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग सात लाख शिक्षक हैं, जिनके हितों और समस्याओं को विधान परिषद में उठाने के लिए शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से सदस्य चुने जाते हैं। वहीं दूसरी ओर, 22 लाख से अधिक जीएसटी पंजीकृत व्यापारी होने के बावजूद व्यापारियों के लिए कोई पृथक प्रतिनिधिक व्यवस्था नहीं है। ऐसे में उनके व्यापारिक हितों, कर संबंधी समस्याओं और प्रशासनिक चुनौतियों की प्रभावी पैरवी सदन तक नहीं पहुंच पाती। जिलाअध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी वर्ग न केवल प्रदेश के राजस्व में सबसे बड़ा योगदान देता है, बल्कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाखों लोगों के रोजगार का आधार भी है। इसके बावजूद व्यापारियों को कर प्रणाली की जटिलताओं, विभागीय नियमों, लाइसेंस संबंधी प्रक्रियाओं, निरीक्षण व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक परेशानियों से लगातार जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि व्यापारी समाज को विधान परिषद में प्रतिनिधित्व मिलता है तो व्यापार से जुड़े व्यावहारिक मुद्दों को गंभीरता के साथ सदन में रखा जा सकेगा। इससे सरकार और व्यापारिक समुदाय के बीच बेहतर संवाद स्थापित होगा तथा व्यापार हितैषी नीतियों के निर्माण में व्यापारियों की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। जिलाध्यक्ष ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने वाले व्यापारी वर्ग को लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी सम्मानजनक स्थान दिया जाए। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों को सीधे नीति निर्माण तक पहुंचाने के लिए प्रभावी प्रतिनिधित्व की व्यवस्था की जाए। अपने संदेश के अंत में उन्होंने कहा, "व्यापारी का सम्मान ही प्रदेश की समृद्धि और आर्थिक विकास की सबसे मजबूत नींव है।"

### बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर, कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारियां



**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी के आगामी विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बरखेड़ा ब्लॉक में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा करने तथा कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपने पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी हर्षित चौधरी ने कहा कि संगठन द्वारा विधानसभा स्तर पर बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी बूथ अध्यक्षों की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने शक्ति केंद्र संयोजकों एवं प्रभारियों से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का उद्देश्य केवल संगठनात्मक गतिविधि नहीं, बल्कि बूथ स्तर पर कार्य कर रहे समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान करना भी है। बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा कि बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की सफलता प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन निरंतर कार्य करने वाला संगठन है, इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा, समर्पण और सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन और मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला है।बैठक में सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारियों का विभाजन किया गया तथा सभी पदाधिकारियों से बूथ स्तर तक संपर्क अभियान तेज करने और सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अभी से जुट जाने का आह्वान किया गया।इस अवसर पर बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, मंडल प्रभारी हर्षित चौधरी, जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सोनकर, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अनूप वाल्मीकि, मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, मंडल महामंत्री सूरज श्रीवास्तव, विजय प्रजापति, मंडल उपाध्यक्ष उमा मिश्रा, युगल वर्मा, दिनेश सिंह, रुद्रपाल गंगवार, लालता प्रसाद लोधी, जगजीवन राम भारती, शेर सिंह राठौर, सूर्य प्रकाश गंगवार, अमित गुप्ता सहित मंडल पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र संयोजक उपस्थित रहे।

### नगर पालिका बोर्ड बैठक में विकास और राजस्व बढ़ाने के कई प्रस्ताव पास

**पीलीभीत।** नगर पालिका परिषद पीलीभीत की टाउन हॉल में आयोजित बोर्ड बैठक में नगर विकास, राजस्व वृद्धि और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने की, जबकि अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार मौजूद रहे। बैठक में चुंगी माल गोदाम स्थित नगर पालिका के भवन को पुन: पालिका के कब्जे में लेकर उसका जीर्णोद्धार कराने का प्रस्ताव मंजूर किया गया। भवन को आधुनिक सुविधाओं से विकसित कर व्यापार मंडलों की बैठकों, संगोष्ठियों और सामाजिक एवं व्यावसायिक आयोजनों के लिए उपयोग में लाया जाएगा। बोर्ड ने गांधी स्टेडियम रोड से गौहनिया रेलवे क्रॉसिंग तक नाले पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया। साथ ही नगर के बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, अस्पतालों, होटलों, बैंक्वेट हॉल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के गृहकर एवं अन्य करों की नियमित मॉनिटरिंग कराने पर भी सहमति बनी। बैठक में रामस्वरूप पार्क के किनारे फड़ विक्रेताओं को नियमानुसार स्थान आवंटित कर निर्धारित शुल्क वसूलने का फैसला लिया गया। इसके अलावा नागरिकों को ऑनलाइन सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका की आधिकारिक वेबसाइट विकसित करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया, जहां जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, ऑनलाइन शिकायत, सुझाव और विकास कार्यों की जानकारी उपलब्ध रहेगी।बोर्ड ने यह भी तय किया कि जिन अचल संपत्तियों के आवंटन की अवधि समाप्त हो चुकी है या शीघ्र समाप्त होने वाली है, उनका पुन: आवंटन पालिका बोर्ड की स्वीकृति एवं नियमानुसार किया जाएगा। बैठक में पारित प्रस्तावों को नगर के सुव्यवस्थित विकास, पारदर्शी प्रशासन, राजस्व वृद्धि और नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया।बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष एवं सभासद गोकुल प्रसाद मौर्य सहित साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, विपिन गंगवार, निर्मल सिंह, अनस अंसारी, शरीफ अंसारी, इकबाल हजरत, सुनीता सिंह, राशिद हुसैन, जाहिदा बी, शबनम, पुष्पा उपाध्याय, रत्ना शुक्ला समेत कई सभासद उपस्थित रहे।





## एक नजर

### गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप, मरीज का आधा शरीर सुन्न

**शेरपुर कलां।** पूरनपुर के ब्लॉक रोड स्थित एक निजी क्लिनिक पर कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। शेरपुर कलां निवासी नजीब खान ने आरोप लगाया है कि 16 जुलाई को पैर के दर्द के इलाज के लिए डॉक्टर सरफराज अहमद के क्लिनिक पर गए थे, जहां लगाए गए इंजेक्शन के बाद उनका आधा शरीर सुन्न हो गया और वे चलने-फिरने में असमर्थ हो गए। परिजनों ने उन्हें तत्काल पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। पीड़ित का कहना है कि गलत उपचार के कारण उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और चिकित्सकों की निगरानी में इलाज चल रहा है। इलाज पर प्रतिदिन तीन से चार हजार रुपये का खर्च आने से परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। नजीब खान ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर मामले की निष्पक्ष जांच, दोषी पाए जाने पर संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध कार्रवाई, क्लिनिक बंद कराने तथा उपचार में हुए खर्च की भरपाई कराने की मांग की है।

# अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर, पक्का निर्माण ध्वस्त

## बीसलपुर उपजिलाधिकारी के आदेश पर हुई कार्यवाही

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दियोरिया।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले ग्राम मधवापुर में बंजर भूमि पर हुए अवैध कब्जे को लेकर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए। शुक्रवार दोपहर को उप जिलाधिकारी बीसलपुर नागेंद्र पांडे के निर्देश पर राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड बरखेड़ा के गांव मधवापुर में स्थित गाटा संख्या 170, रकबा 0.713 हेक्टेयर भूमि अभिलेखों में बंजर भूमि के रूप में दर्ज है। आरोप है कि गांव निवासी एक दबंग युवक ने कब्ज़ा कर इस बंजर भूमि पर अवैध रूप से पक्का निर्माण करा लिया था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में बीसलपुर उपजिलाधिकारी नागेंद्र पांडे मौके पर पहुंचे और राजस्व विभाग की टीम द्वारा भूमि की पैमाइश कराई गई। पैमाइश में निर्माण के अवैध होने की पुष्टि होने पर एसडीएम के निर्देश पर कोतवाली दियोरिया कलां पुलिस की मौजूदगी में राजस्व विभाग की टीम ने जेसीबी के माध्यम से पक्के निर्माण को ध्वस्त करा दिया और भूमि को कब्जा मुक्त कराया है। प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान गांव में अफरा तफरी के माहौल की स्थिति देखी गई। राजस्व अधिकारियों ने बताया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी इस तरह के मामलों में नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से बंजर भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया।



बुल्डोजर से हटाया जा रहा कब्जा। -जागरण मोर्चा

# बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा को फर्जी कॉल, राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के नाम पर 3.50 लाख की रंगदारी, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** बीसलपुर विधानसभा सीट (130) से भारतीय जनता पार्टी के विधायक विवेक कुमार वर्मा को एक अज्ञात जालसाज द्वारा फर्जी कॉल कर लाखों रुपये ऐंठने के प्रयास का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को 'नीरज' बताते हुए विधायक को उनके संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात कराने का झांसा दिया और "नेगेटिव रिपोर्ट" का डर दिखाकर 3.50 लाख रुपये की मांग की। विधायक की मुस्तैदी के चलते यह ठगी नाकाम हो गई और उनकी लिखित शिकायत पर कोतवाली बीसलपुर में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

पुलिस को दी गई तहरीर में विधायक विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि 16 जुलाई 2026 को सुबह करीब 9:30 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले व्यक्ति ने बेहद रौबदार आवाज में कहा कि "राष्ट्रीय अध्यक्ष जी आपसे बात करना चाहते हैं।" इसके बाद उसने फोन किसी अन्य व्यक्ति को सौंप दिया, जिसने विधायक से बात की। बातचीत के दौरान फोन पर मौजूद कथित व्यक्ति ने विधायक से कहा कि "आपकी क्षेत्र से बहुत नेगेटिव रिपोर्ट आ रही है।" विधायक को लगा कि शायद उनके पिता (पूर्व मंत्री/विधायक रामसरन वर्मा) के संदर्भ में कोई पुरानी बात हो रही है, लेकिन इसी बीच नेटवर्क खराब होने के कारण कॉल कट गई। कुछ देर बाद जब विधायक ने उस नंबर पर दोबारा संपर्क किया, तो फोन उठाने वाले ने अपना नाम 'नीरज' बताया।





विधायक विवेक वर्मा।

जालसाज नीरज ने विधायक विवेक वर्मा से कहा कि महाराष्ट्र के पुणे में संघ का एक बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है, जिसमें उन्हें दो दिन के खाने-पीने का पूरा खर्च उठाना होगा। इसके एवज में उसने 3.50 लाख रुपये की मांग की और कहा कि अगले दिन वह एक बैंक अकाउंट नंबर भेजेगा, जिसमें यह रकम ट्रांसफर करनी होगी। जालसाज ने विधायक को भरोसा दिलाया कि रुपये मिलते ही आगामी 22 जुलाई 2026 को उनकी मुलाकात संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष से करा दी जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात और संगठन के नाम पर रुपयों की मांग होने पर विधायक को गहरा शक हुआ। उन्होंने बिना वक्त गंवाए इस फर्जी कॉल और अवैध वसूली के प्रयास के खिलाफ तुरंत बीसलपुर कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी। विधायक की तहरीर के आधार पर आरोपी 'नीरज' और संबंधित मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बेनीपुर मार्ग स्थित सखिया मोड़ पर शुक्रवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। यहाँ एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने आगे चल रही बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में बाइक सवार युवक और उसके पांच वर्षीय मासूम बेटे, दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। दियोरिया कलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरिया संजरपुर निवासी देव स्वरूप गं गवार (30 वर्ष) शुक्रवार रात लगभग 9:00 बजे अपने पांच वर्षीय पुत्र आरब के साथ बाइक से बीसलपुर नगर से वापस अपने गांव लौट रहे थे। मासूम आरब बाइक पर आगे बैठा हुआ था। जैसे ही उनकी बाइक बीसलपुर-गजरौला मार्ग पर स्थित सखिया मोड़ के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि पिता-पुत्र दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने देव स्वरूप गंगवार को मृत घोषित कर दिया। वहीं, पांच वर्षीय मासूम आरब की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से जब गंभीर रूप से घायल आरब को इलाज के लिए बरेली ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। एक ही परिवार के दो लोगों की मौत की खबर जैसे ही ग्राम पिपरिया संजरपुर पहुंची, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार पिकअप चालक की तलाश शुरू कर दी है।



मृतक पिता व पुत्र के फाइल फोटो। -जागरण मोर्चा

## छत पर सो रही युवती से छेड़छाड़

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव खजुरिया पचपेड़ा में घर की छत पर सो रही युवती से कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर बरखेड़ा पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव खजुरिया पचपेड़ा निवासी बाबूराम पुत्र राम दुलारे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12-13 जुलाई की मध्यरात्रि करीब एक बजे वह अपने परिवार के साथ घर की छत पर सो रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव का ही तेजपाल पुत्र भीमसेन चोरी-छिपे उनके घर की छत पर चढ़ आया। उस समय उनकी पुत्री चारपाई पर सो रही थी। आरोपी ने युवती को दबोच कर उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़ित के अनुसार, युवती के शोर मचाने पर परिवार के लोग जाग गए और आरोपी को मौके पर पकड़ लिया। हालांकि आरोपी परिवार के लोगों को धक्का देकर मौके से फरार हो गया।

# दीवार गिराने के विरोध पर मारपीट पर आमादा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कलीनगर/पूरनपुर।** रास्ते को लेकर हुए विवाद में दीवार गिरा दी।विरोध पर मारपीट करने पर आमादा हो गए। पुलिस को तहरीर दी गई है। पीलीभीत सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला वाग गुलशेर खां निवासी रामकुमार यादव ने बताया कि उसकी पत्नी शांति देवी के नाम कलीनगर में गाटा संख्या 512 रक्वा 0.806 हैक्टेयर सहखातेदारी में दर्ज है। उसका से खातेदारों से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। इसके निस्तारण के लिए सात जुलाई को उप जिलाधिकारी कलीनगर के द्वारा टीम गठित कर नाप कराई थी। उसके बाद उसने अपने हिस्से पर दीवार वनाई थी। 18 जुलाई को कलीनगर के वार्ड नंबर 7 निवासी विनोद,नरेश कुमा,प्रताप यादव,शीशपाल, प्रियंका यादव व लीलावती ने मिलकर उसकी दीवार गिरा दी। जब विरोध किया तो गाली गलौज देते हुए मारपीट करने पर आमादा हो गए। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। वमुश्किल विवाद शात कराया गया। पीड़ित ने माधोटांडा पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



गिराई गई दीवार। -जागरण मोर्चा

# घर लौट रही महिला और बेटी से मारपीट, चार पर रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव जारकलिया में घर लौट रही महिला और उसकी पुत्री के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर थाना बरखेड़ा पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।गांव जारकलिया निवासी लालता प्रसाद पुत्र रोशन लाल ने थाने में पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे उनकी पत्नी रामकली बकरी चराकर तथा पुत्री भैंस चराकर घर लौट रही थीं। आरोप है कि जैसे ही दोनों घर के पास पहुंचीं, तभी गांव के ही मुख्तियार, उसकी पत्नी, पुत्री तथा पुत्र अमीर ने उन्हें रोक लिया।पीड़ित का आरोप है कि सभी आरोपियों ने उनकी पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जब उनकी पुत्री ने बीच-बचाव कर मां को बचाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि घटना के दौरान दोनों को जान से मारने की धमकी भी दी गई। मारपीट में घायल महिला को पहले उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से वापस भेज दिए जाने के बाद परिजन निजी वाहन से बरखेड़ा लाकर उपचार कराया। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी एक विवाहिता ने थाने पर दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसकी शादी दो साल पहले घुंघचाई क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक के साथ हुई थी। जिसमें उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन कुछ ही दिन बाद अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। मना करने पर उसको आए दिन मारपीट कर प्रताडित किया जाने लगा। तीन दिन पहले मांग पूरी न करने पर विवाहिता को ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से भगा दिया। बिना दहेज के वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने घटनाक्रम की जानकारी अपने परिवार को बताई। तो उनके होश उड़ गए पिता के साथ थाने पहुंचकर विवाहिता ने पुलिस को तहरी दी है।

# सीओ ट्रैफिक ने पूरनपुर- बंड हाईवे का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सावन माह और कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सी ओ ट्रैफिक ने पूरनपुर-घुंघचाई-बंडा हाईवे का कांवड़ यात्रा मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क व्यवस्था, यातायात संचालन, सुरक्षा इंतजाम,श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लेकर दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान सीओ ट्रैफिक ने उन प्रमुख मार्गों का अवलोकन किया,जहां से श्रावण मास में बड़ी संख्या में कांवड़िए जल लेकर गुजरते हैं। उन्होंने सड़क की स्थिति, संभावित संवेदनशील स्थानों, मोड़ों, बाजार क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण करते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सावन के दौरान कांवड़ियों की संख्या में लगातार वृद्धि होती है। ऐसे में उनकी सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता है। मार्गों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पहले से ही सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। जहां जरूरत होगी, वहां अतिरिक्त पुलिस बल और यातायात कर्मियों की तैनाती की जाएगी, निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे अतिक्रमण, अवरोध और दुर्घटना की आशंका वाले स्थानों को भी चिन्हित किया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले सभी कमियों को दूर कर लिया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सीओ ट्रैफिक ने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था पर विशेष नजर रखी जाए।



हाईवे पर निरीक्षक करती सीओ ट्रैफिक। -जागरण मोर्चा

## संक्षेप समाचार

### रूपयों के विवाद में धारदार हथियार और लाठियां चलीं

**पूरनपुर।** रुपये के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे व धारदार हथियार चले, जिसमे दो लोगों के सिर फट गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा,तहरीरें पुलिस को दी गई है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव भैंसासुर निवासी राजनंदन का गांव के ही जितेंद्र से रुपयों को लेकर विवाद चल रहा है। गुरुबार की शाम दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों में रुपयो को लेकर बहस शुरु हो गई। पहले तो दोनों ओर से गाली गलौज शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला तूल पकड लिया। दोनों पक्ष धारदार हथियार और लाठियां लेकर आमने सामने आ गए। लाठी डंडे व धारदार हथियार चलने से एक-एक व्यक्ति घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर ग्रामीण भी घटनास्थल पर पहुंच गए। विवाद में दोनों के सिर फट गए।वमुश्किल लोगों ने विवाद को शांत कराया। एक दूसरे ने जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद घायल दोनो घुंघचाई थाने पहुंचे और पुलिस को मामले की तहरीर दी। पुलिस ने दोनों को मेडिकल के लिए सीएचसी पूरनपुर भेजा। पुलिस ने बताया कि दोनों का मेडिकल कराया जा चुका है। मामले की जांच पडताल शुरू कर दी गई है। मामले में कार्रवाई की जाएगी। एक अन्य मामले में महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अपने ससुरालियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पूरनपुर तहसील में डीएम और एसपी ने सुनीं समस्याएं



समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम एसपी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** शनिवार को पूरनपुर तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र पहुंचे, उन्होंने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे। डीएम और एसपी ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास, समाज कल्याण, पंचायत सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया,जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने तहसील परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी नियमित देखभाल भी करे, ताकि वह एक स्वस्थ वृक्ष बन सके। इस दौरान तहसील के अधिकारी,विभिन्न विभागों के कर्मचारी,कोतवाल पवन पांडे,सीओ विधि भूषण मौर्य सहित कई मौजूद रहे।

### थाना गजरौला का औचक निरीक्षण, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश



**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने शनिवार को थाना गजरौला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय तथा थाना परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अभिलेखों का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लंबित विवेचनाओं, शिकायती प्रार्थना पत्रों एवं आईजीआरएस प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। साथ ही अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की नियमित चेकिंग तथा वांछित और वारंटी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। महिला संबंधी अपराधों एवं संवेदनशील मामलों में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई, थाना परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा फरियादियों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार करते हुए उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के अंत में थाना स्टाफ को अनुशासन, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहने की हिदायत दी गई।

**आक्रोश** सपा छात्रसभा के नोमान अली के नेतृत्व में प्रदर्शन

# जौहर विवि पर बुलडोजर कार्रवाई रोकने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** समाजवादी छात्र सभा के नेता नोमान अली बारसी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शनिवार को रामपुर स्थित जौहर विश्वविद्यालय पर चल रही बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल सपा के कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई को तत्काल रोकने की मांग की। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को सौंपा गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए समाजवादी छात्र सभा के नेता नोमान अली बारसी ने कहा कि जौहर विश्वविद्यालय एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान है। जहां हजारों छात्र-छात्राओं के भविष्य का सवाल जुड़ा हुआ है। उनका कहना था कि विश्वविद्यालय पर की जा रही कार्रवाई से शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है और विद्यार्थियों के हितों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने मांग की कि मामले में निष्पक्ष जांच कराई जाए और जब तक सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी न हो जाएं, तब तक किसी भी प्रकार की बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी पक्षों को अपनी बात रखने का अधिकार है और किसी भी संस्था के संबंध में निर्णय कानून के दायरे में रहकर तथा न्यायपूर्ण तरीके से लिया जाना चाहिए। उन्होंने राज्यपाल से हस्तक्षेप कर मामले का संज्ञान लेने तथा उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि यदि जौहर विश्वविद्यालय पर चल रही कार्रवाई नहीं रोकी गई तो छात्र संगठन लोकतांत्रिक तरीके से अपना आंदोलन आगे भी जारी रखेगा। प्रदर्शन के उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उसे राज्यपाल तक पहुंचाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर समाजवादी छात्र सभा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते सपा छात्रसभा के पदाधिकारी कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

# दाखिल-खारिज में देरी और लेखपालों पर सुविधा शुल्क को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र में दाखिल-खारिज (नामांतरण) के मामलों में लगातार हो रही देरी तथा लेखपालों पर सुविधा शुल्क मांगने को लेकर शनिवार को प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने कहा कि राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली से आम नागरिकों, किसानों और वादकारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि तहसील में दाखिल-खारिज के अनेक प्रकरण महीनों तक लंबित पड़े रहते हैं। समय पर रिपोर्ट और आवश्यक कार्रवाई न होने के कारण लोगों को बार-बार तहसील और लेखपालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मामलों में कार्य शीघ्र कराने के नाम पर सुविधा शुल्क की मांग किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। जिससे आम जनता में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने कहा कि राजस्व संबंधी सेवाएं शासन की प्राथमिक सेवाओं में शामिल हैं, इसलिए इनमें पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा सुविधा शुल्क की मांग की जाती है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही सभी लंबित दाखिल-खारिज प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण कराया जाए। अधिवक्ताओं ने यह भी मांग की कि तहसील स्तर पर ऐसी प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए जिससे किसानों और आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।







## एक नजर

### महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन

**खुदागंज।** क्षेत्र के ग्राम नवादा दरो बस्त स्थित ठाकुर रोशन सिंह संघटक राजकीय महाविद्यालय में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सौजन्य से साइबर सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनुज सक्सेना के निर्देशन में कार्यशाला समन्वयक डॉक्टर मोहित गुप्ता के संयोजन में कार्यक्रम किया गया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनुज सक्सेना ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में साइबर अपराधों से बचाव के लिए सही जानकारी और सजगता अत्यंत आवश्यक है कार्यशाला में बैंक ऑफ़ बड़ौदा नवादा दरोवस्त शाखा के शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार ने डिजिटल अरेस्ट तथा फर्जी पार्सल घोटाला पर केस स्टडी के माध्यम से विस्तार से चर्चा की उन्होंने बताया कि अपराधी साइबर अपराध में लोगों के लालच का फायदा उठाकर सफल होते हैं साथ ही उन्होंने कहा कि शातिर अपराधी फोन कॉल के निलंबित होने का डर दिखाकर भी साइबर अपराध को अंजाम देते हैं।

# स्मार्ट सिटी योजना में गांधी भवन के सौंदर्यकरण का किया लोकार्पण

## बित्त मंत्री ने गांधी प्रतिमा का किया अनावरण, विकास योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में स्मार्ट सिटी योजना के तहत करीब 4 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से गांधी भवन के सौंदर्यीकरण कार्य का आज वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने शहर के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए।



दीप प्रज्वलित करते वित्त मंत्री और मेयर। -जागरण मोर्चा

टाउन हॉल स्थित गांधी भवन में आयोजित कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण किया और फीता काटकर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी योजना के तहत गांधी भवन को आधुनिक स्वरूप दिया गया है और शहर के प्रवेश मार्गों व प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी परियोजनाएं पूरी होने के बाद शाहजहांपुर का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के लिए लगभग 350 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे शहर में व्यापक विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग और गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिए सराहना भी की।

मंत्री ने शहर में अतिक्रमण पर नाराजगी जताते हुए दुकानदारों से सड़क पर सामान न रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी निर्धारित सीमा के भीतर ही सामान रखें ताकि यातायात प्रभावित न हो और शहर की सुंदरता बनी रहे। साथ ही महापौर और नगर आयुक्त को मुख्य मार्गों पर रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर अर्चना वर्मा, सांसद अरुण कुमार सागर और राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने गांधी भवन के नवीनीकरण को शहर की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री के प्रयासों से शाहजहांपुर में लगातार नई विकास परियोजनाएं साकार हो रही हैं।

# शाहजहांपुर को हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ से जोड़ने की उठी मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** सेंट्रल बार एसोसिएशन ने एक बार फिर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ से शाहजहांपुर को संबद्ध करने की मांग बुलंद की है। शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते हुए कहा कि वर्षों पुरानी इस मांग पर अब ठोस निर्णय लिया जाए। साथ ही अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने और न्यायालय परिसर की मूलभूत सुविधाओं में सुधार की भी मांग उठाई गई। ज्ञापन में कहा गया कि शाहजहांपुर से इलाहाबाद हाईकोर्ट की दूरी करीब 400 किलोमीटर है, जिससे वादकारियों और अधिवक्ताओं को आर्थिक व शारीरिक परेशानी झेलनी पड़ती है। जबकि लखनऊ होकर ही इलाहाबाद जाना पड़ता है, ऐसे में शाहजहांपुर को लखनऊ खंडपीठ



मुख्यमंत्रीके नाम संबोधित ज्ञापन देते अधिवक्ता गण। -जागरण मोर्चा

से जोड़ा जाना अधिक व्यावहारिक होगा। अधिवक्ताओं ने यह भी याद दिलाया कि 1986 में जस्टिस जसवंत सिंह आयोग ने भी शाहजहांपुर को लखनऊ खंडपीठ से संबद्ध किए जाने की संस्तुति की थी, लेकिन आज तक इस पर अमल नहीं हो सका। बार एसोसिएशन ने ज्ञापन में न्यायालय परिसर की समस्याओं का भी विस्तार से उल्लेख किया। इसमें सहायक श्रम न्यायालय को शाहजहांपुर में स्थापित करने, ई-कोर्ट व्यवस्था के दौरान अधिवक्ताओं के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण, न्यायालय परिसर में नियमित साफ-सफाई, पीने के पानी, शौचालय और पार्किंग जैसी बुनियादी सुविधाओं के सुधार तथा गर्मी के मौसम में कर्मचारियों और अधिवक्ताओं के बैठने की समुचित व्यवस्था की मांग की गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि देशभर में अधिवक्ताओं पर बढ़ते हमलों और हत्याओं की घटनाएं चिंता का विषय हैं। ऐसे में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कर अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# सोशल ऑडिट टीम चयन में गड़बड़ झाला

## पिता पिछड़ा वर्ग तो बेटा अनुसूचित जाति कोटे में चयनित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** विकास खंड भावलखेड़ा में सोशल ऑडिट टीम के चयन को लेकर विवाद गहरा गया है। शिकायतकर्ता जनेन्द्र कुमार ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर चयन प्रक्रिया में अनियमितता, पक्षपात और आरक्षण नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया है। मामले की जांच अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) को सौंप दी गई है। शिकायत में आरोप है कि चयन प्रक्रिया में एक ही परिवार के पिता-पुत्र, पति-पत्नी और मां-बेटे को टीमों में शामिल किया गया। साथ ही दावा किया गया है कि कुछ मामलों में पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी को पिछड़ा वर्ग श्रेणी में दर्शाकर चयन किया गया। शिकायतकर्ता ने विशेष रूप से आरोप लगाया है कि एक टीम में पिता राकेश कुमार का चयन पिछड़ा वर्ग और दूसरी टीम में उनके पुत्र सुभाष चंद्र का चयन अनुसूचित जाति श्रेणी में किया गया। शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया है कि सोशल ऑडिट टीम चयन के नाम पर रिश्वत मांग किए जाने संबंधी कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग उसके पास मौजूद है। उसने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर चयनित सदस्यों का प्रशिक्षण जांच पूरी होने तक स्थगित रखने की मांग की है। वहीं जिला अधिकारी ने इस मामले में अपर जिला अधिकारी न्यायिक को जांच सौंपी है शिकायतकर्ता को 20 जुलाई को साक्ष्यों सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और मामले की जांच जारी है।, देखना यह होगा कि हाल ही में आंगनबाड़ी से लेनदेन के वायरल ऑडियो के मामले में जिला अधिकारी द्वारा सीडीपीओ भावल खेड़ा को निलंबित करते हुए उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई थी क्या अब सोशल आडिट टीम चैन के मामले में वायरल ऑडियो पर जिलाधिकारी द्वारा कुछ कार्रवाई की जाएगी या नहीं यह आने वाला समय ही बताएगा ।

## टैक्सी चालक ने विषाक्त पदार्थ खाकर जान दी

**बदायूं।** घरेलू कलह के चलते एक टैक्सी चालक ने विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे मेडीकल कालेज ले गए। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उसहैत थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा जलालपुर निवासी सुबोध कुमार (24) पुत्र नंदकिशोर अपने भाई सुधीर के साथ उत्तराखंड के हरिद्धार में किराए पर टैक्सी चलाता था। वह करीब चार साल पहले हरिद्धार गया था। परिजनों ने बताया कि वह बृहस्पतिवार को फर्रुखाबाद से बुकिंग छोड़कर अपने गांव खेड़ा जलालपुर आया था। दोपहर बाद उसकी अपनी मां व पत्नी से किसी बात पर कहासुनी हो गई। जिससे क्षुब्ध होकर उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया।

# जुताई के दौरान ट्रैक्टर से गिरकर किसान की मौत, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बगरैन।** थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव करेंगी में शनिवार दोपहर जुताई के दौरान एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर ट्रैक्टर से धक्का देकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

परिजनों के अनुसार, करेंगी निवासी विपिन सिंह (पुत्र नरेशपाल सिंह) शनिवार को अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव का ही गजेन्द्र सिंह दो बार उनके घर आया और उन्हें अपने साथ ट्रैक्टर से जुताई करने के लिए खेत पर ले गया। आरोप है कि खेत में काम के दौरान गजेन्द्र सिंह ने विपिन को ट्रैक्टर से धक्का दे दिया, जिससे वह नीचे गिरकर हैरो की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया गया कि घटना के बाद आरोपी बिना परिवार को सूचना दिए घायल विपिन को इलाज के लिए आंवला ले गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां खेत में खून पड़ा मिला। वहीं, आरोपी ट्रैक्टर सहित मौके से फरार हो गया।

मृतक के चाचा सुरेशपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर गजेन्द्र सिंह पर घर से ले जाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक अपने पीछे पांच बच्चों अंशिका (14 वर्ष), प्रसिंका (12 वर्ष), वंश कुमार (10 वर्ष), नैना (8 वर्ष) और वरुण (6 वर्ष) को छोड़ गया है।

## संक्षेप समाचार

### समस्या निस्तारण को पानी की टंकी पर चढ़े किसान, अधिकारियों ने कराया समाधान





गांव में पानी की टंकी पर चढ़े किस सूरजपाल व मनोज। -जागरण मोर्चा

**खुदागंज।** खेत में जल भराव की समस्या को लेकर गांव के दो किसान पानी की टंकी पर चढ़ गए और वहां से कूद जाने की धमकी देने लगे सूचना पर पुलिस प्रशासन नायब तहसीलदार सहित कई अधिकारी पहुंचे और समाधान कराया बताया जाता है कीखुदागंज थाना क्षेत्र के गांव मयूना निवासी सूरजपाल व मनोज ने अपने खेत की मिट्टी कई वर्ष पूर्वएक ईंट भट्ठे के हाथ बेच दी थी जिसके चलते उनका खेत दूसरे खेतों से नीचा हो गया था जिसमें आए दिन जल भराव की समस्या हो रही थी इसके समाधान के लिए उक्त दोनों ने संबंधित अधिकारियों से शिकायत की थी परंतु कोई समाधान नहीं किया गया जिसके चलते शनिवार को सुबह दोनों ग्रामीण पानी की टंकी पर चढ़ गए सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे वहीं नायव तहसीलदार अमित कुमार हल्का लेखपाल दीपेश अग्निहोत्री की टीम मौके पर पहुंची और पाइप डालकर जल निकासी की व्यवस्था की गई जिसके बाद दोनों ग्रामीण टंकी से नीचे उतर आए।

### मेडिकल कॉलेज में छात्र सुरक्षा को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



प्राचार्य को ज्ञापन सॉफ्टवेयर एबीवीपी के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** पंडित राम प्रसाद बिस्मिल राजकीय मेडिकल कॉलेज में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शनिवार को प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। संगठन ने आरोप लगाया कि कॉलेज में लगातार हो रही अभद्रता और दुर्व्यवहार की घटनाओं से छात्र-छात्राओं में भय का माहौल है। एबीवीपी पदाधिकारियों ने कहा कि कॉलेज प्रशासन छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि मेडिकल कॉलेज परिसर में तत्काल प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस एवं सख्त कदम उठाए जाएं। जिला संगठन मंत्री संदीप सागर ने कहा कि मेडिकल कॉलेज शिक्षा का मंदिर है, लेकिन यहां छात्र-छात्राएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला स्तर पर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि छात्रों की सुरक्षा से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रांत सह मंत्री संजय गुप्ता, जिला संयोजक जितेंद्र पाल, एसएफडी जिला संयोजक वैभव सक्सेना, महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव, बाबू टाटा, शिवा सक्सेना, अनुज, आशुतोष मिश्रा, रचित, आयुष शुक्ला, निलेश कुमार समेत बड़ी संख्या में एबीवीपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डॉ इन्दु अजनबी बने उ.प्र. साहित्य सभा के ज़िला संयोजक



**शाहजहांपुर।** अंतर्राष्ट्रीय कवि एवं उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के प्रान्तीय अध्यक्ष डॉ शिवओम अम्बर की संस्तुति पर संस्थापक डॉ सर्वेश अस्थाना ने चर्चित स्थानीय कवि एवं मंच संचालक कवि डॉ इन्दु अजनबी को आगामी द्विवर्षीय कार्यकारिणी के लिए जिला संयोजक मनोनीत किया है। डॉ इन्दु अजनबी ने बताया कि शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। डॉ. अजनबी की इस उपलब्धि पर डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी, राशिद हुसैन राही, डॉ मयंक भूषण पांडेय, डॉ रवि मोहन , सरिता बाजपेयी, आभा पांडे, पीयूष शर्मा, उर्मिलेश सौमित्र आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### सर्पदंश से स्कूल के चौकीदार की मौत, कोहराम

**बदायूं।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव आमगांव में एक बुजुर्ग चौकीदार की सर्पदंश से मौत हो गई। वह गांव के एक निजी स्कूल में चौकीदार थे। रविवार सुबह वह चारपाई पर मृतावस्था में मिले। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव आमगांव निवासी आवेश सिंह (60) पुत्र टोढ़ी सिंह गांव के एक निजी स्कूल में चौकीदारी करते थे। परिजनों ने बताया कि वह रोजाना की तरह शनिवार रात डयूटी करने स्कूल गए थे। रविवार सुबह जब वह घर नहीं लौटे तो परिजनों ने स्कूल जाकर उनको देखा। जहां वह अचेतावस्था मं् चारपाई पर मिले।

# 24 जुलाई को शाहजहांपुर आएंगे कैबिनेट मंत्री मनोज पांडे, आशीर्वाद सम्मेलन में करेंगे शिरकत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री मनोज पांडे 24 जुलाई को शाहजहांपुर के दौरे पर रहेंगे। वह पुवायां में आयोजित आशीर्वाद सम्मेलन में शामिल होंगे और इसके बाद जलालाबाद स्थित परशुरामपुरी में भगवान श्री परशुराम के चरणों में पूजन-अर्चन करेंगे। कैबिनेट मंत्री के प्रस्तावित दौरे की जानकारी एफसीआई के डायरेक्टर प्रदीप पाण्डेय ने प्रेस वार्ता में दी। इस दौरान भाजपा नेता पिंटू तिवारी सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मनोज पांडे दोपहर एक बजे पुवायां के कैंब्रिज कॉन्वेंट में आयोजित आशीर्वाद सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसके बाद कैबिनेट मंत्री जलालाबाद स्थित परशुरामपुरी पहुंचेंगे, जहां भगवान श्री परशुराम का विधि-विधान से पूजन-अर्चन करेंगे। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम जलालाबाद को परशुरामपुरी के रूप में मान्यता मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। भाजपा नेता पिंटू तिवारी ने जनपदवासियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आशीर्वाद सम्मेलन और पूजन-अर्चन कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## अदीब नीट में स्थान बनाकर तिलहर का मान बढ़ाया



**तिलहर।** शाहजहांपुर नगर के मोहल्ला उमरपुर निवासी मोहम्मद अदीब में नीट परीक्षा सफलता प्राप्त करके तिलहर का मान बढ़ाया है तिलहर का मान बढ़ाया है। अदीब ने नीट परीक्षा में 609 अंक प्राप्त करके शानदार सफलता हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों तथा शिक्षकों को दिया है। कांग्रेस नेता साद उल्लाह खान ने उन्हें उनकी इस सफलता पर बधाई दी है ।

# 15 दिन में शिकायतें न निपटाई तो मिलेगी प्रतिकूल प्रविष्टि : डीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** तहसील सदर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस, आईजीआरएस, जनता दर्शन समेत अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की मौके पर जांच कर जियो टैग फोटो के साथ समय सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने शिकायतों के निस्तारण में संतुष्टि प्रतिशत कम मिलने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अधिकारी शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित



शाहजहांपुर सदर तहसील में शिकायतसुनते जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह।

करें और उनकी संतुष्टि के बाद ही प्रकरणों का निस्तारण करें। उन्होंने चेतावनी दी कि आईजीआरएस की शिकायतों का 15 दिन के भीतर निस्तारण नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस में कुल 62 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से छह शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देशों के साथ भेज दिया गया।

**उपलब्धि** 26 .32 करोड़ लागत से निर्मित स्टेडियम का लोकार्पण, खिलाड़ियों को मिली विश्वस्तरीय सुविधाएं

# शाहजहांपुर को मिला आधुनिक सुविधायुक्त स्टेडियम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जनपद के खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में शनिवार को बड़ी सौगात मिली। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने परमवीर चक्र विजेता नायक जदूनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में करीब 26.32 करोड़ (2632.76 लाख) की लागत से विकसित आधुनिक खेल सुविधाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने तरणताल, बैडमिंटन कोर्ट और कबड्डी इंडोर हॉल का उद्घाटन किया तथा सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का शिलापट्ट अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने बैडमिंटन कोर्ट में खिलाड़ियों के साथ बैडमिंटन खेलकर



स्टेडियम का लोकार्पण करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। -जागरण मोर्चा

उनका उत्साहवर्धन भी किया। खिलाड़ियों ने उनका पुष्पमालाओं से स्वागत करते हुए कहा कि अब बेहतर प्रशिक्षण के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के मार्गदर्शन में शाहजहांपुर में खेल अवसंरचना तेजी से विकसित हो रही है। उन्होंने बताया कि हॉकी स्टेडियम का निर्माण दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है। साथ ही जिला खेल प्रोत्साहन समिति के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रतिदिन पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा, जिस पर प्रतिमाह पांच से छह लाख रुपये खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि जिले के नौ खिलाड़ियों का राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। सांसद अरुण कुमार सागर ने कहा कि खेल, सड़क, शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है और शाहजहांपुर नई पहचान बना रहा है। उन्होंने इन परियोजनाओं के लिए मंत्री का आभार व्यक्त किया। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी माहिका खन्ना ने स्टेडियम की आधुनिक सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि इससे शाहजहांपुर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाएगा और यहां राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की संभावनाएं बढ़ेंगी। मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि खिलाड़ियों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह स्टेडियम पूरे बरेली मंडल के लिए गौरव का विषय बनेगा।

# आरसीएल के बेकाबू डंपर ने एआरपी की कार में मारी टक्कर, बाल-बाल बचे अधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र में शनिवार को एक तेज रफ्तार आरसीएल डंपर ने स्कूल निरीक्षण के लिए जा रहे एआरपी की कार में टक्कर मार दी। हादसे में भावलखेड़ा के एआरपी अनिल द्विवेदी और पंकज पाल बाल-बाल बच गए, जबकि उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई।जानकारी के अनुसार, दोनों एआरपी प्राथमिक विद्यालय गुवारी के पर्यवेक्षण के लिए जा रहे थे। इसी दौरान रिलाइंस पावर प्लांट के मेटेरियल गेट के पास राज कार्पोरेशन लिमिटेड (आरसीएल) कम्पनी के बेकाबू डंपर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही चौड़ेरा




प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक विचित्र अग्निहोत्री मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाला, स्थिति संभाली और डंपर को रुकवाकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। हादसे में किसी के हताहत न होने से बड़ा हादसा टल गया। वहीं दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा।

## ऐशबाग स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का पीएम ने किया लोकार्पण

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पंजाब के जालंधर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ऐशबाग सहित अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित 75 अमृत स्टेशनों व अन्य परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस मौके पर पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के ऐशबाग स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। ऐशबाग स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में डीआरएम गौरव अग्रवाल ने कहा कि स्टेशन के आधुनिकीकरण से हजारों यात्रियों को आराम मिलेगा। स्टेशन को आधुनिक, सुरक्षित, सुविधाजनक एवं विश्वस्तरीय यात्री सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सदस्य संजय सेठ, एमएलसी लालजी प्रसाद निर्मल, मुकेश शर्मा, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा बिष्ट यादव, सीनियर डीसीएम अरिजीत सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, केंद्रीय रक्षामंत्री के प्रतिनिधि दिवाकर त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

# सोनम वांगचुक पर सियासी संग्राम, डिंपल बोलीं- लोकतंत्र की आवाज दबाई जा रही

### जंतर–मंतर से अस्पताल ले जाने की कार्रवाई पर सपा हमलावर, केंद्र सरकार पर लगाए लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन के आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को दिल्ली के जंतर-मंतर से पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाने की कार्रवाई के बाद सियासी घमासान तेज हो गया है। समाजवादी पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए इसे शांतिपूर्ण विरोध की आवाज दबाने वाला कदम बताया है। सपा सांसद डिंपल यादव और पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने-अपने बयान जारी कर भाजपा सरकार पर हमला बोला।

समाजवादी पार्टी सांसद डिंपल यादव ने सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाने की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शांतिपूर्ण विरोध करने वालों की आवाज दबाना लोकतंत्र और संविधान के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि सोनम वांगचुक जैसे लोगों की आवाज दबाना देश की आत्मा को दबाने जैसा है। डिंपल यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति और शांतिपूर्ण प्रदर्शन का सम्मान किया जाना चाहिए। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सोनम वांगचुक को अनशन स्थल से हटाए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि बल प्रयोग करके किसी आंदोलनकारी को उठाना बेहद निंदनीय है। उन्होंने मांग की कि सोनम वांगचुक की चिकित्सा व्यवस्था न्यायिक निगरानी में कराई जाए। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई से देश की लोकतांत्रिक छवि को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संवाद की जगह दमन की राजनीति कर रही है। दरअसल, शनिवार सुबह दिल्ली के जंतर-मंतर पर आमरण अनशन कर रहे सोनम वांगचुक को पुलिस सफदरजंग अस्पताल लेकर गई। पुलिस कार्रवाई के दौरान प्रदर्शनकारियों ने विरोध किया, जिसके बाद मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। विरोध कर रहे लोगों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि वांगचुक को जबरन हटाया गया। हालांकि पुलिस की ओर से इस कार्रवाई को लेकर विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। सपा नेताओं ने सवाल उठाया कि शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे व्यक्ति के साथ इस तरह की कार्रवाई क्यों की गई। पार्टी ने मांग की कि सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य और उपचार की पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाए। सोनम वांगचुक पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और सामाजिक मुद्दों को लेकर लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। उनके समर्थन में कई लोग सामने आए हैं। वहीं, इस घटना के बाद विपक्षी दलों ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। सोनम वांगचुक प्रकरण को लेकर लखनऊ में भी समाजवादी पार्टी नेताओं ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। पार्टी नेताओं का कहना है कि लोकतंत्र में विरोध की जगह होनी चाहिए और शांतिपूर्ण आंदोलनों को बातचीत के जरिए हल किया जाना चाहिए। वहीं, भाजपा की ओर से अभी इस पूरे मामले पर विस्तृत राजनीतिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। घटना के बाद आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर सियासी बयानबाजी और तेज होने के संकेत हैं।

## सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी शर्मनाक, संसद मार्च से डरी मोदी सरकार: संजय सिंह

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी और सांसद संजय सिंह ने सोनम वांगचुक के शांतिपूर्ण अनशन पर हुई पुलिसिया कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सत्ता के अहंकार में इतने अंधे हो गए हैं कि उन्हें युवाओं के बर्बाद होते भविष्य और एक अनशनकारी की जान की कोई परवाह नहीं है। संजय सिंह ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी है कि जिस युवा शक्ति का आज दमन किया जा रहा है, वही आने वाले समय में भाजपा की सत्ता के पतन का मुख्य कारण बनेगी।

संजय सिंह ने कहा कि 59 वर्षीय सोनम वांगचुक पिछले 21 दिनों से आमरण अनशन पर थे। वह अपनी ज़िंदगी दांव पर लगाकर उन करोड़ों युवाओं की आवाज उठा रहे थे जिनका भविष्य 93 पेपर लीक की घटनाओं ने पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। विडंबना यह है कि 21 दिन बीत जाने के बाद भी देश के प्रधानमंत्री ने उनसे बात करना तो दूर, अनशन खत्म करने की अपील तक करना जरूरी नहीं समझा। सरकार का कोई प्रतिनिधि यह पूछने तक नहीं आया कि आप अपनी जान देने पर क्यों आमादा हैं।

# लखनऊ में बदला स्कूलों का समय, अब सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक खुलेंगे आठवीं तक के विद्यालय

### मौसम सामान्य होने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने जारी किया नया आदेश, 18 जुलाई से तत्काल प्रभाव से लागू

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** राजधानी में मौसम में सुधार और गर्मी से राहत मिलने के बाद स्कूलों के समय में एक बार फिर बदलाव किया गया है। अब कक्षा आठ तक के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त, परिषदीय और निजी विद्यालय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

नया समय प्री-प्राइमरी, नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक की सभी कक्षाओं पर लागू होगा। आदेश के अनुसार यह व्यवस्था 18 जुलाई 2026 से प्रभावी हो गई है और अगले निर्देश तक जारी रहेगी। शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालयों को नए समय का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

लखनऊ में पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी और लू के कारण स्कूलों के संचालन समय में बदलाव किया गया था। गर्मी को देखते हुए विद्यालय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक चलाए जा रहे थे। अब मौसम में सुधार के बाद शिक्षा विभाग ने पुराने समय के करीब व्यवस्था लागू कर दी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से जारी आदेश की प्रति महानिदेशक स्कूल शिक्षा, शिक्षा निदेशक (बेसिक), जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक और सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को भेज दी गई है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी बोर्डों से जुड़े विद्यालयों को इस आदेश का पालन करना होगा। स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यार्थियों की सुविधा और मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए विद्यालय संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

गौरतलब है कि गर्मी के मौसम में बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए प्रदेश के कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया था। अब तापमान में कमी आने के बाद धीरे-धीरे विद्यालयों को सामान्य समय पर संचालित किया जा रहा है। लखनऊ में भी इसी क्रम में नया समय लागू किया गया है।

## संक्षेप समाचार

### दिमाग में पनपे ट्यूमर की जटिल सर्जरी करके किशोर की बचाई जान




**लखनऊ।** कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के डॉक्टरों ने दिमाग में पनपे ट्यूमर का जटिल ऑपरेशन कर किशोर की जान बचाने में कामयाबी हासिल की है। न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने ट्यूमर को निकाल दिया है। प्रतापगढ़ के कुंडा निवासी किशोर अनिकेत गुप्ता को आंखों में टेढ़ापन, चेहरे का तिरछापन, खाना निगलने में दिक्कत व पैरों–हाथों में कमजोरी की शिकायत थी। परिजनों ने पहले कई अस्पतालों में इलाज कराया, मगर राहत नहीं मिली। 29 जून को वे अनिकेत को लेकर कल्याण सिंह कैंसर संस्थान पहुंचे। सीएमएस एवं न्यूरोसर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र कुमार की निगरानी में मरीज को भर्ती किया गया। जांच कराने पर ब्रेनस्टेम ट्यूमर की पुष्टि हुई। डॉ. विजेंद्र ने बताया कि ब्रेनस्टेम दिमाग का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, जो पूरे शरीर की गतिविधियों को काबू करता है। यहीं से निकलने वाली बेहद महीन नसें शरीर के विभिन्न अंगों तक संदेश पहुंचाती हैं। इस हिस्से में ट्यूमर बनने पर हाथों–पैरों में कमजोरी, खाना निगलने में कठिनाई, आंखों का टेढ़ापन, चेहरे का तिरछापन जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। समय पर इलाज न मिलने पर मरीज कोमा में भी जा सकता है। ब्रेनस्टेम चारों ओर से बेहद संवेदनशील नसों से घिरा होता है, इसलिए इसकी सर्जरी न्यूरोसर्जरी की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रक्रियाओं में मानी जाती है। जरा सी लापरवाही में मरीज की जान या स्थायी दिव्यांगता बन सकती है।

### नरही बाजार का रास्ता बंद होने से व्यापारी परेशान



**लखनऊ।** हजरतगंज क्षेत्र में अशोक मार्ग स्थित श्रीराम टावर के पास से नरही बाजार जाने वाले रास्ते को बैरिकेडिंग लगाकर अस्थायी रूप से बंद किए जाने से व्यापारियों में रोष है। शुक्रवार को नरही बाजार के व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में अपर पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक) से मुलाकात की और बैरिकेडिंग हटाने की मांग की।

स्मार्ट सिटी स्थित एसीपी ट्रैफिक राघवेंद्र सिंह के कार्यालय पहुंचे व्यापारियों ने बताया कि आने–जाने में लोगों को जवाहर भवन के सामने से घूमकर आना पड़ रहा है। इससे समय और ईंधन दोनों बर्बाद हो रहे हैं। हजरतगंज चौराहे के पास कॉफी हाउस के सामने डिवाइडर का रास्ता पहले से ही बंद है। दोनों रास्तों के बंद होने से नरही बाजार के कारोबार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

एसीपी ट्रैफिक ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान सहायक पुलिस उपायुक्त (यातायात) प्रदीप कुमार, नरही आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, चेयरमैन प्रकाश मोहन भार्गव, कोषाध्यक्ष अभिषेक केसरवानी, उपाध्यक्ष अश्वनी मिश्रा, संजय साहू, धर्मेंद्र कुमार जायसवाल, सुनील कुमार, पवन मेवानी, राज बहादुर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### तीन सितंबर को सजेगा स्वदेशी व्यापारी कुंभ

**लखनऊ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल तीन सितंबर को अपने 33वें स्थापना दिवस पर राजधानी में स्वदेशी व्यापारी कुंभ आयोजित करेगा। शुक्रवार को दारुलशफा स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आठ साल बाद प्रदेशभर के व्यापारी लखनऊ में जुटेंगे। इससे पहले रजत जयंती वर्षगांठ पर व्यापारी महाधिवेशन बुलाया गया था। संगठन जीएसटी, ई–कॉमर्स, गृहकर और इंस्पेक्टर राज से मुक्ति चाहता है। इसके लिए प्रदेश में क्षेत्रीय स्तर पर बैठकें की जा रही हैं। काशी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बैठकें हो चुकी हैं। 22 जुलाई को कानपुर, बुंदेलखंड क्षेत्र की बैठक होगी। इसी माह गोरक्ष और ब्रज क्षेत्र की बैठकें भी होंगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल, प्रदेश युवा महामंत्री आकाश गौतम और महानगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा मौजूद रहे।

## बिजली शिविर में सीधे एमडी सुनेंगे उपभोक्ताओं की समस्या, गोखले मार्ग पर हर महीने लगेगा कैंप

### अभियंताओं की अनदेखी पर अब प्रबंध निदेशक करेंगे सुनवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने नई व्यवस्था शुरू करने की तैयारी की है। अब जिन उपभोक्ताओं की शिकायतें बिजली अभियंताओं और अधिकारियों द्वारा नहीं सुनी जाएंगी, उनकी समस्या सीधे प्रबंध निदेशक तक पहुंचेगी। इसके लिए मध्यांचल निगम के गोखले मार्ग स्थित मुख्यालय में हर महीने बिजली शिविर लगाया जाएगा।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक संदीप भागिया ने कार्यभार संभालने के बाद पहली बार पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली शिविर में वह स्वयं उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेंगे और जरूरत पड़ने पर मामलों की जांच भी कराएंगे। आईएएस अधिकारी संदीप भागिया ने बताया कि एलडीए और नगर निगम की तर्ज पर अब बिजली विभाग में भी प्रतिमाह शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर के माध्यम से उपभोक्ता अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के सामने रख सकेंगे। साथ ही ऐसे कर्मचारियों और अभियंताओं की कार्यप्रणाली भी सामने आएगी, जो शिकायतों के समाधान में लापरवाही बरतते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर किस दिन या किस तारीख को आयोजित किया जाएगा, इसकी जानकारी जल्द जारी कर दी जाएगी। इसके अलावा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए अमौसी जोन के मोहनलालगंज और मलिहाबाद क्षेत्र में कार्यालय खोलने पर भी विचार किया जा रहा है। प्रबंध निदेशक ने कहा कि बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार की बिजली सुधार योजनाओं को लागू कराने पर भी काम किया जाएगा। इसके साथ ही बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

### दुबग्गा और कबीरनगर उपकेंद्र पर नागरिकों का हंगामा

**लखनऊ।** बिजली संकट से नाराज लोगों ने शुक्रवार देर रात दुबग्गा और कबीर नगर बिजली उपकेंद्रों पर प्रदर्शन किया। दुबग्गा क्षेत्र में ट्रांसफार्मर में आग लगने और पारा के चुन्नूखेड़ा क्षेत्र में केबल कटने से हजारों उपभोक्ता घंटों बिजली संकट से जूझते रहे।

कबीर नगर उपकेंद्र के अंतर्गत चुन्नूखेड़ा तिराहे के पास परसादी खेड़ा रोड पर एलडीए के नाला निर्माण कार्य के दौरान बिजली का केबल कट गया। इससे देर शाम रामदस खेड़ा, बजरंग सिटी, परसादी खेड़ा, आर्यपुरम और राधेबाग कॉलोनी समेत आसपास के इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। करीब 25 हजार की आबादी प्रभावित रही। देर रात 12 बजे तक भी बिजली आपूर्ति पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी। इससे नाराज लोगों ने कबीर नगर उपकेंद्र पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, दुबग्गा की मछली मंडी क्षेत्र में शुक्रवार शाम ट्रांसफार्मर में आग लगने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी: टिन्नू–मनीष यादव 39 घंटे की पुलिस रिमांड पर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा घोटाला मामले में आरोपी रमाशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव और उसके भतीजे मनीष यादव की 39 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड शनिवार सुबह 8:40 बजे शुरू हो गई। पुलिस दोनों को जिला कारागार से पुलिस लाइन स्थित अस्पताल ले आई, जहां मेडिकल परीक्षण के बाद एसओजी कार्यालय में पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टिन्नू यादव मीडिया और लोगों से बचने के लिए पूरे समय गमछे से अपना चेहरा ढके रहा। पुलिस दोनों को उन संदिग्ध स्थानों पर ले जा सकती है, जहां कथित रूप से चढ़ावे की रकम का बंटवारा होता था। रियल एस्टेट और कंस्ट्रक्शन से जुड़े निवेश, घर, हॉस्टल तथा अन्य ठिकानों की भी जांच की जा सकती है। पुलिस नकदी, आभूषण और अहम दस्तावेजों की बरामदगी का प्रयास करेगी। इससे पहले तीन चरणों में छह आरोपियों से पूछताछ के दौरान दस्तावेज, आभूषण और दो चारपहिया वाहन बरामद किए जा चुके हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार एसआईटी रिपोर्ट में टिन्नू यादव के पास दानपेटिका (हुंडी) की चाबी होने का भी उल्लेख है। ऐसे में इस रिमांड से मामले में कई महत्वपूर्ण खुलासे होने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस और विशेष जांच दल (एसआईटी) दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रहे हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार पूछताछ के बाद उन्हें उन संदिग्ध स्थानों पर भी ले जाया जाएगा, जहां कथित तौर पर मंदिर के चढ़ावे की रकम का बंटवारा किया जाता था। इसके अलावा रियल एस्टेट, निर्माण कार्यों, मकानों, हॉस्टलों और अन्य संपत्तियों में किए गए संभावित निवेश की भी जांच होगी। पुलिस का प्रयास नकदी, आभूषण और मामले से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों की बरामदगी करना है। इससे पहले तीन चरणों की कस्टडी रिमांड के दौरान छह आरोपियों से पूछताछ में कई अहम साक्ष्य हाथ लगे थे।

### कूरियर से राजधानी आ रहीं नकली दवाएं

**लखनऊ।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग राजधानी में नकली दवाओं के नेटवर्क को तोड़ नहीं पा रहा। इसकी बड़ी वजह ये है कि राजधानी में नकली दवाओं की ज्यादातर आपूर्ति कूरियर के जरिये पहुंच रही है। जिले के अंदर और आसपास के जिलों में माल को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए ही वाहनों का इस्तेमाल किया जाता है। अधिकारी भी मानते हैं कि दवा की दुकानों तक पहुंचने के बाद नकली-असली की पहचान करना काफी मुश्किल हो जाता है। नकली दवाओं को पकड़ने के लिए गोपनीय सूचनाओं पर आश्रित रहना पड़ता है। बृहस्पतिवार रात विभिन्न ब्रांड की नकली दवाओं की बरामदगी ने फिर से सवाल खड़े किए हैं कि आखिर इन दवाओं के निर्माण और सप्लाई का नेटवर्क कहां से संचालित हो रहा है। पिछले तीन वर्ष में कई बार कार्रवाई के बाद भी नकली दवाओं के धंधे पर पूरी तरह से रोक नहीं लग सकी है। पुलिस और एफएसडीए के अधिकारी भी मानते हैं कि जब तक नकली दवाओं के उत्पादन और आपूर्ति पर नकेल नहीं कसेगी, तब तक इस धंधे को रोक पाना मुश्किल है।

### ग्रीन कॉरिडोर के निर्माण के लिए काटे जा रहे 400 पेड़

**लखनऊ।** ग्रीन कॉरिडोर के तीसरे फेज के काम के लिए जी-20 रोड के किनारे से करीब 400 पेड़ काटे जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, सड़क के किनारे करीब दो किलोमीटर के दायरे में फैले पेड़ों की कटाई की जाएगी। पेड़ काटने वाले कर्मचारियों ने बताया कि कॉरिडोर के निर्माण के लिए तीन चरणों में पेड़ों की कटाई होगी। पहले चरण में 205, दूसरे चरण में 128 और तीसरे चरण में 81 पेड़ काटे जाएंगे। अभी तक 100 से अधिक पेड़ों की कटाई हो चुकी है। कर्मचारियों ने बताया कि काटे जा रहे पेड़ चिलबिल प्रजाति के हैं और ये करीब 7 से 10 वर्ष पुराने हैं। इनकी लंबाई अधिक होने के कारण विशेष तकनीक के जरिये इनकी कटाई की जा रही है। डीएफओ सितांशु पांडेय ने बताया कि पेड़ों की कटाई के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को अनुमति दी गई है। ये पेड़ विकास योजनाओं के लिए काटे जा रहे हैं। इसके एवज में एक पेड़ के बदले 10 नए पेड़ लगाए जाएंगे। एलडीए को दी गई अनुमति में इस शर्त को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया गया है।

## 11 साल बाद फिर पटरी पर लौटेगी रुहेलखंड एक्सप्रेस, कासगंज से ऐशबाग तक आसान होगा सफर

### रेलवे बोर्ड ने दी संचालन की मंजूरी, कासगंज-बदायूं-बरेली-पीलीभीत-मैलानी मार्ग की कनेक्टिविटी होगी बहाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। कासगंज से ऐशबाग (लखनऊ) के बीच चलने वाली रुहेलखंड एक्सप्रेस 11 साल बाद एक बार फिर पटरी पर लौटेगी। रेलवे बोर्ड ने ट्रेन संख्या 15311-12 के संचालन को मंजूरी दे दी है। हालांकि ट्रेन के संचालन की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है।

रुहेलखंड एक्सप्रेस का संचालन मीटरगेज रेल लाइन को ब्रॉडगेज में बदलने के काम के दौरान करीब 11 साल पहले बंद कर दिया गया था। उस समय कासगंज-बदायूं-बरेली और इसके बाद बरेली-पीलीभीत-मैलानी रेलखंड को ब्रॉडगेज में परिवर्तित किया गया था। रेल लाइन का काम पूरा होने के बाद भी इस ट्रेन का संचालन दोबारा शुरू नहीं हो पाया था। ट्रेन बंद होने से कासगंज, बदायूं, बरेली, पीलीभीत और मैलानी क्षेत्र के यात्रियों को ऐशबाग और लखनऊ तक सीधी रेल सुविधा नहीं मिल पा रही थी। यात्रियों को दूसरे साधनों का सहारा लेना पड़ता था और लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। अब रेलवे बोर्ड की मंजूरी के बाद इन क्षेत्रों के यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। रुहेलखंड एक्सप्रेस के दोबारा चलने से कासगंज से लेकर लखनऊ तक रेल संपर्क मजबूत होगा और हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रेन संचालन की तैयारियां पूरी की जा रही हैं। जल्द ही इसके समय, ठहराव और संचालन की तारीख की घोषणा की जाएगी। इस ट्रेन के शुरू होने से व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और आम यात्रियों को विशेष सुविधा मिलेगी। रुहेलखंड एक्सप्रेस के दोबारा संचालन से लंबे समय से बंद पड़ी कासगंज-बदायूं-बरेली-पीलीभीत-मैलानी होते हुए ऐशबाग तक की रेल कनेक्टिविटी फिर से बहाल हो जाएगी। रेलवे के इस फैसले को क्षेत्र के यात्रियों के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

## गलत जमीन पर बने मकानों के लिए भूस्वामियों को मिलेगा मुआवजा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** एलडीए आईटी सिटी और वेलनेस सिटी योजना से जुड़े उन लोगों को राहत देने की तैयारी में है, जिन्हें प्रॉपर्टी डीलरों ने गलत जमीन बेच दी थी और अब उनके मकान टूटने का खतरा बना हुआ है। एलडीए ऐसे लोगों को निर्माण लागत का मुआवजा देने का प्रस्ताव बना रहा है। यह कदम योजना को कानूनी विवादों से बचाने के लिए उठाया जा रहा है।

एलडीए सुल्तानपुर रोड पर लैंडपूलिंग नीति के तहत आईटी और वेलनेस सिटी योजना ला रहा है। इस नीति में एलडीए भूस्वामियों से निशुल्क जमीन लेकर बदले में 25 फीसदी विकसित जमीन देता है। योजना आने से पहले ही इन गांवों में 500 से अधिक मकान बन चुके हैं। इनमें से ज्यादातर मकान ग्राम समाज की जमीनों पर बने हैं। बिल्डरों ने कागज पर सही जमीन बेची, लेकिन मौके पर गलत कब्जा दिया। ये मकान 10 से 15 साल पुराने हैं और ज्यादातर बैंक कर्ज लेकर बनाए गए हैं। अब एलडीए बिना मानचित्र निर्माण का नोटिस जारी कर तोड़ने की चेतावनी दे रहा है। ऐसे में लोग कोर्ट जाने की बात कर रहे हैं, जिससे कानूनी अड़चनें आ रही हैं। योजना से जुड़े जानकारों के अनुसार, लैंडपूलिंग योजना में एलडीए को जमीन आने के बाद प्लॉट देना होगा। जिन लोगों को प्रॉपर्टी डीलरों ने धोखाधड़ी से गलत जगह कब्जा दिया, लेकिन रजिस्ट्री में सही खसरा नंबर दिखाया, वहां विवाद होगा। लोग रजिस्ट्री लेकर कोर्ट जाएंगे तो मामला फंस सकता है। इस स्थिति से बचने के लिए एलडीए बीच का रास्ता निकाल रहा है। विवाद वाली जमीनों पर बने मकानों के मालिकों को निर्माण लागत का मुआवजा दिया जाएगा। जिन लोगों के मकान सही जमीन पर हैं, उन्हें निर्माण लागत के अलावा लैंडपूलिंग के तहत प्लॉट देने का भी ऑफर दिया जा रहा है। एलडीए पुरानी योजनाओं में व्यावसायिक जमीनों की कीमतें नहीं बढ़ाएगा। इन योजनाओं में जमीनें नीलामी से बेची जा रही हैं। इसको लेकर यह चर्चा थी कि अगले महीने से एलडीए जमीनों की कीमत 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है।

# लॉर्ड्स ODI होगा रोहित शर्मा का आखिरी इंटरनेशनल मैच!



## भारत-इंग्लैंड सीरीज के बीच बड़ी खबर

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रही है। उसी बीच अब रोहित शर्मा के करियर को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक सेलेक्टर्स और टीम इंडिया के मैनेजमेंट ने अब रोहित शर्मा से आगे बढ़ने का मन बना लिया है। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला लॉर्ड्स के मैदान पर रोहित शर्मा का आखिरी इंटरनेशनल मैच हो सकता है।

इंडियन एक्सप्रेस की एक्सक्लूसिव जानकारी के अनुसार यह पता चला है कि भारतीय चयन समिति ने रोहित शर्मा और कोच गौतम गंभीर को पिछले हफ्ते ही इसकी जानकारी दे दी थी। इसके मुताबिक चयनकर्ताओं ने अब रोहित के साथ आगे नहीं जाने का मन बनाया है। चयन समिति अब युवाओं को आगे लाना चाहती है। यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ियों को मैनेजमेंट मौका देना चाहता है और आगामी 2027 वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी करना चाहता है।

### कैसा रहा रोहित शर्मा का करियर रिकॉर्ड?

रोहित शर्मा के करियर रिकॉर्ड की बात करें तो वनडे इंटरनेशनल में उन्होंने भारत को एशिया कप, चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब दिलाए। इसके अलावा चैंपियंस ट्रॉफी में भी भारत उनकी कप्तानी में चैंपियन बना। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में टीम इंडिया उपविजेता भी उनकी कप्तानी में रही थी। रोहित ने वनडे इंटरनेशनल में 278 पारियों में 11731 रन बनाए हैं जिसमें 33 शतक और 62 अर्धशतक शामिल हैं। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद भी वह भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। मगर फिर भी उनको लेकर लिया गया यह फैसला समझ के परे है।

### रोहित शर्मा नहीं हैं खुश!

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (ब्क्ष्ष्ठ्व) के एक सूत्र द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक यह कहा गया, 'चयनकर्ताओं ने रोहित शर्मा को यह जानकारी दे दी गै कि वह भविष्य की प्लानिंग में शामिल नहीं हैं। मैनेजमेंट ने इंग्लैंड दौरे के बाद उनसे आगे बढ़ने का मन बना लिया है। हालांकि, वह आगे खेलना चाहते हैं और खासतौर से अपनी फिटनेस पर काम करने के बाद। मगर चयनकर्ताओं ने इस बारे में जानकारी देने के बाद गेंद को रोहित शर्मा के पाले में ही छोड़ दिया और भविष्य पर खुद अंतिम फैसला लेने की बात कही।' रिपोर्ट में यह जानकारी भी सामने आई है कि बीसीसीआई के कुछ अधिकारियों से रोहित शर्मा की बात हुई है। रोहित इस फैसले से नाखुश भी हैं। रोहित शर्मा ने 2024 में टी20 इंटरनेशनल और पिछले साल टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया था। उसके बाद शुभमन गिल को वनडे का कप्तान भी बनाया गया था और रोहित से कप्तानी छिन गई थी।

## बीसीसीआई अध्यक्ष मन्हास ने सचिव सैकिया को आईसीसी में नई भूमिकाओं के लिए बधाई दी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष मिथुन मनहास ने बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की गवर्नेंस रिव्यू कमेटी का चेयरमैन चुने जाने और आईसीसी फ्रेंचाइजी लीग कमेटी का सदस्य नियुक्त किए जाने पर बधाई दी है। स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग में आयोजित आईसीसी की वार्षिक कॉन्फ्रेंस के दौरान सैकिया को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। आईसीसी बोर्ड ने अपनी सालाना बैठकों के दौरान दो नई सब-कमेटी बनाने को मंजूरी दी, जिसमें सैकिया को नई गवर्नेंस रिव्यू कमेटी का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी



गई। वह क्रिकेट साउथ अफ्रीका के मोहम्मद मूसाजी और आईसीसी के स्वतंत्र निदेशक रॉस रिवाज के साथ काम करेंगे। सैकिया को नई फ्रेंचाइजी लीग कमेटी का सदस्य भी बनाया गया है, जिसकी अध्यक्षता बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष तमीम इकबाल करेंगे। इस घोषणा के बाद, मन्हास ने इन नियुक्तियों को क्रिकेट प्रशासन में सैकिया के योगदान की पहचान बताया और खेल के वैश्विक विकास में योगदान देने की उनकी क्षमता पर भरोसा जताया।

इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए, मन्हास ने अपने सहयोगी की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग में हाल ही में हुई आईसीसी सालाना कॉन्फ्रेंस में आईसीसी गवर्नेंस रिव्यू कमेटी का चेयरमैन और आईसीसी फ्रेंचाइजी लीग कमेटी का सदस्य चुने जाने पर बीसीसीआई में मेरे सहयोगी देवजीत सैकिया को बहुत-बहुत बधाई।'

## कप्तान यश के 4 विकेट, लक्ष्य का दोहरा शतक

- फिर भी नहीं जीत पाई भारतीय टीम; पहला टेस्ट मैच ड्रॉ

**नई दिल्ली।** इंडिया अंडर 19 और श्रीलंका अंडर 19 के बीच गॉल में सीरीज का पहला अनाधिकारिक टेस्ट मैच खेला गया। इस मुकाबले में भारत के लिए सागर विर्क ने शतक लगाया। विकेटकीपर बल्लेबाज मानव कृष्णा ने भी शतकीय पारी खेली। लक्ष्य रायचंदानी का दोहरा शतक आया। तीसरी पारी में कप्तान यशबर्धन चौहान ने चार विकेट लेते हुए भारत



को जीत की महक दिला दी थी, मगर समय कम पड़ गया और भारतीय टीम मैच नहीं जीत पाई। आखिरकार चौथे दिन के अंत तक श्रीलंका ने दूसरी पारी में भारत की 152 रन की बढ़त को पार करते



हुए 6 विकेट पर 178 रन बना लिए थे। इसी कारण यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस मुकाबले में श्रीलंका के लिए भी पहली पारी में सेनुजा ने दोहरा शतक लगाते हुए 233 रन की पारी खेली थी। अब इंडिया अंडर 19 की टीम के इस श्रीलंका दौरे पर दूसरा अनाधिकारिक टेस्ट मैच 20 जुलाई से गॉल के इसी मैदान पर खेला जाएगा। इससे पहले तीन मैचों की अनाधिकारिक वनडे सीरीज में भारतीय टीम 1-2 से हार गई थी।

**भारत ने 576 रन बनाकर घोषित की पारी**- भारत ने इस मैच में श्रीलंका के पहली पारी में 424 के जवाब में अपनी पहली पारी में 576 रन बनाए। लक्ष्य रायचंदानी ने 207, सागर विर्क ने 134 और मानव कृष्णा ने 100 रनों की पारी खेली। भारत को पहली पारी के आधार पर 152 रन की लीड मिली थी। फिर श्रीलंका की दूसरी पारी में बल्लेबाजी लड़खड़ाई और भारतीय कप्तान ने गेंदबाजी में जलवा दिखाया।

## इंग्लैंड ने भारत को 4 विकेट से हराया

### सीरीज 1-1 से बराबर; जो रूट 99 रन पर रहे नाबाद

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय श्रंखला का दूसरा मुकाबला कार्डिफ के सोफिया गार्डेंस में खेला गया। इंग्लैंड ने यह मुकाबला 4 विकेट से जीता और सीरीज में 1-1 की बराबरी की।

इस मुकाबले में भारत और जीत के बीच सबसे बड़ी बाधा बने जो रूट जिन्होंने नाबाद 99 रन की पारी खेली। अंत में गस एटकिंसन ने 16 गेंद पर नाबाद 23 रन बनाए।

इस मैच में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 44 ओवर में 233 रन पर सिमट गई। अंत में जसप्रीत बुमराह 13 गेंद पर 20 रन बनाकर नाबाद रहे। श्रेयस अय्यर ने 66 और विराट कोहली ने 65 रनों की पारियां खेली थीं।

इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर और गस एटकिंसन को 3-3 विकेट मिले। वहीं साकिब महमूद ने 2 और विल जैक्स व सैम करन को 1-1 सफलता मिली।

भारत के लिए 2 विकेट गुरनूर बराड़ को मिले, जबकि बुमराह, अक्षर, प्रसिद्ध और शिवम दुबे ने 1-1 विकेट लिया। सीरीज के पहले मैच में भारत ने इंग्लैंड को 6 विकेट से हराते हुए 1-0 की बढ़त बनाई थी। अब सीरीज का निर्णायक मुकाबला 19 जुलाई को भारतीय समय मुताबिक दोपहर 3.30 बजे से लॉर्ड्स में खेला जाएगा।



## एएमएफआई ने म्यूचुअल फंड हस्तांतरण प्रक्रिया को आसान बनाया

एजेंसी समाचार

**मुंबई।** सेबी निर्देश के बाद जिसमें नामांकित व्यक्तियों और कानूनी वारिसों के लिए दावों को आसान बनाने के लिए कहा गया है। उसी को देखते हुए एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) ने निवेशकों की मृत्यु हो जाने के बाद म्यूचुअल फंड इकाइयों के हंस्तारण की प्रक्रिया को सरल बना दिया गया है। एमएमएफआई ने बताया है कि म्यूचुअल फंड इकाइयों निवेशकों की मृत्यु के बाद इकाइयों और प्रोसीड्स क्लेम करने के लिए प्रक्रियों में बदलाव किया गया है। इसका उद्देश्य म्यूचुअल फंड हस्तांतरण इकाइयों के प्रक्रिया को असान बनाना है। यह बदलाव विशेष रूप से ऑपरेशनल परेशानियों को समाप्त करने और यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि मृत्यु होने के बाद निवेशक के वारिसो को आसानी से इकाइयां का क्लेम मिल सके। नियम के अनुसार अगर रिकॉर्ड में दर्ज पता मेल नहीं खाता है, तो परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां (एएमसी) मृतक यूनिट धारक के नए उपलब्ध पते पर संबंधित दस्तावेजों के साथ भरोसा कर सकती हैं। एएमएफआई ने मृतक निवेशक के नाम या हस्ताक्षर में मामूली और बड़े अंतर से निपटने के लिए एक सामांजस्यपूर्ण ढांचा पेश किया है। जिससे यह प्रक्रिया सेबी के फरवरी 2026 के परिपत्र के तहत रिजट्रार और हस्तांतारण एजेंट्स पर लागू प्रावधानों के अनुरूप होगी। यह बदलाव मामूली दस्तावेजों की विसंगतियों के कारण म्यूचुअल फंड निवेश का दावा करते समय परिवार को होने वाले परिचालन संबंधी परेशानियों और चिंता के बाद किए गए हैं। एएमएफआई ने कहा कि वह इन प्रक्रियाओं के एक समान कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए एएमसी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। पते में बदलाव से जुड़े मामलों के लिए किया गया यह बदलाव?

## रिलायंस एडीए से जुड़ी कंपनियों पर सीबीआई का शिकंजा, 15 ठिकानों पर तलाशी अभियान

एजेंसी समाचार

**मुंबई।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को दिल्ली और मुंबई में 15 परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के खिलाफ दर्ज मामलों से संबंधित है। अधिकारियों ने बताया कि ये मामले बैंक निधि की कथित हेराफेरी से जुड़े हैं। इस तलाशी से अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस एडीए समूह पर जांच का शिकंजा और कस गया है।

सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में जानकारी दी कि तलाशी में समूह से संबंधित 23 आपस में जुड़ी संस्थाएं शामिल थीं। ये सभी परिसर मुंबई और दिल्ली के दो प्रमुख शहरों में स्थित हैं। जांच एजेंसी का आरोप है कि इन आपस में जुड़ी संस्थाओं का उपयोग बैंक निधि को मोड़ने के लिए किया गया। आरसीएफएल और आरएचएफएल ने यह निधि उधार ली थी। बाद में इसे अन्य रिलायंस एडीए समूह की कंपनियों में कथित तौर पर स्थानांतरित किया गया। इससे ऋणदाता बैंकों को अनुचित हानि हुई। मुंबई की



एक विशेष अदालत से वारंट प्राप्त करने के बाद यह तलाशी अभियान चलाया गया।

सीबीआई ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम), आरएचएफएल, आरसीएफएल और रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड (आरटीएल) के खिलाफ सात एफआईआर दर्ज की हैं। ये एफआईआर विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एलआईसी से प्राप्त शिकायतों के आधार पर दर्ज की गई हैं। इन शिकायतों में कंपनियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। कंपनियों पर बैंक निधि की हेराफेरी और ऋणदाता संस्थानों को वित्तीय नुकसान पहुंचाने का आरोप है। जांच एजेंसी इन सभी मामलों में गहराई से पड़ताल कर रही है।

इन सात मामलों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एलआईसी को कुल करीब 27,337 करोड़ रुपये की कथित हानि हुई है। सीबीआई ने पहले भी रिलायंस एडीए समूह से जुड़े मामलों में कार्रवाई की है। एजेंसी ने इससे पहले 38 स्थानों पर तलाशी ली थी। इन पूर्ववर्ती मामलों में चार आरोप पत्र भी दाखिल किए जा चुके हैं। सीबीआई ने अब तक कुल सात आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

नवीनतम तलाशी अभियान में तीन व्यक्तियों के परिसर भी शामिल थे। इनमें आरएचएफएल के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी का परिसर शामिल है। रिलायंस एडीए समूह के पूर्व सचिवीय प्रमुख के परिसर पर भी तलाशी ली गई। आरएचएफएल के पूर्व मुख्य कोष सलाहकार के परिसर की भी जांच की गई। इन व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। सीबीआई का मानना है कि ये व्यक्ति कथित निधि हेराफेरी में शामिल हो सकते हैं।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
*नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413







## सोने-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट, तीन सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंचे दाम

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोने का दाम 800 रुपये गिरकर तीन सप्ताह के निचले स्तर 1.45 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि चांदी भी 2,000 रुपये लुढ़की। जानें स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार का हाल।

देश की राजधानी दिल्ली के सरार्फा बाजार में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई। सोने का दाम 800 रुपये कम होकर तीन सप्ताह के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। वहीं, चांदी की कीमत में भी 2,000 रुपये की बड़ी कमी आई। यह गिरावट मुख्य रूप से स्थानीय बाजार में सुस्त मांग के कारण हुई है।

अखिल भारतीय सरार्फा एसोसिएशन के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 800 रुपये की कमी के साथ 1,45,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। गुरुवार, 16 जुलाई 2026 को इसका बंद भाव 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। सभी करों सहित यह दाम लागू हुआ है। चांदी भी 2,000 रुपये गिरकर 2,22,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

पिछले सत्र में, यानी 16 जुलाई 2026 को, सफेद धातु 2,24,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोने का यह स्तर 25 जून 2026 के करीब है, जब इसका भाव 1,45,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। कारोबारियों ने बताया कि दो सत्रों के ठहराव के बाद सोने की कीमतों में फिर से गिरावट शुरू हुई है। चांदी में भी लगातार बिकवाली जारी रही।

राष्ट्रीय राजधानी में 17 जुलाई 2026 को सोने का दाम 800 रुपये कम हुआ। यह गिरावट सोने को तीन सप्ताह के सबसे निचले स्तर पर ले आई है। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का नया भाव 1,45,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया। इससे पहले गुरुवार, 16 जुलाई 2026 को यह 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस दाम में सभी लागू कर शामिल हैं।



चांदी की कीमतों में भी शुक्रवार, 17 जुलाई 2026 को भारी गिरावट देखी गई। सफेद धातु 2,000 रुपये कम होकर 2,22,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में, यानी 16 जुलाई 2026 को, चांदी 2,24,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। यह गिरावट भी स्थानीय बाजार में मांग की कमी के कारण हुई है। कारोबारियों ने बताया कि चांदी में लगातार बिकवाली का दौर जारी है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोने की कीमत में मामूली मजबूती देखी गई। हाजिर सोना 15.42 अमेरिकी डॉलर यानी 0.39 फीसदी बढ़कर 3,992 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गया। यह बढ़ोतरी स्थानीय बाजार के विपरीत रही। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमत में गिरावट आई। चांदी 55.37 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के निचले स्तर पर कारोबार कर रही थी।


जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।